https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रविवार 20 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 103 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.8 | 23.0 |
| डालटनगंज | 34.2 | 24.5 |
| धनबाद | 32.9 | 27.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### झारखंड में मेट्रो रेल परियोजना को लेकर हेमंत सरकार का बड़ा कदम, केंद्र को भेजा

# धनबाद, रांची व जमशेदपुर के लिए मेट्रो का प्रस्ताव

- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने फिलहाल रांची, जमशेदपुर और धनबाद के लिए मेट्रो रेल परियोजना का प्रस्ताव भेजा

**शुभम संदेश। रांची**

पड़ोसी राज्य बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो रेल परियोजना का पहला चरण अपने अंतिम दौर में है. इस बीच, झारखंड में भी मेट्रो रेल शुरू करने की जनभावना तेज हो रही है. इसे ध्यान में रखते हुए हेमन्त सोरेन सरकार ने राज्य के तीन प्रमुख शहरों रांची, जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो रेल परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया है. यह प्रस्ताव केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर और विभागीय सचिव को भेजा गया है. बता दें कि 10 जुलाई को रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष मेट्रो रेल परियोजना का प्रस्ताव रखा. इस प्रस्ताव को अब नगर विकास विभाग ने औपचारिक रूप से केंद्र सरकार को सौंप दिया है. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मेट्रो रेल परियोजना से न केवल शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य में चतुर्मुखी विकास की गति भी तेज होगी.



#### पूर्ववर्ती सरकारों पर साधा निशाना

वित्त मंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले इस तरह की विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे ही नहीं जाते थे. उन्होंने बताया, "देश के दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों की सरकारें बुनियादी ढांचे और विकास से जुड़े प्रस्ताव केंद्र को भेजती थीं, लेकिन झारखंड में ऐसा नहीं होता था." हेमन्त सोरेन सरकार ने इस दिशा में सक्रियता दिखाते हुए न केवल योजनाओं पर मंथन किया, बल्कि उन्हें केंद्र के समक्ष प्रस्तुत भी किया.

**केंद्र से स्वीकृति न मिलने पर संवैधानिक सवाल :** राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यदि केंद्र सरकार मेट्रो रेल परियोजना को स्वीकृति नहीं देती, तो यह संविधान के संघीय ढांचे के खिलाफ होगा. उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है और केंद्र से सहयोग की अपेक्षा रखती है.

**प्रस्ताव में क्या है खास? :** सरकार के नगर विकास विभाग ने केंद्र को भेजे प्रस्ताव में रांची, जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो रेल परियोजना के क्रियान्वयन, फिजिबिलिटी स्टडी और सर्वे की मांग की गई है. प्रस्ताव में केंद्र से आग्रह किया गया है कि इन तीनों शहरों में मेट्रो परियोजना को जल्द स्वीकृति दी जाए, ताकि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा सके.

**झारखंड के लिए मेट्रो का महत्व :** मेट्रो रेल परियोजना को रांची, जमशेदपुर और धनबाद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है. यह न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि शहरी विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति में भी योगदान देगी. हेमन्त सरकार का यह कदम झारखंड को आधुनिक बुनियादी ढांचे की दिशा में एक कदम आगे ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण है.

#### सभी पांच प्रमंडलों में मेट्रो की है संभावना

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एक बातचीत में कहा कि फिलहाल रांची, जमशेदपुर और धनबाद के लिए मेट्रो रेल परियोजना का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच इससे कहीं बड़ी है. उनका मानना है कि भविष्य में राज्य के सभी पांच प्रमंडलीय शहरों में मेट्रो रेल की सुविधा शुरू की जा सकती है. उन्होंने कहा, यह परियोजना झारखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी.

### मंईयां योजना से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती महिलाएं

## 7023 लाभुकों के बीच 1.29 लाख चूजे हजारों बतख व बकरियों का वितरण




**रांची।** झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार मील के पत्थर साबित हो रही है. इस योजना के तहत अकेले रांची जिले में जुलाई माह के दौरान अब तक 7023 लाभुक महिलाओं के बीच कुल 1,29,474 चूजे, 2531 लाभुकों को 40,015 बतख, और 2252 महिलाओं को 5637 बकरियों का वितरण किया गया है. यह जानकारी जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने एक ऑनलाइन समीक्षा बैठक के दौरान दी. उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आजीविका के बेहतर साधन प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है.

**स्वावलंबन की दिशा में तेज़ी से बढ़ रहा कदम :** बैठक में उपायुक्त ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है. उन्होंने लाभुकों के भौतिक सत्यापन को गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी समयबद्ध ढंग से शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें. बैठक में सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, बैंकिंग, उद्योग, जेएसएलपीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे. उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि योजना के तहत लाभुकों को दी जाने वाली सुविधाएं समय पर और पारदर्शी ढंग से पहुंचे.

#### ब्रीफ न्यूज

### अमेरिका :भीड़ में घुसी कार, 20 लोगों को रौंदा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में शनिवार को एक बड़ा हादसा हुआ है. लॉस एंजिल्स के ईस्ट हॉलीवुड इलाके में तेज रफ्तार का कहर देखने का मिला है, जब एक तेज रफ्तार कार भीड़ के अंदर घुस गई. भीड़ के घुसने के बाद कार ने कम से कम 28 लोगों को रौंदकर घायल कर दिया है. सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना में 28 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. इसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. वहीं, करीब 8 से 10 लोग भी गंभीर अवस्था में हैं, जबकि 19 लोगों की हालत सामान्य बताई जा रही है.

### हवन में हड्डियां डाली तो गायब हो जाओगे

**रुद्रपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव में हिस्सा लेते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की. शाह ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जब उत्तराखंड के लोग राज्य की मांग के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब कांग्रेस ने आंदोलनकारियों पर लाठियां चलवाईं. उत्तराखंड का गठन भाजपा और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था. उन्होंने कांग्रेस नेताओं को चेतावनी दी- जब राज्य का भला हो रहा हो, तो उसमें हवन में हड्डियां डालना बंद करो, नहीं तो जो बचे-खुचे दिख रहे हो, वो भी गायब हो जाओगे. यह वह भूमि है जहां एक ज्योतिर्लिंग, तीन शक्तिपीठ, चार धाम, पंच केदार, पंच प्रयाग और सप्त बद्री जैसे पावन स्थल स्थित हैं.

## तेजस्वी ने देश के 35 बड़े नेताओं को लिखी चिट्ठी

**पटना (शुभम संदेश)।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अब चिट्ठियों के जरिए देशव्यापी पहुंच बनाने की कोशिश शुरू की है. उन्होंने देशभर के 35 दिग्गज नेताओं को अंग्रेजी में चिट्ठी लिखी है. चिट्ठी निर्वाचन आयोग की ओर से बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ है. तेजस्वी लगातार इसे गरीब और अनपढ़ मतदाताओं का नाम हटाने की साजिश बता रहे हैं और चूंकि आयोग बिहार के बाद इसे बाकी राज्यों में कराने की तैयारी में है, तो तेजस्वी ने यह पत्र राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत देश के तमाम विपक्षी नेताओं को भेजी है.

### कोचिंग सेंटरों का न हो बाजारीकरणः धनखड़

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कोचिंग सेंटरों के बढ़ते चलन पर चिंता जताते हुए कहा कि कोचिंग कौशल के लिए होनी चाहिए. कोचिंग आत्मनिर्भर बनाने के लिए होनी चाहिए, लेकिन कुछ सीमित सीटों के लिए देशभर में कोचिंग सेंटर अखबारों में विज्ञापन के लिए होड़ कर रहे हैं. बच्चों की तस्वीरें रैंक के साथ प्रकाशित की जाती हैं.

### हजारीबाग : बरही की राधा गोपाल इंडस्ट्री में बॉयलर विस्फोट

## चार लोगों के हताहत होने की आशंका

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

झारखंड के हजारीबाग जिले के बरही क्षेत्र में शनिवार सुबह एक आयरन फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भट्टी फटने से हुए इस हादसे में चार से अधिक लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है, जबकि कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब फैक्ट्री में रोज़ाना की तरह उत्पादन कार्य चल रहा था. अचानक तेज़ धमाके की आवाज़ सुनाई दी, जिसके बाद पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई. फैक्ट्री के बाहर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, लेकिन शुरुआती तौर पर फैक्ट्री प्रबंधन ने गेट नहीं खोला, जिससे लोगों में आक्रोश भी देखा गया.

**पुलिस ने पहुंचकर खुलवाया गेट :** घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फैक्ट्री का गेट खुलवाया. इसके बाद घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. हादसे के बाद प्रशासन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग को अलर्ट मोड पर रखा है ताकि घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके.



## मंत्री इरफान अंसारी ने बेटे का वीडियो वायरल होने के बाद की भावुक पोस्ट, बोले

# मेरे बेटे को गलत तरीके से घसीटा जा रहा

**शुभम संदेश। रांची**

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बेटे का अस्पताल निरीक्षण वाली रील जब वायरल हुई उसे लेकर मीडिया में खबरें चलीं, इसके बाद पिता की तरफ से भावुक बयान सामने आया है. इरफान अंसारी ने बेटे कृष अंसारी को लेकर कई बातें सोशल मीडिया पर कही है. उन्होंने साफ तौर से कहा है कि सच्चाई को समझें – मेरे बेटे कृष को गलत तरीके से घसीटा जा रहा है. मेरे बेटे कृष अंसारी को लेकर जो बातें कुछ मीडिया माध्यमों और राजनीतिक मानसिकता के लोग फैला रहे हैं, वो पूरी तरह निराधार, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण हैं. कृष रिम्स किसी निरीक्षण या नेतागिरी के लिए नहीं गया था. वह तो अपने शिक्षक आदित्य कुमार झा के पिता जी को देखने गया था, जो रिम्स में भर्ती हैं. इसी क्रम में बीती रात कुछ आदिवासी परिवार हमारे आवास पर सहायता के लिए पहुंचे, जो रिम्स में अपने परिजन के इलाज को लेकर बेहद परेशान थे. उनके आग्रह पर ही कृष मानवीय आधार पर वहां गया – किसी की तकलीफ कम करने की कोशिश करने. साथ ही, संयोग से एक वरिष्ठ पत्रकार बंधु के परिजन भी रिम्स में भर्ती थे, जिन्हें भी सहायता की आवश्यकता थी. कृष ने इंसानियत और संवेदनशीलता के भाव से, यथासंभव मदद की – बस इतना ही. लेकिन आज जिस तरह इस घटना को तोड़-मरोड़ कर, राजनीति का रंग चढ़ाकर, बिना तथ्यों के प्रस्तुत किया जा रहा है –



वह बेहद दुखद और चिंताजनक है. कृष एक पढ़ा-लिखा, संवेदनशील और होनहार छात्र है. वह अभी छुट्टियों में रांची आया हुआ है. सेवा की भावना उसके भीतर सहज रूप से मौजूद है – आखिर वह पूर्व सांसद फुरकान अंसारी का पोता है, जिन्होंने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. ऐसे परिवार में जन्मे युवा में जनभावना और सेवा का स्वाभाविक संस्कार होना कोई अचरज नहीं.

लेकिन क्या अब मदद करना भी अपराध है?

कृष बार-बार मुझसे एक ही सवाल कर रहा है –

पापा, क्या लोगों की मदद करना गुनाह है? क्या किसी की तकलीफ देखकर मदद करना नेतागिरी कहलाता है?

यह सवाल मुझे भीतर तक तोड़ देता है.

मेरा बेटा न तो किसी किसान को गाड़ी से कुचलता है,

न ही किसी के मुंह में पेशाब करता है,

और न ही सत्ता के नशे में इंसानियत भूल जाता है.

उसने तो बस एक बीमार को देखा... और मदद की.

क्या अब संवेदनशीलता और करुणा भी अपराध मानी जाएगी?

मैं इस सोच से बेहद व्यथित हूं और सोचने को मजबूर हूं कि

आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है?

क्या हर युवा हाथ जो मदद के लिए उठता है,

अब राजनीति की काली स्याही से रंग दिया जाएगा?

यह हाय-तौबा, यह मानसिकता, समाज के लिए घातक है.

मैं आप सभी से हाथ जोड़ कर निवेदन करता हूं –

कृपया सच्चाई को समझें. राजनीति के चश्मे को उतारें.

यह एक युवा की संवेदनशीलता और सेवा-भावना का अपमान है.

कृष का मन टूटा हुआ है, लेकिन उसके इरादे मजबूत हैं.

आपको बता दें कि इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. जिसके बाद कई तरह के सवाल उठ रहे हैं कि क्या मंत्री के बेटे को इतना अधिकार है कि वह अस्पतालों का निरिक्षण कर सके. इसी बात को लेकर इरफान अंसारी की तरफ से यह भावुक पोस्ट किया गया है.

### मेरी पोस्ट किसी को बदनाम करना नहीं बल्कि सच्चाई दिखाना था : कृष अंसारी

कृष ने कहा है कि उन्हें वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं और कुछ मीडिया वर्गों से विरोध का सामना करना पड़ रहा है. लेकिन उन्होंने साफ किया कि उनकी पोस्ट का उद्देश्य कभी किसी को बदनाम करना या उकसाना नहीं था. उनका कहना है कि उन्होंने केवल उन ज़मीनी सच्चाइयों को दिखाने की कोशिश की जो आम लोग हर दिन झेल रहे हैं, चाहे वो राशन वितरण हो या अस्पतालों की दुर्दशा. सच्चाई से पीछे हटने का मतलब यह नहीं कि मैं हार गया. इसका मतलब बस इतना है कि मैं अब अपनी आवाज़ को सही समय और माध्यम से उठाऊंगा. मक़सद सिर्फ़ जागरूकता फैलाना और उन आवाज़ों के साथ खड़ा होना था जो अक्सर अनसुनी रह जाती हैं. फिलहाल अब सभी की नजरें राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर टिकी हैं कि वे इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं. साथ ही क्या कोई दिशा-निर्देश या कार्रवाई होगी या यह मामला भी वक्त के साथ दब जाएगा?

---

## बड़े साहबों के लिए आईएएस क्लब में बनेगा एक करोड़ की लागत से जिम



**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी रांची के दीनदयाल नगर स्थित आईएएस क्लब में बड़े साहबों के लिए एक करोड़ की लागत से जिम बनेगा. बड़े साहब के आदेश पर जिम बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. कार्मिक विभाग के अधिकारियों को जिम बनाने की आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है. जानकारी के अनुसार कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने दीनदयाल नगर स्थित आईएएस क्लब का निरीक्षण भी किया है. उस स्थान का मुआयना किया है, जहां जिम स्थापित होगा. जिम बनाने पर खर्च होनेवाली राशि राज्य सरकार वहन करेगी.

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिम बनाने पर लगभग एक करोड़ की राशि खर्च की जाएगी. इसमें लगभग 95 लाख रुपए जिम के इक्विपमेंट पर खर्च किए जाएंगे. इसके अतिरिक्त संबंधित भवन के आधारभूत संरचना को जिम स्थापित करने के अनुरूप बनाने पर लगभग पांच लाख रुपए की राशि खर्च होगी. जानकारी के अनुसार बड़े साहबों के स्वास्थ्य को ध्यान में रख कर आईएएस क्लब में जिम बनाया जा रहा है. मोरहाबादी मैदान में आज कल टहलने के समय अत्यधिक भीड़ की वजह से कई बड़े अधिकारी अब आईएएस क्लब परिसर में ही टहलते हैं. मोरहाबादी मैदान में टहलने के दौरान बड़े अधिकारियों को कई तरह की समस्या भी पैदा होती है. वे अपने को आम लोगों के साथ टहलने में अपने को असहज भी महसूस करते हैं. ताक बिठाए कई अधिकारी, व्यवसायी, ठेकेदार और आम लोग भी उन्हें मोरहाबादी मैदान में पकड़ लेते हैं. उनसे अपनी समस्या बताने लगते हैं. अपनी पैरवी करने लगते हैं. इस कारण आईएएस क्लब में ऐसी व्यवस्था की जा रही है ताकि टहलने के लिए उन्हें मोरहाबादी मैदान नहीं जाना पड़े. क्लब में ही टहलने और व्यायाम की पूरी व्यवस्था हो सके.

---

### झारखंड को जापानी निवेश से जल्द ही मिलेगा बूस्ट!

# जेआईसीए, जेईटीआरओ और एनईसी से हुई अहम मुलाकातें

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है. राज्य के उद्योग सचिव अरवा राजकमल के नेतृत्व में झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने जापानी एजेंसियों और कंपनियों के साथ दिल्ली में कई अहम बैठकें कीं. झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (जियाडा) के एमडी वरुण रंजन और उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने जेआईसीए इंडिया की अतिरिक्त मुख्य विकास विशेषज्ञ अदिति पुरी से मुलाकात की. बैठक में औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य अवसंरचना और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई. जेआईसीए ने झारखंड के प्रयासों की सराहना करते हुए इन क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी की गहरी रुचि दिखाई.

**औद्योगिक विकास में रणनीतिक सहयोग देगा जेआईसीए :** बाद में एक बयान जारी करके कहा गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश पर राज्य में विकास योजनाओं को गति देने के उद्देश्य को लेकर उद्योग सचिव अरवा राजकमल और ज़ियाडा के प्रबंध निदेशक श्री वरुण रंजन ने दिल्ली में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ अलग अलग बैठक की. झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में जापानी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी इंडिया की अपर मुख्य विकास विशेषज्ञ अदिति पुरी के साथ एक बैठक की. जिसमें जेआईसीए ने औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य अवसंरचना और कौशल विकास पर झारखंड के कार्यों की सराहना की और रणनीतिक सहयोग की संभावनाओं में गहरी रुचि व्यक्त की. वहीं, उद्योग सचिव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन इंडिया के मुख्य महानिदेशक सुजुकी ताकाशी से मुलाकात की. जेईटीआरओ ने झारखंड को जापानी निवेशकों से जोड़ने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है. दोनों पक्ष नए निवेश अवसरों को खोलने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों पर सहमति बनी है.



### जेईटीआरओ से झारखंड को जापानी निवेशकों से जोड़ने पर सहमति

इसी कड़ी में, राजकमल ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जेईटीआरओ) इंडिया के मुख्य महानिदेशक सुजुकी ताकाशी से भी मुलाकात की. जेईटीआरओ ने झारखंड को जापानी निवेश से जोड़ने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. दोनों पक्षों ने संयुक्त रूप से आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने और निवेश के नए अवसर तलाशने पर सहमति व्यक्त की.

### एनईसी कॉर्पोरेशन के साथ डिजिटल साझेदारी की ओर कदम

झारखंड के रेजिडेंट कमिश्नर अरवा राजकमल ने झारखंड भवन, नई दिल्ली में एनईसी कॉर्पोरेशन के कॉर्पोरेट रणनीति के एवीपी रयोहेई आइबा की मेजबानी की. बैठक में कई उभरते क्षेत्रों पर चर्चा हुई. जैसे-

- आईओटी आधारित समाधान
- दुर्लभ मृदा खनिजों के लिए डिजिटल तकनीकों का प्रयोग
- झारखंड में जापानी भाषा अकादमी की स्थापना

एनईसी ने झारखंड की डिजिटल परिवर्तन यात्रा में सहभागी बनने की गहरी इच्छा व्यक्त की और इसे दीर्घकालिक साझेदारी के रूप में देखा.

---

## एक नजर

### अजय राय ने दिया न्योता, हिंदी साहित्य गोष्ठी 27 को, मुख्य अतिथि होंगी मंत्री दीपिका पांडे

**रांची।** हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश इकाई तथा केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 27 जुलाई रविवार को रांची स्थित पुराना विधानसभा सभागार, सेक्टर 2 में एक दिवसीय हिंदी साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय है — भारतीय ज्ञान परंपरा और हम. इस महत्वपूर्ण साहित्यिक आयोजन के लिए झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति की स्वीकृति प्रदान की है. रांची स्थित आवास पर कार्यक्रम के संयोजक अजय राय से मुलाकात के दौरान उन्होंने इस आशय की सहमति दी. इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हिंदी साहित्य की समकालीन प्रासंगिकता और भविष्य पर केंद्रित इस पहल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं. ऐसे प्रयास हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं. गोष्ठी में प्रदेश और देशभर के साहित्यकार, शिक्षाविद, चिंतक, मीडिया प्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राएं भाग लेंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य की सामाजिक भूमिका, भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान में प्रासंगिकता, तथा युवाओं में वैचारिक जागरूकता का विस्तार करना है.



### नगर निकाय चुनाव टालने पर हाईकोर्ट ने सरकार को मारा तमाचा : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव नहीं कराने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर नाराज़गी जताई है. कोर्ट ने इसे संविधान पर सीधा हमला बताया है. हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद बाबूलाल मरांडी ने भी कांग्रेस-झामुमो गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला है. बाबूलाल मरांडी ने कहा, नगर निकाय चुनाव टालने पर उच्च न्यायालय ने सरकार को करारा तमाचा मारा है. राज्य के कई निकायों का कार्यकाल पांच साल पहले ही खत्म हो चुका है, फिर भी चुनाव नहीं कराए गए. पूरे राज्य में निकायों को सिर्फ प्रशासकों के भरोसे चलाया जा रहा है. उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का आरोप लगाते हुए कहा कि, परिवारवाद की राजनीति करने वाली सरकार ने शहरी नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर दिया है. गंदगी, टूटी सड़कों और अव्यवस्था से जनता परेशान है, लेकिन सरकार राजनीतिक कारणों से चुनाव नहीं करा रही है. मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटने वाली सरकार को जनता कभी माफ नहीं करेगी.



### आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी को नहीं मिली अभियोजन स्वीकृति

**रांची।** राज्य सरकार ने मनी लाउंड्रिंग के आरोपी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति नहीं दी है. ईडी ने सरकार से मनी लाउंड्रिंग के आरोपों के मद्देनजर अभियोजन स्वीकृति मांगी थी. 120 दिनों बाद भी सरकार से जवाब नहीं मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिटीशन दायर कर न्यायालय से सरकार की तरफ से जवाब नहीं मिलने को अभियोजन स्वीकृति मानने का अनुरोध किया है. ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में करीब पांच महीना पहले राज्य सरकार से पूजा सिंघल के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी थी. नवंबर 2024 से पहले तक मनी लाउंड्रिंग के आरोप में किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार से अभियोजन स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं होती थी. इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी. सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई के बाद नवंबर 2024में दिये गये फैसले में सरकारी अधिकारियों के ख़िलाफ़ मुकदमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति को आवश्यक बताया था.



---

## आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय बढ़ोत्तरी पर नहीं हुआ तीन माह बाद भी कोई फैसला

**शुभम संदेश। रांची**

कैबिनेट के निर्णय के तीन महीने बाद भी राज्य में कार्यरत आउट सोर्स कर्मियों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हो सकी है. क्योंकि मानदेय में वृद्धि के लिए वित्त विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार की अध्यक्षता वाली कमेटी की ही कोई बैठक नहीं हुई. इस कमेटी में जैप आईटी के सीईओ, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के उप सचिव रेज्युस बाढ सदस्य हैं. मालूम हो कि 22 मई 2025 को राज्य मंत्रिपरिषद ने आउट सोर्स कर्मियों की नियुक्ति व सेवा शर्तों को लेकर झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एंड सर्विस मैन्युअल को मंजूरी दी थी। इस मैन्युअल का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा समय समय पर तकनीकी कर्मियों, यथा कंप्युटर ऑपरेटर, डाटा एनालिस्ट, प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर एवं समूह



घ के आदेशपाल, चालक, सफाई कर्मियों की सेवा शर्तों को पारदर्शी बनाना है. साथ ही इन कर्मियों के मानदेय में आवश्यक वृद्धि करनी है. वित्त विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार की अध्यक्षता वाली कमेटी को मानदेय वृद्धि पर फैसला लेना है. जानकारी के अनुसार कमेटी की बैठक में महंगाई दर में हुई वृद्धि को आधार बनाते हुए अलग अलग संवर्ग के आउट सोर्स कर्मियों के लिए नये मानदेय की अनुशंसा करनी है. लेकिन कमेटी की बैठक नहीं होने से पूरा मामला ज्यों कि त्यों फंसा है. जबकि आउट सोर्स पर राज्य में लगभग 15-20 हजार कर्मी कार्यरत हैं. इन कर्मियों के लिए वर्षों पहले राज्य सरकार द्वारा जैप आईटी के माध्यम से मानदेय का दर निर्धारित किया गया था. उसी दर पर उन्हें वर्षों से मानदेय का भुगतान किया जा रहा है. उस दर में भी आउट सोर्स पर कर्मियों को उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों द्वारा एक निश्चित राशि की कटौती कर ली जाती है. साथ ही कर्मियों को समय पर मानदेय का भुगतान भी नहीं हो रहा है. इपीएफ में समय पर संबंधित एजेंसियों द्वारा राशि जमा नहीं की जा रही है. इसके साथ साथ जैप-आईटी द्वारा इंपैनल्ड एजेंसियों के इतर भी कुछ सरकारी विभागों और संस्थाओं द्वारा अपने तरीके से कर्मी रखे जा रहे हैं. कई तरह की विसंगतियां है, जिसे दूर करने के लिए ही यह मैन्युअल बनाया गया है. लेकिन कमेटी की बैठक नहीं होने से मैन्युअल का लाभ आउट सोर्स कर्मियों को नहीं मिल रहा है.

### कांग्रेस भवन में कल इरफान सुनेंगे जनता की फरियाद

**रांची।** 21 जुलाई सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी अपराह्न 2:30 बजे से कांग्रेस भवन में आयोजित जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनेंगे. यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस द्वारा जनता के समस्याओं को नजदीक से जानने एवं उसके निराकरण के लिए प्रयास करने की दिशा में लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका लाभ आम जनता को सीधे तौर पर हो रहा है. सरकार गठन के प्रारंभ से ही कांग्रेस जन समस्याओं के समाधान के प्रति अति गंभीरतम रूख अपनाये हुए हैं. कांग्रेस द्वारा प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार के आयोजन का निर्णय लिया गया है. इसी कड़ी में सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री जनता से रूबरू होंगे. उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रारंभ होने के पहले अपनी समस्याओं को रखने के पूर्व लोगों को कार्यालय में आवेदन एवं उचित दस्तावेज के साथ सूचीबद्ध कराना होगा, ताकि उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निदान किया जा सके.

## जनता के नकारने से विचलित हो गए हैं बाबूलाल मरांडी: कांग्रेस

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर पर तंज कसते हुए शनिवार को कहा कि भाजपा को जनता ने नकार दिया है तो बाबूलाल जी अपना रोष अब जनता पर उतार रहे हैं. अगर कोई व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हुआ है तो मानवीय संवेदना के तहत सबसे प्राथमिक कर्तव्य आम जनता का भी होता है, वहां जो उपलब्ध साधन हो उससे पीड़ित व्यक्ति को अविलंब नजदीक के अस्पताल में पहुंचाकर तत्काल उपचार प्रारंभ कराया जाए. उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं की मानवीय संवेदनाएं मर चुकी हैं. वह किसी के जीवन को बचाने की पहल करने पर साधुवाद देने की बजाय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी पर मिथ्या आरोप लगाना उनकी विध्वंसक मानसिकता का परिचय देता है. आम जनता के जीवन का मूल्य कांग्रेस ही समझ सकती है. भाजपा नेताओं को आम लोगों से कोई मतलब नहीं है. जिस जगह पर दुर्घटना हुई थी वहां पर यदि एंबुलेंस का इंतजार किया जाता, तो वहां एंबुलेंस पहुंचने में कम से कम 15 से 20 मिनट लगते तब तक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की स्थिति गंभीरतम हो सकती थी इसलिए उपलब्ध साधनों से उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. कांग्रेस की कार्यशैली यही रही है कि हम दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उपलब्ध संसाधनों से इलाज मुहैया कराते हैं ना कि एम्बुलेंस,बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज़ का इंतजार करते हैं. हमारे लिए व्यक्ति की जान ज्यादा कीमती है वह किसी कीमत पर बचना चाहिए. आलोचनाओं से हम नहीं डरते, भाजपा की आलोचना हमारे लिए गहने के समान है जिसे हम प्रतिदिन उड़ते हैं और इससे हमें जनता के लिए काम करने का संबल मिलता है.

---

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र, कहा

# 13300 करोड़ रुपए माफ किए जाएं

- उग्रवाद को जड़ से समाप्त करना राज्य एवं केंद्र की संयुक्त ज़िम्मेवारी

**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को शुक्रवार देर रात एक पत्र लिख कर केंद्र सरकार द्वारा झारखंड राज्य में नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने हेतु केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के एवज़ में कुल 13,299.69 करोड़ रुपए लंबित बकाया राशि के भुगतान राज्य सरकार से किए जाने के अनुरोध पर इसे पूर्ण रूप से वेव-ऑफ करने का अनुरोध किया है. उल्लेखनीय है कि उग्रवाद की समस्या को जड़ से समाप्त करना राज्य एवं केंद्र सरकार की संयुक्त ज़िम्मेवारी है. कोविड -19 महामारी के पश्चात राज्य सरकार आर्थिक पुनरुत्थान करने, आपदाओं से निपटने तथा अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जुटी हुई है अपने सीमित संसाधनों के कारण राज्य पर वित्तीय भार अधिक बढ़ गया है, ऐसे में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के विरुद्ध लंबित राशि के भुगतान करने पर राज्य सरकार पर एक बड़ा वित्तीय बोझ पड़ेगा, जिससे फलस्वरूप विकास योजनाएं प्रभावित होंगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराते हुए कहा है कि राज्य गठन के समय से ही झारखंड अति उग्रवाद प्रभावित राज्य रहा है. नक्सल उन्मूलन अभियान में राज्य सरकार द्वारा अपने उपलब्ध संसाधनों एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के सहयोग से नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जाता रहा है, जिसके फलस्वरूप राज्य में उग्रवादी गतिविधियों में काफ़ी कमी आयी है. इस अभियान में झारखण्ड राज्य अंतर्गत अब तक कुल 400 से भी अधिक पुलिस पदाधिकारी/कर्मी कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हो चुके हैं. उपयुक्त परिपेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया है कि नक्सल उन्मूलन अभियान में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति में संबंधित प्रतिधारण शुल्क को सहकारी संघवाद के सिद्धांत के तहत पूर्ण रूप से वेव-ऑफ करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए. उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इस दिशा में केंद्रीय गृह मंत्री का सकारात्मक दृष्टिकोण एवं सहयोग राज्य की जनता को अवश्य प्राप्त होगा तथा राज्य अपने आर्थिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा.



### लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत बने कांग्रेस के मीडिया के पर्यवेक्षक

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शनिवार को लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को झारखंड के लिए मीडिया और सोशल मीडिया का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. जारी एक पत्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने लोहरदगा सांसद से कहा है कि वे सोशल मीडिया विभाग को मार्गदर्शन देंगे ताकि पार्टी की मौजूदगी को मीडिया और सोशल मीडिया में विस्तार दिया जा सके. साथ ही आम जनता के बीच कांग्रेस के प्रति विश्वास को और गहरा किया जा सके. इस संबंध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की तरफ से शनिवार शाम को पत्र जारी कर दिया गया है.



### प्रियंका गांधी को बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर ऐसे घेरा

## सोनिया दरबार पहुंच रहा झारखंड के दलित-आदिवासियों के अधिकार का पैसा

**शुभम संदेश। रांची**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे की शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के लोग इसे बीजेपी की साजिश बता रहे हैं. कांग्रेस सांसद प्रियंगा गांधी वाड्रा ने इसे लेकर एक्स पर पोस्ट किया. उसपर रिप्लाई करते हुए झारखंड के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में आपकी सहयोगी झामुमो-कांग्रेस सरकार आज तक पेसा अधिनियम को लागू नहीं कर पाई है, राज्य में एनजीटी के दिशा-निर्देशों की खुलेआम अनदेखी करते हुए बालू, कोयला और पत्थर की अंधाधुंध लूट जारी है. यहां के गरीब, दलित और आदिवासी समाज के अधिकारों का पैसा दिल्ली के 'सोनिया दरबार' में पहुंच रहा है. बाबूलाल ने आगे कहा, यदि वास्तव में आपको पर्यावरण और प्रकृति से लगाव है, तो पहले झारखंड में पेसा अधिनियम लागू करवाइए और यहां के जंगलों को उजड़ने से बचाइए. भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने के लिए पर्यावरण के नाम पर दिखावटी राजनीति करना बंद कीजिए. प्रियंका गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा, भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडानी जी को समर्पित कर दिए हैं. पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जंगलों को तबाह किया जा रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे. उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने उनके घर पर छापा मारा और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया. पिछले 11 सालों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं. लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है. कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल जी के साथ मजबूती से खड़ा है.





संगीता बिजलानी के फार्महाउस में घुसे चोर, तोड़फोड़ करने के साथ की चोरी

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रविवार 20 जुलाई 2025, श्रावण कृष्ण पक्ष दशमी, संवत 2082





पेज 12

# बेलगड़िया को रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता : सचिव

### खास बातें

- सुगम ट्रांसपोर्टेशन के लिए चलेंगे ई-रिक्शा, बढ़ाए जाएंगे बसों के फेरे
- समय सीमा में काम संपन्न कराने के लिए तैयार है कार्य योजना



**शुभम संदेश। धनबाद**

झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शनिवार को बेलगड़िया टाउनशिप का भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव ने बेलगड़िया फेज 5, आंगनबाड़ी के लिए चिह्नित जमीन, नया प्राथमिक विद्यालय झरिया विहार बेलगड़िया, स्वास्थ्य उप केंद्र बेलगड़िया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय छाताटांड़ बेलगड़िया, आरएसपी कॉलेज, बेलगड़िया टाउनशिप अंतर्गत निर्मित तालाब, पार्क निर्माण के लिए चिह्नित भूमि, मेगा स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाने के लिए चिह्नित भूमि, मल्टी स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट समेत अन्य परिसरों का निरीक्षण किया. (शेष पेज-7 पर)

### सचिव को कराया समस्याओं से रूबरू

मुख्य सचिव ने कहा कि बेलगड़िया भ्रमण के दौरान लोगों ने कुछ समस्याओं से रूबरू कराया. जिसमें जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य इत्यादि के संबंध में बताया गया. उनकी सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर दिया जाएगा. भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग, के आयुक्त पवन कुमार, उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, बीसीसीएल के निदेशक (तकनीकी ऑपरेशन) संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी, प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग) मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, जेआरडीए सलाहकार डीएन माहापात्रा, एसडीपीओ सिंदरी सत्यम आशुतोष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### साहेब... तैरा लीजिये मानसून की फाइलें



धनबाद में शनिवार को हुई बारिश में कुछ ऐसा नजारा पेश किया, जिससे नगर निगम की पोल खुल गई. तालाब जैसा दृश्य धनबाद के कई पॉश इलाकों में देखा गया, सड़क पर खड़ी गाड़ियां तक डूब गईं और लोग बेबस दिखे.

## अब घर बैठे कर सकेंगे केस फाइल, जान सकेंगे अपडेट

- धनबाद में अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों को दी गई ई -फाईलिंग की ट्रेनिंग

**शुभम संदेश। धनबाद**

ई-कोट्र्स भारत में न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटलीकरण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की एक पहल है .यह परियोजना ई-गवर्नेंस के तहत न्यायपालिका में पारदर्शिता, दक्षता और तेजी लाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2007 में शुरू की गई है. इसके तहत न्यायालयों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल दस्तावेज़ प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है. उपरोक्त बातें शनिवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित ई कोर्टस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा. इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीषरंजन ने किया.अधिवक्ता एवं लिपिकों को संबोधित करते हुए धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि ई -कोर्ट सेवा का उद्देश्य लंबित मामलों को कम करने और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना, नागरिकों की पहुंच आसान बनाना, लोगों को घर बैठे अपने केस की स्थिति जानने, (शेष पेज-11 पर)

## हादसे में भाजपा नेता अश्विनी की मौत

### अमरनाथ यात्रा का प्रसाद वितरण कर लौट रहे थे, खड़े हाइवा से टकरा गई उनकी कार

- आक्रोशित लोगों ने कर दिया सड़क जाम, सांसद ढुल्लू महतो भी मौके पर पहुंचे

**शुभम संदेश। टुंडी**

टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ पर संग्रामडीह विवेक लाइन होटल के समीप सड़क दुघर्टना में जिला भाजपा युवा नेता की मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ को जाम कर दिया है. सूचना पर धनबाद सांसद ढुलू महतो भी पहुंचे. बताया जाता है बरवाटांड गांव के मधुसूदन मंडल का 35वर्षीय बड़ा पुत्र अश्विनी मंडल अमरनाथ यात्रा कर दो दिन पहले ही लौटा था. इसी



का प्रसाद वितरण करने के लिए अपनी कार से टुंडी गया था और वहां से लौट रहा था. तभी संग्रामडीह विवेक होटल के पास कार अनियंत्रित होकर एक खड़े हाइवा से जा टकराया, जहां उसकी दर्दनाक मौत हो गई. अश्विनी धनबाद जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य था. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व नेताओं में से धनबाद भाजपा जिला युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष मनीष साव, टुंडी प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विजय मंडल, जिप सदस्य प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की, मुखिया जयनारायण मंडल, की अगुवाई में टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ को जाम कर दिया. सूचना मिलने पर टुंडी थानेदार उमाशंकर, अंचलाधिकारी जितेन्द्र प्रसाद पहुंचे पर ग्रामीण अपनी कई मांगों को लेकर सड़क पर अडिग थे, इधर जानकारी मिलने पर धनबाद के सांसद ढुलू महतो पहुंचे व पीड़ित परिवार के सरकारी मुआवजा व अन्य मांग की बात प्रशासनिक अधिकारियों के समीप रखी व आश्वासन के बाद सड़क जाम को हटा दिया गया. अश्विनी के दो छोटे छोटे बच्चे हैं, घटना के बाद उनके स्वजनों के क्रंदन चित्कार से हर किसी के आंख से आंसू गिर रहे थे. घटना के बाद लगभग तीन घंटे सड़क जाम रहा. सड़क जाम के दौरान होटल संचालक कामेश्वर मंडल पर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के सामने आरोप लगाया कि होटल संचालक द्वारा अपनी दबंगई के जोर पर कई वाहनों को हमेशा सड़क पर खड़ा करवा देता है. जिससे आई दिन दुर्घटनाएं होती है .यह बात सुनकर होटल संचालक बिदक गया व प्रतिकार करने पर उग्र भीड़ ने उनके साथ धक्का-मुक्की भी कर दी.

## चिटफंड एजेंट की हत्या करने वाला निवेशक गिरफ्तार

- रकम डूबने पर खफा था निवेशक अशोक, पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी किया बरामद

**शुभम संदेश। बरवाअड्डा**

चिटफंड कंपनी में निवेश करने वाले सपनपुर ग्राम निवासी अशोक मंडल ने शुक्रवार को जयपुर निवासी कामेश्वर मंडल पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी. इस मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और वारदात में प्रयुक्त सामान भी बरामद कर लिए हैं. वारदात की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मामले की खबर पाकर पुलिस उपनिरीक्षक रॉबिन्सन मुंडरी और सहायक उपनिरीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में सशस्त्र बल घटनास्थल पर पहुंचा. जांच में पाया गया कि अशोक मंडल, पिता स्व. गोखुल मंडल, ग्राम सपनपुर, थाना बरवाअड्डा, जिला धनबाद ने कामेश्वर मंडल, पिता स्व. गौर चंद्र मंडल, ग्राम जयपुर, थाना बरवाअड्डा, जिला धनबाद पर कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल को स्थानीय लोगों ने एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. मामले की जांच के लिए पुलिस उपनिरीक्षक सोमेश्वर कुमार सिंह को अस्पताल भेजा गया.




## सांसद ढुल्लू महतो की कथित कब्जे वाली जमीन पर जिच बरकरार

**दरीदा पंचायत के लोगों ने की प्रेस वार्ता, कहा**

# पैसे के लालच में सरयू राय को कर रहा बदनाम

शुभम संदेश। बरोरा



बाघमारा प्रखंड के दरीदा मौजा अंतर्गत दरीदा, मुराईडीह और सिंदुआरटांड के रैयत ग्रामीणों ने शनिवार को दरीदा में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर धनबाद सांसद ढुलू महतो और उनके समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए. ग्रामीणों ने कहा कि शुक्रवार को तिलका मांझी सेवा स्मारक समिति के नाम पर कुछ लोगों के द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता सांसद ढुलू महतो के इशारे पर गोपाल महतो द्वारा पैसे का लालच देकर करवाई गई थी. रैयतों का दावा है कि ढुल्लू महतो व उसके समर्थक तरह-तरह के हथकंडे अपना कर सरकार व प्रशासन को गुमराह करने और रैयतों के हक की लड़ाई को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं. ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 8 सालों से वे अपनी जमीन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन इस दौरान कभी तिलका मांझी सेवा स्मारक समिति का नाम सामने नहीं आया. अब जब प्रशासन ढुल्लू की कब्जे वाली जमीन को लेकर सजग हुआ है, तब ऐसी संस्था के नाम पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है. ग्रामीणों ने विधायक सरयू राय का समर्थन करते हुए कहा कि सरयू राय गरीबों, किसानों, और रैयतों के हक की लड़ाई हमेशा लड़े हैं और उनके प्रयास से ही रैयतों को उनके हक अधिकार मिलने की आसा की किरण जगी है. इसके साथ ही विधायक राय की पहल पर ढुल्लू की करतूत भी उजागर हो रही है, जिससे ढुल्लू व उनके समर्थकों में बेचैनी बढ़ गई है. इसलिए विधायक सरयू राय को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है. ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि सरकारी जांच और नापी के दौरान कभी इस ढुल्लू द्वारा काल्पनिक संस्था का जिक्र नहीं हुआ. जब कानून द्वारा ढुल्लू की कब्जे वाली जमीन अतिक्रमण मुक्त होने का नौबत आई तो ढुल्लू व उसके समर्थक तिलका मांझी स्मारक समिति का काल्पनिक समिति बनाकर भोलेभाले ग्रामीणों को चंद पैसा का लालच देकर शासन प्रशासन को दिग्भ्रमित करने में लगे हैं. अगर निष्पक्षता से शासन प्रशासन की कार्रवाई हुई तो हम रैयतों को अपना अधिकार मिलेगा. इसके साथ ही सांसद ढुल्लू के काले कारनामों का भी किला ध्वस्त होना शुरू हो जाएगा क्योंकि अगर शासन प्रशासन हम रैयतों को अधिकार दिलाती है तो बाघमारा सहित धनबाद जिले के ऐसे कई रैयतों को ढुल्लू के गलत कार्यों से लड़ने का बल मिलेगा. जनता का कानून पर भरोसा और भी मजबूत होगा.प्रेस वार्ता में अमित महतो, नमदाल मांझी, मंजूर अंसारी, परवेज अंसारी, सगिरुद्दीन अंसारी, मोइन उद्दीन अंसारी, सदानंद राय, धनंजय राय, बैजू राय, मोती राय, मनोज राय, अजय राय, कविता देवी, ललिता देवी, बलराम महतो, उमा देवी, धनेश्वर महतो, मधुसूदन महतो सहित अन्य रैयत मौजूद थे.

### शुभम संदेश ने उठाया है मुद्दा

रैयतों के जमीन विवाद को लेकर शुभम संदेश ने हमेशा प्रखरता के साथ इस गंभीर मुद्दे से जुड़ी हर बात को रखने का काम किया है. इस बार भी सचिव के आदेश से संबंधित खबर को सिर्फ शुभम संदेश ने प्रकाशित किया है. चाहे बात विधायक सरयू राय की हो या रैयतों की, सभी बातों को हमने जनता के सामने पूरी बेबाकी से रखा है. एक बार फिर जिला प्रशासन इस विवाद के खात्मे की तैयारी में है. उम्मीद है कि सालों पुराने विवाद का जल्द निष्पादन होगा.

## ब्रीफ खबरें

### शारदा नंद को झरिया सीओ ने किया नोटिस

**झरिया।** जोड़ापोखर थाना की जमीन पर दावा करने के आरोप में झरिया के शारदानंद सिंह को झरिया सीओ ने नोटिस जारी किया है. झरिया सीओ मनोज कुमार ने शारदानंद सिंह को आदेश दिया है कि वे एक सप्ताह के भीतर जमीन के कागजात प्रस्तुत करें. सीओ ने कहा कि जोड़ापोखर थाना की जमीन, जो जोड़ापोखर मौजा नंबर 110, प्लॉट नंबर 832, रकबा 2.5 कट्ठा है.इस संबंध में शारदानंद सिंह ने 30 अप्रैल 2012 को दावा किया था कि यह जमीन खरीदी गई है. उक्त भूमि गैर-आबाद खाते की है. यदि 26 जुलाई तक कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए, तो दाखिल-खारिज को रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी.

### अखिल भारतीय किसान सभा का सम्मेलन दिल्ली में

**गोमो।** अखिल भारतीय किसान सभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली स्थित अजय भवन में 21 एवं 22 जुलाई 2025 को होगा. इस सम्मेलन में झारखंड से प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता व महामंत्री व झारखंड आंदोलनकारी पुष्कर महतो भाग लेंगे एवं प्रदेश के किसानों की मूलभूत समस्याओं के संदर्भ में विचार रखेंगे. इस सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसानों के ऊपर हो रहे अन्याय, शोषण, दमन एवं अत्याचार के खिलाफ चर्चा किया. उक्त जानकारी अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने दी. देश में किसानों की जमीनों को कॉरपोरेट लूट रहे हैं. किसानों को उनकी जमीन से बेदखल ना किया जाए, किसान हैं तो वन पर्यावरण जीव जंतु सुरक्षित हैं. किसान खुशहाल रहेगा तो देश खुशहाल रहेगा.

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**चिरकुंडा।** मानव सेवा ही परम सेवा की भावना के तहत जुनकुंदर फाटक स्थित डॉ. अंबेडकर हाई स्कूल प्रबंधन द्वारा शनिवार को विद्यालय प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपना स्वास्थ्य जांच कराई. शिविर में जेपी हॉस्पिटल, धनबाद से आए डॉ. एम. कुमार एवं उनकी टीम द्वारा लोगों की जेनरल जांच के साथ-साथ ब्लड प्रेशर और शुगर की भी जांच की गई. डॉ. कुमार ने बताया कि मरीजों को प्राथमिक जांच के बाद आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं. विद्यालय के निदेशक रामानंद सिंह ने जानकारी दी कि ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं की कमी को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष स्कूल प्रबंधन द्वारा इस तरह के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है. शिविर में जांच के साथ दवाओं की भी व्यवस्था की गई थी.

### सुशांतो सेन का जन्मोत्सव मनाया

**निरसा बाजार।** निरसा पाण्ड्रा मोड़ भाजपा पार्टी कार्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निरसा के लाल, गरीब शोषित वंचित युवाओं के प्रेरणा स्रोत अमर शहीद सुशांतो सेनगुप्ता का 69 वां जन्म उत्सव मनाया गया. निरसा पाण्ड्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण तथा मरीजों के बीच फल वितरण किया जाएगा. इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चिरकुंडा डब्लू बाउरी,गौतम सेनगुप्ता,अनिल यादव जी,मनोज सिंह सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे.

## जीटी रोड में पशु तस्करी का भंडाफोड़, कंटेनर में थे एक सौ पशु

# मैथन में गोरक्षा दल ने पकड़ा मवेशी भरा कंटेनर

**खास बातें**

- पूर्व विधायक ने सरकार पर लगाया आरोप
- कोयला, बालू और पशु तस्करी पर लगाए रोक





शुभम संदेश। मैथन

गोरक्षा दल के निरसा प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत दास एवं अन्य सदस्यों के द्वारा शनिवार की अहले सुबह करीब चार बजे के आस पास एनएच-19 मैथन ओपी क्षेत्र में गोवंश लदा एक कंटेनर को पकड़ मैथन ओपी को सुपुर्द किया गया.वहीं इस संबंध में गोरक्षा दल के निरसा प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत दास ने बताया कि पकड़े गए कंटेनर में लगभग एक सौ से ज्यादा गोवंश लोड किया गया था जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग बिहार,झारखंड होते हुए पश्चिम बंगाल पहुंचाया जा रहा था. उन्होंने यह भी बताया कि इसके पीछे एक बहुत बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा है और रोजाना इस रास्ते से पिकअप बैन,ट्रक,एवं कंटेनर के माध्यम से बड़े पैमाने में गोतस्करी का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है. जिसमें न सिर्फ बाहर के बल्कि कुछ स्थानीय गो तस्कर भी अहम भूमिका निभा रहे हैं. पकड़े गए कंटेनर को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

### सरकार करा रही तस्करी : अपर्णा

इस मामले के भंडाफोड़ होने के बाद पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने भी गो तस्करी के खिलाफ मोर्चा संभाला है. उन्होंने कहा कि हमलोगों के द्वारा लगातार गौतस्करी का विरोध किया जाता है परंतु वर्तमान झारखंड सरकार के समयकाल में गोतस्कारी,कोयला तस्करी,बालू तस्करी चरम सीमा पर है. उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि गौतस्करी पर अविलंब रोक लगाने का प्रयास करे अन्यथा पुरजोर विरोध के साथ आंदोलन किया जाएगा.

### बच्चा चोर के संदेह में एक धराया

**बरवाअड्डा (शुभम संदेश)।** शनिवार की दोपहर बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रडीह में ग्रामीणों ने अनवर अंसारी नामक व्यक्ति को बच्चा चोर होने के संदेह में पकड़ लिया. पूरे क्षेत्र में बच्चा चोर पकड़ने की बात फैल गई. बरवाअड्डा पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर अनवर अंसारी को भीड़ से मुक्त करा कर थाना ले आई. इस संबंध में ग्रामीण कारु पासी ने बरवाअड्डा थाना प्रभारी रजनीकांत को बताया कि उसका बेटा राहुल घर के बाहर खेल रहा था. खेलते खेलते वह दौड़ कर घर में घुस कर अपनी मां को बताया कि बाहर एक व्यक्ति उसे चॉकलेट दिखाकर अपने पास बुला रहा है. यह बात सुन वो घर से बाहर निकला तो वह व्यक्ति भागने लगा. तब हम लोगों ने उसे खदेड़ कर पकड़ा और इसकी तलाशी ली. तलाशी में उसके पास से कुछ चॉकलेट, खेल में उपयोग किए जाने वाले नोट और दो तीन सौ रुपए उसके पॉकेट से निकला. चॉकलेट निकलने पर ग्रामीणों ने उसे बच्चा चोर कहते हुए दबोच लिया. सूचना पर पंचायत के मुखिया श्यामपद मंडल, आरोपी का भाई आदि थाना पहुंचकर पुलिस को बताया कि और वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है. वह पॉकेट में चाकलेट रखता है और बच्चे दिखाता. पुलिस ने अनवर अंसारी को पीआर बांड भरवा कर परिजनों को सौंप दिया और अनवर अंसारी की ईलाज कराने की सलाह दी.

## न्यूज अपडेट

### सहायक अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने टुंडी विधायक को सौंपा ज्ञापन



**कतरास (शुभम संदेश)।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले चल रहे राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत सहायक अध्यापकों केएक प्रतिनिधिमंडल ने टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के आवास में मुलाकात की. इस दौरान उन लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में मांग पत्र सौंपा.सहायक अध्यापकों का नेतृत्व कर रहे चंदन मोदक ने जानकारी देते हुए कहा कि सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा सहायक अध्यापकों की मांगों को लेकर शनिवार को सत्ता पक्ष और रविवार को विपक्ष के विधायकों को मांग पत्र सौंपेगा. इसके बावजूद अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा. मौके पर अशोक चक्रवर्ती, चंदन मोदक, नवीन सिंह, रमेश सिंह, छोटन राम, मनोज राय ,रविंद्र महतो, मोतीलाल महतो, तरुण कुमार, अजय साहू, सोमशेखर शर्मा के अलावे दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे.

### अवैध उत्खनन के दौरान हादसा, एक की मौत

**निरसा (शुभम संदेश)।** ईसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत निरसा राजा कोलियरी ओसीपी आउटसोर्सिंग के तहत चल रहे निजी कंपनी के खनन स्थल पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. अवैध उत्खनन के दौरान अचानक ज़मीन धंसने से विशाल नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. युवक न्यू धमाल निवासी बताया जा रहा है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह करीब 11 बजे उस समय हुआ जब कुछ ग्रामीण अवैध रूप से कोयला निकाल रहे थे. इसी दौरान मिट्टी धंस गई और विशाल उसकी चपेट में आ गया. इस घटना को लेकर स्थानीय मुखिया दिनेश सिंह ने गहरी नाराजगी जताई और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दिन-रात अवैध कोयला उत्खनन जारी है. पिकअप गाड़ियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर कोयले की तस्करी हो रही है, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है. कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है. स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

### पबजी खेलने का आदि युवक फंदे से झूला



**पुटकी (शुभम संदेश)।** करकेंद न्यू सुदामडीह कॉलोनी में शुक्रवार की रात 17 वर्षीय युवक युवराज सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सुबह उसका शव कमरे में एक एंगल के सहारे साड़ी के फंदे से लटकता मिला. युवक डीएवी अलकुसा में 10 वीं का छात्र था. हाल के कुछ महिनों में दोस्तों के चक्कर में ऑन लाइन गेमिंग पगजी खेलने के चक्कर में पड़ गया था. पिता अनिल सिंह सिजुआ एरिया के वासुदेवपुर कोलियरी में कार्यरत हैं.पिता के अनुसार रात सवा नौ बजे करकेंद मोड़ स्थित एक दुकान जाकर आइसक्रीम खाया था. रात करीब दस बजे कमरे में अकेले सोने चला गया. अंदर से दरवाजा बंद कर लिया.शनिवार की सुबह ड्यूटी जाने के लिए आवाज देकर चाभी मांगी कोई जबाब नहीं मिला तो कमरे में झांक कर देखा.लड़का बेड पर नहीं दिखा, शक होने पर दरवाजा नीचे से तोड़कर कमरे में अंदर गए. कमरे में साड़ी के सहारे फन्दे के सहारे शव लटक रहा था. लोगों ने आनन फानन में शव को नीचे उतारा. तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. घटना की सूचना पुटकी पुलिस को दी गई.

### ओरिएंटेशन और लीडरशिप पर कार्यशाला



**पुटकी (शुभम संदेश)।** ओरिएंटेशन व लीडरशिप प्रोग्राम के तहत पीबी एरिया ऑफ़सर्स क्लब में कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के प्रशिक्षक आईआईटी-आईएसएम के पूर्व प्रबन्धीय संकाय के विभागाध्यक्ष डा प्रमोद पाठक थे. जिन्होंने कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागियों से मोटिवेशन , टीम बिल्डिंग और प्रसन्नता पर वक्तव्य साझा किया. कार्यशाला का उद्घाटन प्रो प्रमोद पाठक, पीबी एरिया के जीएम धर्मेन्द्र मित्तल व अन्य विभागध्यक्षों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम का संचालन एपीएम अभिषेक राय एवं धन्यवाद ज्ञापन एजीएम आरके शर्मा ने किया. कार्यक्रम में लगभग 60 अधिकारियों ने हिस्सा लिया.

### इंदिरा चौक हादसे का मूल कारण कोयला चोरी

**झरिया (शुभम संदेश)।** इंदिरा चौक फुलारीबाग में हुए दर्दनाक हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए झरिया के पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बीसीसीएल पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि पिता-पुत्र के ज़मीन में धंसने के बावजूद बीसीसीएल और प्रशासन गंभीर नहीं है. उन्हेंने कहा कि अवैध उत्खनन और कोयला चोरी इस हादसे के मूल कारण हैं. दावा किया कि धनुडीह मोहरी बंध क्षेत्र के अवैध मुहानों से कोयले की चोरी कर भूगर्भ को अंदर से इतना खोखला कर दिया गया है कि गुजराती स्कूल, प्रियदर्शिनी स्कूल और आसपास की घनी आबादी वाले क्षेत्र में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. पूर्व पार्षद ने जिला प्रशासन, सीआईएसएफ से अवैध मुहानों को तुरंत बंद कराने, अवैध धंधेबाजों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाए.

**झरिया पुनर्वास मुद्दे पर सेवानिवृत्त जजों की कमेटी बने :** विस्थापन नीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 2009 के झरिया मास्टर प्लान के लिए स्वीकृत 7112 करोड़ की पुनर्वास योजना असफल रही. संशोधित योजना में 5940 करोड़ की मंजूरी मिली है, पर स्थानीय लोगों को जीविका नहीं मिलने पर वे खतरे वाले क्षेत्र में ही रहने को मजबूर होंगे. अनूप साव ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की कि विस्थापन नीति तभी सफल होगी जब प्रभावित लोगों को झरिया क्षेत्र में ही पुनर्वासित किया जाए. साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि पूरे कोयलांचल की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र कमेटी बनाई जाए, जिसमें स्थानीय प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए.

## दामोदर पुल मंदिर जाने वाले रास्ते में 11 हजार तार पर गिरा पेड़



शुभम संदेश। महुदा

बिजली विभाग, एनएचएआई, प्रसाशन व अशोका बिल्डकॉन कम्पनी की लापरवाही ग्राम रक्षा दल और दामोदर पुल के बीच मंदिर जाने वाले मुख्य सड़क के उपर 11 हजार वोल्ट का बिजली तार पर पेड़ गिरा दिख रहा है. जिसकी जानकारी रहने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी बेपरवाह कुम्भकर्णी के नींद सौ रहे हैं. अभी सावन का महीना है. इसी रास्ते से शिवभक्त दामोदर नदी से जल ग्रहण कर शिव शक्ति धाम तेलमोचो और चिड़का धाम जल चढ़ाने के लिए जाएंगे. दुर्भाग्य से इसी बीच यदि तार टूटकर नीचे गिर गया तो एक बहुत बड़ा हादसा हो सकता है. इस का जिम्मेवार कौन होगा ? इस सम्बन्ध में कनीय अभियंता सोनु सांमड़ से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है. जल्द ही उसे ठीक कर दिया जायेगा.

# चिरकुंडा में डाक्टर के घर से 15 लाख के जेवरात की चोरी

## नौकरानी पर संदेह, थाने में शिकायत, छानबीन में जुटी पुलिस

शुभम संदेश। चिरकुंडा

चिरकुंडा थाना अंतर्गत सीएमडब्लूओ कालोनी निवासी निवासी डा. मल्लिक के घर में उनके यहां कार्य करनेवाली कथित दाई द्वारा नगद 30 हजार रू सहित करीब 15 लाख रू सोने के जेवरात की चोरी कर ली गई.इसकी लिखित शिकायत मलिक ने चिरकुंडा थाना में की है.

शिकायत मिलने के बाद चिरकुंडा पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर जांच पड़ताल की.डा मल्लिक ने कहा कि वे क्लिनिक चलाते हैं. उन्होंने कहा कि उनके घर में करीब एक वर्ष से ज्यादा समय से चिरकुंडा थाना स्थित ब्रह्मस्थान निवासी टेंपू हाड़ी की पत्नी 27 वर्षिय ललिता हाड़ी की माली हालत अच्छी नहीं होने के कारण दाई के काम के लिए आग्रह किया था.

इसके बाद वह अपने घर में झाड़ू पोंछा के लिए स्थानीय होने एवं जान पहचान होने की वजह से किसी प्रकार का कोई वेरिफिकेशन नहीं कराया गया था. इसी बीच ललिता हांड़ी का बात विचार एवं रहन-सहन ठीक लग रहा था, उसको काम पर रख लिया गया. मल्लिक ने कहा कि 18 जुलाई को काम करने के बाद शाम में वह घर से चली गई व 19 जुलाई शनिवार को घर में काम करने नहीं आई तो फोन से बात किया किया तो कहा कि हम धनबाद आ गए हैं. इसके बाद मेरी पत्नी झाड़ू लगा रही थी तो पलंग के नीचे जेवरों की खाली डब्बा नजर आया तो पत्नी को शक हुआ.

तब छानबीन की तो पाया कि शोकेस में रखी नगद रकम और जेवरात गायब हैं. उन्होंने आरोप लगाया है कि उसके यहां काम करने वाली दाई ललिता हाड़ी ने जेवर एवं नगदी पर हाथ साफ की है.सोने के जेवरात में सोने का चूड़ी 4 पीस,अंगूठी 9 पीस, झुमका 2 पीस कान का, रिंग 2 पीस कान का, टॉप्स 2 पीस कान का,टाना 2 पीस आदि चोरी हो गई.

## राजगंज-तेतुलमारी मुख्य सड़क की हालत जर्जर

# विरोध में उग्र लोगों ने की धनरोपनी

शुभम संदेश। तेतुलमारी



सिजुआ तेतुलमारी राजगंज सड़क मार्ग के गया पुल में पानी जमाव जर्जर अवस्था को लेकर शनिवार को स्थानीय ग्रामीण युवकों ने विरोध स्वरूप सड़क पर धनरोपनी की. युवकों ने बताया कि पुल के नीचे मार्ग में पानी जमाव, जर्जर अवस्था के कारण आये दिन दोपहिया वाहन, टोटो अन्य वाहन गिरकर व पलटी मारकर दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं. बारिश होने के बाद पुल मे करीब दो से तीन फीट पानी जमाव हो जाता है. रांची बोकारो के बस समेत अन्य वाहन पुल में हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं. स्थानीय युवकों ने जिला प्रशासन से पुल के नीचे जमाव पानी की निकासी तथा जर्जर सड़क को मरम्मति करने की मांग की, बावजूद आज तक स्थिति नहीं सुधरी.धनरोपनी में बबलू महतो, राजकुमार महतो, अर्जुन महतो, विक्रम महतो, राहुल यादव, शंकर कुमार, युगल महतो, विशाल आदि शामिल थे.

## डीएवी बनियाहीर में दो दिवसीय क्लस्टर लेवल वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू

शुभम संदेश। झरिया

शनिवार को डीएवी बनियाहीर में दो दिवसीय क्लस्टर लेवल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया. यह खेल डीएवी प्रबंधकर्ता समिति के मार्गदर्शन में खेला जा रहा है. इस प्रतियोगिता में डीएवी के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले दस विद्यालयों की 25 टीम ने भाग लिया. प्रतियोगिता में 14,17 और 19 वर्षीय बालक-बालिका वर्ग के अंतर्गत लगभग 250 प्रतिभागी अपने क्रीड़ा कौशल का प्रदर्शन कर रहे. इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य सैयद एजाज़ अहमद उपस्थित रहे. विद्यालय की 12वीं छात्रा अनन्या मिश्रा ने प्रतिभागियों को सहयोग की भावना, निष्ठा और निष्पक्षता के साथ खेलने की शपथ दिलाई. खेल का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य सैयद एजाज़ अहमद के उद्बोधन से हुआ. प्राचार्य ने खेल को खेल की भावना से खेलने की बात कही.कहा कि खेल आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को विकसित करता है.सर्वांगीण विकास के लिए शरीर और मन दोनों का स्वस्थ होना आवश्यक है. खेल हमारे स्वस्थ मनोरंजन का माध्यम तो है ही साथ ही साथ यह हमारे मन मस्तिष्क और शरीर को भी स्वस्थ रखता है. दो दिवासीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का पूर्व समापन हो गया. जिसका परिणाम इस प्रकार से है.

बालिका वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता-

14 वर्षीय बालिका वर्ग –
विजेता- डीएवी लोदना ,उप विजेता- डीएवी सिंदरी

17 वर्षीय बालिका वर्ग –
विजेता- डीएवी कुसुंडा , उप विजेता- डीएवी सिंदरी

19 वर्षीय बालिका वर्ग-
विजेता- डीएवी लोदना, उप विजेता- डीएवी सीएफआरआई

बालक वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता-

14 वर्षीय बालक वर्ग –
विजेता- डीएवी सिंदरी ,उप विजेता- डीएवी लोदना
तृतीय स्थान-डीएवी सीएफआरआई, चतुर्थ स्थान-डीएवी अलकूसा

17 वर्षीय बालक वर्ग –
विजेता- टाटा डीएवी जामाडोबा ,उप विजेता-डीएवी कुसुंडा
तृतीय स्थान-डीएवी लोदना, चतुर्थ स्थान-डीएवी बरोरा

19 वर्षीय बालक वर्ग-
विजेता- डीएवी अलकूसा ,उप विजेता-डीएवी सीएफआरआई
तृतीय स्थान-डीएवी कोयलानगर, चतुर्थ स्थान डीएवी लोदना

प्राचार्य महोदय ने विजेता व उपविजेता टीम के प्रतिभागियों को पदक और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया.

## मेडिकेंट हॉस्पिटल पर लापरवाही से मौत का आरोप : बालमुचू

रजत नाथ




**बोकारो।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आदिवासी सेल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचू शनिवार को बोकारो परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में मेडिकेंट सुपर स्पेशियलिस्ट कैंसर हॉस्पिटल, सेक्टर-12, एनएच-23, बियाडा कॉलोनी पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि अस्पताल की लापरवाही से एक आदिवासी महिला की जान चली गई है और इस मामले में अस्पताल पर एफआईआर दर्ज की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल इलाज के नाम पर लूट मचा रहा है और वह स्वास्थ्य मंत्री से इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित करने की अनुशंसा करेंगे.

**डॉक्टर की लापरवाही से आदिवासी महिला की मौत का आरोप :** बालमुचू ने बताया कि गोड्डा जिले के पड़ैयाहाट विधानसभा निवासी प्रभात सोरेन की पत्नी सबीना किस्कू को पथरी जैसे छोटे ऑपरेशन के लिए मेडिकेंट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ डॉक्टर की लापरवाही से सबीना किस्कू की मौत हो गई. उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल ने इसके लिए किसी तरह का मुआवजा नहीं दिया. बालमुचू ने कहा कि वह इस घटना की जांच के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और बोकारो के उपायुक्त को पत्र लिखेंगे, ताकि मरीज के परिजनों को अस्पताल प्रबंधन से उचित मुआवजा मिल सके. बालमुचू ने आगे बताया कि वह पीड़ित परिवार से मिलने वाले थे, लेकिन वे दाह संस्कार के लिए पड़ैयाहाट गाँव गए हुए हैं. उन्होंने विस्तार से बताया कि मेडिकेंट अस्पताल में डॉक्टर द्वारा एक आदिवासी महिला की हत्या कर दी गई. सबीना किस्कू को 7 जुलाई को एडमिट किया गया था और उसी दिन जूनियर डॉक्टर से रंगीन सीटी स्कैन किए बिना किडनी में स्टोन का ऑपरेशन किया गया.

**ब्लैकमेलिंग और धमकी का भी आरोप :** बालमुचू के अनुसार, दूसरे ही दिन प्रभात सोरेन को बुलाकर डराया-धमकाया गया और कहा गया कि अंतिम समय में तुम यहां एडमिट करने आए हो, इसलिए मरीज की हालत ठीक नहीं है. ऑपरेशन के समय आंत सटा हुआ होने के कारण आंत कट गया है. यह दो-तीन दिन जिंदा नहीं रह सकती. कहीं भी तुम जाओगे तो तुमको हम लोग फंसा देंगे. बालमुचू ने कहा कि सीधा-साधा आदिवासी परिवार चुपचाप लाश लेकर अपने घर चला गया. उस महिला का एक छोटा बच्चा है, और यह हत्या अस्पताल और डॉक्टर की लापरवाही से हुई है. उन्होंने जोर दिया कि किसी भी हालत में इस अस्पताल को छोड़ा नहीं जाएगा.

**इलाज के नाम पर लूट और न्याय दिलाने का संकल्प :** बालमुचू ने बताया कि अस्पताल के मालिक एक पूर्व विधायक हैं. उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का इस तरह का पैसे के लिए लोगों को हत्या कर देना, कहीं से भी उचित नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल इलाज के नाम पर लूट मचा रहा है. पथरी जैसे छोटे ऑपरेशन बाहर में 50 हज़ार के आसपास हो जाते हैं, लेकिन मेडिकेंट ने इस ऑपरेशन के नाम पर दो लाख रुपये भी ले लिए और मरीज की मौत भी हो गई. बालमुचू ने कहा कि अस्पताल आदिवासियों को लूटने का काम कर रहा है और कांग्रेस पीड़ित आदिवासी परिवार को न्याय दिलाने का काम करेगी. प्रेस वार्ता में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मृत्युंजय शर्मा, मनोज कुमार और कौशल किशोर भी मौजूद थे.

कलयुगी बाप बना बेटी का दुश्मन !

## पिता और सौतेली मां पर मारपीट और खाना नहीं देने का आरोप

शुभम संदेश। तिसरी (गिरिडीह)



तिसरी थाना क्षेत्र के भंडारी पंचायत के भंडारी निवासी काजल कुमारी ने अपने पिता विनोद बढ़ई और सौतेली मां पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तिसरी थाने में आवेदन दिया है. काजल कुमारी का कहना है कि उनकी माँ का देहांत बचपन में ही हो चुका था. माँ के देहांत के बाद उनके पिता ने दूसरी शादी कर ली और ससुराल में रहने लगे. काजल तिसरी मुख्यालय स्थित कस्तूरबा विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही थी. इसी दौरान उनके पिता और सौतेली माँ भंडारी स्थित घर में रहने लगे. काजल का आरोप है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद जब वह घर गईं, तो माता-पिता द्वारा उन्हें न तो खाना दिया जाता है और न ही घर में रहने दिया जाता है. साथ ही, हमेशा उनके साथ मारपीट की जाती है. अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को भी वे लोग मारपीट करने लगे और उन्हें कमरे में सोने नहीं दिया, जिसके कारण उन्हें घर के बाहर बरामदे में सोना पड़ा. काजल के साथ फरियाद लेकर आई उनकी दादी ने भी अपने बेटे और बहू की करतूतें बताईं. उनका भी आरोप है कि बेटा और बहू हमेशा गाली-गलौज करते रहते हैं. इस संबंध में काजल के पिता विनोद बढ़ई ने फोन पर बताया कि बिजली कनेक्शन को लेकर वे अपनी माँ से बात कर रहे थे. उस वक्त उन्होंने बेटी को एक थप्पड़ मारकर धक्का दिया, क्योंकि बेटी बीच में आकर उन पर पहले हाथ उठाई थी. उन्होंने कहा कि उसकी सौतेली मां ने कभी हाथ नहीं उठाया है. बहरहाल, मामला पुलिस के संज्ञान में है और जाँचोपरांत ही हकीकत सामने आ पाएगी.

### ब्रीफ खबरें

### एम्बुलेंस की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-बोआरीजोर मुख्य पथ पर दनवार बैंक ऑफ बड़ौदा सीएसपी के पास देर रात एक एम्बुलेंस की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस भागलपुर हॉस्पिटल से एक मरीज का इलाज कराकर अपने घर राजमहल लौट रहा था. इसी दौरान दनवार बैंक ऑफ बड़ौदा सीएसपी के समीप अचानक एक बैल रास्ते में आ गया. बैल एम्बुलेंस के टायर के अंदर फँस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पशुपालक टोनटोला निवासी मंजय मड़ैया ने बताया कि वह इसी बैल से हल जोतकर खेती-बाड़ी करते थे. अब बैल की मौत के बाद उन्हें खेती करने में परेशानी उठानी पड़ेगी. घटना की सूचना मिलते ही एएसआई प्रभा शंकर दुबे सहित अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुँचे. उन्होंने एम्बुलेंस से मरीज को उतारकर दूसरे एम्बुलेंस से उसके घर भेजा.

### संभावित बाढ़ को लेकर डीसी ने लिया जायजा

**साहिबगंज।** जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त हेमंत सती ने बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा की. इस दौरान, उपायुक्त ने गंगा नदी के जल स्तर में हो रही बढ़ोतरी का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया और कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की योजना पहले से तैयार रखी जाए. उपायुक्त ने बाढ़ संभावित इलाकों में बोट, नाव, जीवन रक्षक उपकरण और राहत सामग्रियों की उपलब्धता की जानकारी ली और आवश्यकतानुसार संसाधनों की व्यवस्था करने को कहा. साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम की तैनाती, दवा और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. जन प्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन को सामंजस्य के साथ कार्य करने की अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए ज़िला प्रशासन पूरी तरह से सजग है.

### बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर संगोष्ठी

**बोकारो।** बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस के 56वें वर्ष के उपलक्ष्य में स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया, सेक्टर 4 शाखा परिसर में झारखंड प्रदेश बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन, बोकारो जिला द्वारा बैंक राष्ट्रीयकरण जयंती समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर चास और बोकारो के विभिन्न बैंकों के प्रमुख प्रतिनिधियों और आम सदस्यों के बीच एक संगोष्ठी हुई. इस गोष्ठी में चास-बोकारो में कार्यरत बैंकों के कर्मियों और अधिकारियों के प्रमुख संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम सदस्यों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिसमें महिला साथियों की उपस्थिति विशेष थी. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बोकारो ज़िला संयोजक सिद्धेश नारायण दास ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बैंक राष्ट्रीयकरण के महत्व पर प्रकाश डाला.

### डीसी ने चंद्रशेखर दुबे को दी श्रद्धांजलि

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने बी.एस. सिटी के सेक्टर-3 स्थित दिवंगत नेता चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. उपायुक्त ने दिवंगत नेता के सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें जनसेवा को समर्पित व्यक्तित्व बताया. इस सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित थे.

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गिट्टी तस्करी करता ड्राइवर गिरफ्तार



शुभम संदेश। गोड्डा

गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर अवैध तरीके से गिट्टी की तस्करी करने का एक बड़ा मामला सामने आया है. इस फर्जीवाड़े से सरकारी राजस्व की चोरी कर सरकार को चूना लगाने का खेल लंबे समय से चल रहा था. बीते शुक्रवार देर रात पुलिस द्वारा पकड़े गए ट्रक के कागजात की मिलान के बाद इस धोखाधड़ी का खुलासा हुआ. घटना की जानकारी देते हुए ललमटिया थाना प्रभारी रौशन कुमार ने बताया कि 18 जुलाई की रात करीब बारह बजे गुप्त सूचना मिली कि पड़ोसी ज़िले से गिट्टी लेकर गोड्डा ज़िले के बोआरीजोर क्षेत्र की ओर आ रहे एक एलपी ट्रक (सोलह चक्का) में फर्जी नंबर लगाया गया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए, वरीय अधिकारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद ग्राम बांसडीहा के समीप पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग शुरू की गई. इसी क्रम में गिट्टी लदे एलपी ट्रक को रोका गया, जिसके नंबर प्लेट पर जेएच12पी 9987 अंकित था. ड्राइवर से गिट्टी का चालान और गाड़ी के कागजात मांगे जाने पर उसने अस्पष्ट जानकारी दी. पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर ड्राइवर ने अपना नाम सुनील कुमार यादव (पिता नारायण प्रसाद यादव, ग्राम बहुआरा, थाना सिरदल्ला, जिला नवादा, बिहार) बताया. ड्राइवर ने खुलासा किया कि गाड़ी का वास्तविक नंबर जेएच02बीटी 9987 है. घटना को लेकर ललमटिया पुलिस द्वारा कांड संख्या 59/25 दर्ज कर आरोपी ड्राइवर सुनील कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि गाड़ी मालिक की तलाश जारी है. छापेमारी दल में थाना प्रभारी रौशन कुमार के अलावा पुअनि अंकित कुमार झा, धनंजय मांझी सहित अन्य कई पुलिसकर्मी शामिल थे.

### गोमिया नक्सल मुठभेड़ के बाद हथियार और विस्फोटक बरामद



**बोकारो।** जिला मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने जानकारी दी कि 16 जुलाई, 2025 को गोमिया थानांतर्गत बिरहोरडेरा के जंगली क्षेत्र में संयुक्त बलों और नक्सली दस्ता के बीच मुठभेड़ हुई थी. उक्त घटना के बाद से गोमिया थाना क्षेत्र के जंगली इलाके में लगातार सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में 18 जुलाई, 2025 को गोमिया थानांतर्गत काशीटांड जंगल में सुरक्षा बलों, यथा- कोबरा-209 बटालियन और जिला बल द्वारा संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया. इस अभियान के दौरान एसएलआर राइफल 1, एसएलआर गोली 20, इंसास की मैगज़ीन 1, एसएलआर मैगज़ीन 1, कोडेक्स वायर 2 बंडल, डेटोनेटर 1 अदद बरामद किए गए.

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

**बोकारो।** बालीडीह थाना क्षेत्र से चोरी हुई एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है. इस मामले में चोरी के आरोपी तौकीर अनवर सैयद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. जानकारी के अनुसार, 18 जुलाई, 2025 को आवेदक जमील अख्तर अंसारी (पिता- खलील अंसारी, साकिन- मखदुमपुर, थाना- बालीडीह, जिला- बोकारो) ने एक लिखित आवेदन दिया था. इसमें उन्होंने बताया था कि उनकी मोटरसाइकिल जेएच09बीई-3189 उनके घर के पास से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है. इस आवेदन के आधार पर बालीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया. मामले के उद्भेदन और चोरी की गई वाहन की बरामदगी के लिए एक टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया और इसमें संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया.

### न्यूज अपडेट

### बेटे के बाद लकवाग्रस्त पिता की मौत

**गिरिडीह (शुभम संदेश)।** तिसरी प्रखंड के सिंगारडीह गांव में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. डेढ़ महीने पहले बेटे मुकेश राय की बीमारी से मौत के सदमे से उबर भी न पाया था कि अब लकवाग्रस्त पिता बाबूलाल राय (58) का भी संदेहास्पद परिस्थितियों में निधन हो गया. बाबूलाल राय की मौत के बाद उनकी पत्नी रधिया देवी सदमे से अचेत हो गईं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. परिजनों के अनुसार, बाबूलाल की तबीयत बेटे की मौत के बाद से ही खराब चल रही थी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. घटना की सूचना पर तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार, जिप सदस्य रामकुमार राउत और मुखिया प्रतिनिधि महेश राउत ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी. उल्लेखनीय है कि मुकेश की मौत पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी परिवार से मिलने पहुंचे थे और आर्थिक सहयोग दिया था. परिवार पर यह दोहरी मार तब पड़ी है जब दूसरा बेटा चार दिन पहले ही रोजगार के लिए चेन्नई गया है.

### अनियंत्रित होकर पलटी ऑटो, महिला घायल



**डुमरी (शुभम संदेश)।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के टेंगराखुर्द के पास सवारियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में ऑटो में सवार सभी लोग टेम्पो सहित सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे. स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और डुमरी रेफरल अस्पताल भेजा, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक महिला को धनबाद रेफर कर दिया गया. घायलों में अनु कुमारी, शोभा कुमारी, यशोदा देवी सभी ग्राम तिलैयाटांड़ निवासी तथा गीता देवी टेंगराखुर्द निवासी शामिल हैं. बताया जाता है कि सभी टेम्पो में सवार होकर डुमरी थाना क्षेत्र के भरखर काली पूजा करने के लिए जा रहे थे. इसी दौरान टेंगराखुर्द मोड़ के पास टेम्पो अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया. ग्रामीणों द्वारा इस घटना की सूचना निमियाघाट पुलिस को दे दी गई है. सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया.

### सड़क मरम्मत को लेकर कांग्रेस नेता ने सौंपा ज्ञापन



**तिसरी (शुभम संदेश)।** कांग्रेस नेता करण यादव ने तिसरी-खिजूरी मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर उपायुक्त के नाम तिसरी बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा है. इस संबंध में कांग्रेस नेता करण यादव ने बताया कि यह सड़क दो राज्यों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है और अभी सावन का पवित्र महीना चल रहा है. इस इलाके के लिए यह सड़क देवघर और नवादा आवागमन का प्रमुख रास्ता है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के अंदर सड़क की मरम्मती नहीं की गई, तो वे बाध्य होकर धरना पर बैठेंगे. करण यादव ने कहा कि इस सड़क पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं और इसकी स्थिति इतनी खराब है कि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है, इसलिए इसकी जल्द से जल्द मरम्मत जरूरी है. इस मौके पर लारेन्स गंगाराम टुडू, रामेश्वर चौधरी और मो. इम्तियाज भी मौजूद थे.

## चंद्रशेखर दुबे के निधन पर यूनियन कार्यालय में शोकसभा

शुभम संदेश। बोकारो



बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन कार्यालय में शनिवार को इंटक के अध्यक्ष, स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर यूनियन पदाधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय श्रमिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. शोकसभा के दौरान दिवंगत दुबे के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की. शोकसभा में इंटक के महामंत्री एन.जी. अरुण, उपाध्यक्ष आर.एन. चौबे, धीरज प्रसाद साहू, प्रदेश इंटक के अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा, मृत्युंजय शर्मा, बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज बी.के. तिवारी, अधिशासी निदेशक (एचआर) राजेश्वरी बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक ए.के. शरण, महाप्रबंधक प्रभाकर, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारीगण, आरसीएमएस (राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ) के ललन चौबे, वरुण सिंह, इस्राफील अंसारी, तरपदो ढिबर, बोकारो जिला कांग्रेस, आरजेडी (राष्ट्रीय जनता दल) के अध्यक्ष, बोकारो स्थित सभी यूनियन के पदाधिकारियों सहित कोल, सेल एवं बोकारो-धनबाद के हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

## बोकारो विधायक ने उठाया विकास का मुद्दा, उपायुक्त से मुलाकात

शुभम संदेश। बोकारो



बोकारो की विधायक श्वेता सिंह ने उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास पर चर्चा की. उन्होंने एक मेमोरेंडम सौंपकर लंबित परियोजनाओं, विशेषकर भूमि अधिग्रहण और फंडिंग से जुड़ी समस्याओं को उठाया. विधायक ने नया मोड़ बस स्टैंड को आधुनिक और एकीकृत बस टर्मिनल बनाने का सुझाव दिया, क्योंकि वर्तमान बस स्टैंड जर्जर है.

इसके साथ ही स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए 5 एकड़, महाविद्यालय छात्रावास के लिए 1 एकड़, पर्यटन रिसॉर्ट के लिए 1.5 एकड़, इनडोर स्टेडियम के लिए 1 एकड़, कला भवन के लिए 1 एकड़, महिला महाविद्यालय के लिए 5 एकड़ और स्थानीय अखाड़ा जैसी कई योजनाओं के लिए भूमि चिन्हांकन और एनओसी प्रक्रिया में तेज़ी लाने का आग्रह किया. 6-7 हज़ार विद्यार्थियों वाले एस.एस. कॉलेज के लिए सीएसआर फंड से नया भवन बनाने की मांग की. खनन से प्रभावित गैर-पंचायत क्षेत्रों को भी डीएमएफटी की परिधि में शामिल करने का आग्रह किया, ताकि उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाएँ मिल सकें. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, पेयजल, स्कूल चहारदीवारी, पुस्तकालय, हाई मास्क लाइट्स और पुलिया-कलवर्ट निर्माण जैसे पूर्व अनुशंसित कार्यों में तेज़ी लाने को कहा. निर्मल कुष्ठ ग्राम, कुर्मीडीह कोर बस्ती और मनसा सिंह गेट के पास बसे परिवारों के स्थायी और सम्मानजनक पुनर्वास की आवश्यकता पर जोर दिया. होम गार्ड्स को और अधिक जिम्मेदारियां सौंपने की भी मांग की.

### विद्यार्थियों को मिली उच्च शिक्षा और भविष्य के अवसरों की जानकारी

## डीपीएस में करियर मार्गदर्शन दिवस

शुभम संदेश। बोकारो



12वीं कक्षा के बाद विभिन्न विश्वविद्यालयों में उपलब्ध पाठ्यक्रमों और उनसे संबंधित करियर के विविध अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो में एक विशेष आयोजन किया गया. आई एजुकेशनलाइज नामक समन्वयक संस्था के सहयोग से उच्चतर शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन दिवस मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय में एक करियर मेला लगाया गया, जिसमें देशभर के लगभग एक दर्जन नामचीन विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को करियर के विविध पहलुओं की जानकारी दी. साथ ही, उन्हें कौशल विकास, तकनीक के नए क्षेत्रों, आत्म-जागरुकता एवं व्यक्तित्व-विकास, इंटरव्यू की तैयारी, छात्रवृत्ति आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया. उद्घाटन सत्र में देहरादून से पहुँचे डॉ. दीपक कौशल ने मशीन लर्निंग, ग्राफिक्स और एआई के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया. पुणे से आए असिस्टेंट प्रोफेसर अमोल चिंचोलकर ने आर्ट डिज़ाइन एवं तकनीक के क्षेत्र में भारत एवं विदेशों में अवसरों के बारे में बताया. वहीं, बेंगलुरु से पहुंचे तन्मय डे ने बदलते समय के साथ शैक्षणिक परिदृश्यों में आए बदलावों तथा इससे उत्पन्न चुनौतियों की चर्चा की. उन्होंने विद्यार्थियों की सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता एवं कौशल विकास की महत्ता को भी रेखांकित किया. अंतः क्रिया सत्र के क्रम में विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाएँ भी शांत कीं. करियर मेले के दौरान एक ही छत के नीचे छात्र-छात्राओं को 12वीं के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग और सिविल सेवाओं के अलावा प्रबंधन, विधि, वाणिज्य, डिज़ाइनिंग, ग्राफिक्स, मल्टीमीडिया, पत्रकारिता व जनसंचार, विमानन आदि के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों की अद्यतन जानकारी दी गई. मौके पर संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा ऑन-दी-स्पॉट आवेदन भी उपलब्ध कराए गए. इस कार्यक्रम के बारे में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को करियर के विभिन्न आयामों से अवगत होने का अवसर प्रदान करते हैं. उन्होंने जोर दिया कि उज्ज्वल भविष्य-निर्माण के लिए वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में बच्चों का करियर के हर क्षेत्र से अपडेट रहना जरूरी है. इसी उद्देश्य से डीपीएस बोकारो की ओर से इस प्रकार के जागरुकतापरक आयोजन किए जाते रहे हैं, जिसका विद्यार्थियों को लाभ भी मिलता रहा है.

### जीजीपीएस के तीन छात्रों का प्लेसमेंट

**बोकारो (शुभम संदेश)।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज, बोकारो में हुए कैंपस प्लेसमेंट में पावरिका लिमिटेड कंपनी ने कॉलेज के तीन छात्रों का चयन किया है. चयनित छात्रों को 25,000/- प्रति माह स्टाइपेंड और आवास सुविधा प्रदान की जाएगी. चयनित छात्रों में विक्रांत कुमार (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), प्रत्युष राज (ई.सी.ई.), राकेश रमानी (सिविल इंजीनियरिंग) शामिल है. ये सभी छात्र छह महीने के लिए प्रशिक्षु (ट्रेनी) के रूप में रहेंगे, जिसके बाद उन्हें पूर्णकालिक रूप से कार्यरत किया जाएगा. छात्रों का चयन ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है और उन्हें गुजरात एवं महाराष्ट्र के विभिन्न प्रोजेक्ट्स में पदस्थापित किया जाएगा. कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने पावरिका कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक प्रदीप गुप्ता का धन्यवाद ज्ञापन किया. संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी.

### चंदनकियारी विधायक ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**बोकारो (शुभम संदेश)।** चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक ने उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात कर भू-अधिकार संबंधी धारा-87 के तहत वर्षों से लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए एक ज्ञापन सौंपा. विधायक ने उपायुक्त को बताया कि भूमि विवादों के इन मामलों में किसानों को बार-बार कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उन्हें अत्यधिक परेशानी हो रही है. उन्होंने कहा कि इन मामलों में तारीख-दर-तारीख मिलती रहती है और न्याय की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी हो रही है. ज्ञापन प्राप्त करने के बाद उपायुक्त ने इस विषय को गंभीरता से लिया. उन्होंने आश्वासन दिया कि सहायक बंदोबस्ती पदाधिकारी (एएसओ) के साथ समीक्षा बैठक कर धारा-87 के मामलों की शीघ्र सुनवाई और निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा. उपायुक्त ने यह भी कहा कि किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए मामलों की सुनवाई में तेज़ी लाई जाएगी.

### डीएवी सेक्टर-4 में स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल का समापन

**बोकारो (शुभम संदेश)।** डीएवी सेक्टर-4 में आयोजित दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल (क्लस्टर 6) का समापन शुक्रवार को जीत-हार और खुशी-गम के मिश्रित रंगों के साथ सफलतापूर्वक हुआ. शुक्रवार को हुए उद्घाटन सत्र में बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज बीरेंद्र कुमार तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे. इनमें अजय नाथ सहदेव (प्रेसिडेंट, झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन), पी.एन. सिंह (फॉर्मर जॉइंट सेक्रेटरी, झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन), राजश्री बनर्जी (ईडी, एचआर), नीता बा (सीजीएम एचआर एल एंड डी), मीनम मिश्रा (जीएम, शिक्षा विभाग), एम.के. सिन्हा (स्टेट कोऑर्डिनेटर, डीएवी स्पोर्ट्स झारखंड) और विपिन राय (प्राचार्य, हेहल, एआरओ जोन जी) शामिल थे. प्राचार्य एस.के. मिश्रा ने सभी विजेताओं को बधाई दी और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं.

### फांसी घर और पुराना थाना परिसर का होगा सौंदर्यीकरण

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** राजमहल शहर के पुराना थाना परिसर के सौंदर्यीकरण और फांसी घर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक मो. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा, एसडीओ सदानंद महतो और एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को संयुक्त रूप से निरीक्षण किया. विधायक ने कहा कि राजमहल की हृदयस्थली पुराना थाना परिसर को उसके मूल अस्तित्व में लाकर विभिन्न सुविधाओं से लैस एक उपयोगी परिसर बनाना है. उन्होंने बताया कि इस मामले को दिशा की बैठक में भी प्रमुखता से उठाया गया था, जिस पर जिला उपायुक्त संज्ञान लेकर कार्रवाई कर रहे हैं. विधायक एमटी राजा ने कहा कि पुराना थाना परिसर और फांसी घर के सौंदर्यीकरण से ये पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### टीबी असाध्य रोग नहीं : प्राचार्य

**गोमो।** पंडित नेहरू मेमोरियल कॉलेज गोमो में आईक्यूसी के तत्वाधान में टीवी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें कॉलेज परिवार के सदस्य छात्र छात्राएं शामिल हुए.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ डोमन हजाम ने कहा यह अभियान भारत सरकार द्वारा 2025 तक देश को टीवी से मुक्त करने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया है. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य टीवी मरीजों को अतिरिक्त सुविधा सहायता प्रदान करने के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना है. यह असाध्य रोग नहीं है. हर हाल में ऐसे रोगियों की सेवा उपचार करनी चाहिए.

### अग्निशमन विभाग ने चलाई जागरुकता

**मधुबन।** एमसीए नावागढ़ में शनिवार को जिला अग्निशमन विभाग द्वारा विद्यालय में आपातकाल स्थिति में आग से बचने का प्रशिक्षण दिया गया. जिला अग्निशमन के अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने मॉकड्रिल के माध्यम से शिक्षक, शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को विद्यालय में आपातकाल स्थिति में अग्नि से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया.इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं से अपने घर के आसपास दस लोगों को आपातकाल स्थिति में अग्नि से बचाव के लिए जागरूक करने में लिए प्रेरित भी किया गया. इस के पूर्व अग्निशमन के अधिकारी ने विद्यालय में आग से बचने के लिए लगाए गए अग्नि यंत्र की जांच की.

### ग्राम सभा में जाहेरथान के लिए पेश किया दावा

**टुंडी।** पहाड़पुर, गांव में वन अधिकार कानून समिति द्वारा आयोजित ग्राम सभा का आयोजन किया गया. टुंडी प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी सौरभ कुमार मौजूद थे. जाहेर थान स्थल की जाँच हुई. वन अधिकार कानून के मास्टर ट्रेनर चंदन कुमार ने वन अधिकार कानून के तहत प्राप्त शक्तियों का वर्णन किया. कहा कि बरवाटांड पंचायत पहाड़पुर गांव में जाहेर थान के लिए 109 डिसमिल जमीन चिन्हित कर सरकार से सामुहिक दावा पेश किया गया.

# 12 किलो गांजा के साथ दो धराए, दो हो गए फरार

**शुभम संदेश। धनबाद**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी), और अपराध जांच ब्यूरो (सीआईबी), धनबाद ने संयुक्त कार्रवाई कर रेलगाड़ियों के जरिए गांजा तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है.18-19 जुलाई 2025 की रात धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2-3 के हावड़ा छोर पर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया. उनके पास से 7 पैकेट में कुल 12.1 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 1,81,500 रुपये है. पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों ने बताया कि वे चार लोग थे और गाड़ी संख्या 12323 बाड़मेर एक्सप्रेस से सासाराम जा रहे थे. दो व्यक्ति पकड़े गए, जबकि तीसरे व्यक्ति, देवराज चौहान, को कोडरमा जीआरपी ने 5 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया. चौथे व्यक्ति की तलाश और



जांच जारी है. इस मामले में पालिक मिंज, उप-निरीक्षक, आरपीएफ, धनबाद की शिकायत पर जीआरपीएस, धनबाद में 19 जुलाई 2025 को मुकदमा संख्या 65/25 दर्ज किया गया, जिसमें नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम की धारा 8(सी), 20(बी)(ii)(सी), और 29 के तहत कार्रवाई की गई. इनके पास से दो बैग और एक झोले में 7 पैकेट में 12.1 किलोग्राम गांजा,- एक सफेद रंग का ओप्पो रेनो 8टी कंपनी का मोबाइल फोन, एक बैगनी रंग का लेविस कंपनी का बटुआ, जिसमें 2200 रुपये नकद, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पंजाब नेशनल बैंक का डेबिट कार्ड, और राउरकेला से धनबाद का टिकट, एक काला रंग का वनप्लस 10टी कंपनी का मोबाइल फोन, एक भूरा रंग का लुई फिलिप कंपनी का बटुआ, जिसमें 4500 रुपये नकद, आधार कार्ड, और राउरकेला से धनबाद का टिकट बरामद किया गया है.

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

1. मंटू कुमार 2. टुनटुन कुमार 3. देवराज चौहान

उम्र लगभग 22 वर्ष, पिता : रोहित चौहान, पता : सीरीसियाँ, थाना-करगहर, जिला-रोहतास, बिहार।

**कार्रवाई में थे शामिल**

इस कार्रवाई में पालिक मिंज, शाहिना इस्लाम, प्रमोद कुमार, संजीव कुमार, तनवीर खान, फूलचंद महतो, नंदलाल राम, राम नंदन सिंह, और राम लखन प्रसाद शामिल थे.

# भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना का स्वर्ण जयंती वर्ष

- जुबली हॉल, कोयला नगर में हुआ भव्य समारोह

**शुभम संदेश। धनबाद**




भारतीय मजदूर संघ ने स्थापना के 70 वें वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को जुबली हॉल, कोयला नगर, धनबाद में एक भव्य समारोह का आयोजन किया. इस ऐतिहासिक अवसर पर बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ. मंच का संचालन जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी ने प्रभावशाली ढंग से किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील उरांव ने की, जबकि राष्ट्रीय उप महामंत्री सुरेंद्र पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ल, विभाग प्रमुख रविंद्र मिश्रा, प्रदेश महामंत्री (पोस्टल) प्रभात रंजन, प्रदेश महामंत्री (बीएमएस) राजीव रंजन, प्रदेश महामंत्री (आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ) पुष्पा देवी, तथा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश कुमार चौबे ने मंच की शोभा बढ़ाई. विधायक राज सिन्हा की गरिमामय उपस्थिति ने समारोह को और अधिक प्रभावशाली बनाया. कार्यक्रम में संगठन के इतिहास, कार्यशैली, मजदूर हितों के लिए किए गए संघर्षों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया. वक्ताओं ने संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचार, "भविष्य की चिंता नहीं, कर्म की श्रेष्ठता में विश्वास"को उद्धृत कर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि संगठित श्रमिक शक्ति ही सशक्त राष्ट्र की नींव है.कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष सुनील उरांव के सारगर्भित और प्रेरणादायी संबोधन के साथ हुआ. पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक एकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला.

# ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**शुभम संदेश। धनबाद**

रणधीर वर्मा चौक पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया. इसमें टू व्हीलर और फोर व्हीलर वाहनों के कागजातों की जांच की गई. कागजात अपूर्ण रहने की स्थिति में कई वाहनों का चालान भी किया गया. इ-रिक्शा चालकों को सड़क पर गाड़ी न लगाने की हिदायत भी दी. धनबाद में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोग यातायात नियमों का पालन करें. कई ऐसे वाहन हैं जो अभी सड़क पर यातायात नियमों का पालन नहीं करते देखे जा रहें हैं जिसका लगातार ट्रैफिक पुलिस चालान भी काट रही है. ट्रैफिक सार्जेंट ने आगे यह भी कहा की यातायात को लेकर आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी और लोगों से नियमों का पालन कर खुद को सुरक्षित रहने की अपील भी की.

# बीबीएमकेयू में पूर्ववर्ती छात्रा सम्मानित

**शुभम संदेश। धनबाद**

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद ने एक नई परंपरा शुरू की है. विश्वविद्यालय ने अपने पूर्व छात्रों के लिए सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा. इसी कड़ी में शुक्रवार को कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह, कला एवं संस्कृति विभाग की अध्यक्ष डॉ. ताप्ती चक्रवर्ती, डॉ. एम.के. सिंह, डॉ. नविता गुप्ता समेत अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में विभाग की पूर्व छात्रा शारदा कुमारी गिरी को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि पूर्व छात्र इस विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. आगामी दिनों में प्रत्येक विभाग द्वारा पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसकी शुरुआत हो चुकी है. आगामी 20 अगस्त को कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा पहला कार्यक्रम



आयोजित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि शारदा ने विश्वविद्यालय से थिएटर आर्ट में मास्टर डिग्री प्राप्त की है और वर्तमान में वे राष्ट्रीय स्तर पर नाट्य निर्देशन के साथ-साथ कला और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत हैं. यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है.

# उपायुक्त की पहल पर बिरसा पुल की हुई मरम्मत



**शुभम संदेश। धनबाद**

उपायुक्त आदित्य रंजन की पहल पर दामोदर नदी पर स्थित मोहलबनी बिरसा पुल की मरम्मत शनिवार को पूरी हो गई है. उपायुक्त ने बताया कि बिरसा पुल की बदहाली की सूचना मिली थी. पुल पर गड्ढों के कारण लोगों को आवा-जाही करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था. वर्षा के कारण गड्ढों में जल-जमाव हो रहा था. वाहन चालकों, विशेष कर दोपहिया वाहनों को पुल से गुजरने में दिक्कत हो रही थी. मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर एनएच डिविजन के कार्यपालक अभियंता को युद्ध स्तर पर पुल की मरम्मत करने का निर्देश दिया. जिसके परिणामस्वरूप पुल पर बने गड्ढों को भरकर सुचारू आवागमन के लिए तैयार कर दिया गया.

## आसनसोल

# सीआईएसएफ जवान की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**शुभम संदेश। सालानपुर**

सीआईएसएफ जवान की हत्या के मामले में रूपनारायणपुर फाड़ी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने सीसीटीवी के जरिए बदमाश के कपड़े हासिल कर और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना की जांच की और मिहिजाम अंबेडकर नगर निवासी राहुल गुप्ता उर्फ मुर्गिर के घर पर छापेमारी की. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है.

बता दें कि 23 अप्रैल को पश्चिम बर्धमान जिले के सालानपुर थाने के रूपनारायणपुर फाड़ी अंतर्गत बंगाल-झारखंड सीमा पर दोमदहा उपरडांगा इलाके में एक अपराधी ने सीआईएसएफ के जवान की गोली मारकर हत्या कर दी थी. मृतक जवान



का नाम सुनील पासवान है, वह झारखंड के मिहिजाम बरुई पाड़ा का रहने वाला था. पुलिस ने सीसीटीवी के जरिए अपराधी के कपड़े हासिल कर और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना की जांच की और मिहिजाम अंबेडकर नगर निवासी राहुल गुप्ता उर्फ मुर्गिर के घर पर छापेमारी की. वहां हत्या के दौरान इस्तेमाल किए गए कपड़े बरामद किए गए, जिसके बाद पुलिस को पता चला कि मिहिजाम थाने के हत्या के मामले में कांड संख्या 10/2025 में वह जेल में बंद है. इसके बाद रूपनारायणपुर पुलिस ने जामताड़ा जेल से राहुल गुप्ता को गिरफ्तार कर, उसे 10 दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर ले आई. विशेष सूत्रों के अनुसार, रूपनारायणपुर पुलिस ने घर की तलाशी ली और हत्या में इस्तेमाल किए गए कपड़े जब्त कर लिए. हालाँकि, पुलिस को पता चला है कि इस घटना में कुछ और लोग भी शामिल हैं. बहरहाल, गिरफ्तार राहुल गुप्ता को आज आसनसोल कोर्ट भेज दिया गया. बताया जा रहा है कि जाँच के आधार पर चार दिनों की पुलिस हिरासत की मांग की गई है.

### शहीद रैली के लिए कोलकाता रवाना

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** तृणमूल कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शुक्रवार को कोलकाता के धर्मतला में आहुत शहीद रैली के लिए पुरुलिया जिले से कार्यकर्ता रवाना हुए.

आद्रा रेलवे स्टेशन से भी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता ट्रेन से कोलकाता के लिए रवाना हुए. शहीदों की रैली में जाने वाले सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की सुविधा के लिए, तृणमूल कांग्रेस श्रमिक संगठन के रघुनाथपुर नंबर 1 ब्लॉक अध्यक्ष तूफान कुमार रॉय की पहल पर आद्रा रेलवे स्टेशन पर एक शिविर लगाया गया है. ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता रूपोशी बांग्ला एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर आद्रा रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना हुए. उन्होंने बताया कि पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल आगे बढ़ रहा है. एकजूटता के साथ विरोधी तत्वों को पछाड़कर सोनार बांग्ला का संकल्प पूरा करेंगे.

पीएम मोदी की सभा में जाने पर भाजपाइयों पर खफा थे कई नेता

# भाजपा नेता की पिटायी के विरोध में नियामतपुर चौराहा किया जाम

**शुभम संदेश। नियामतपुर**

नियामतपुर वार्ड संख्या 60 के भाजपा शक्ति प्रमुख रमेश रवि दास को पीएम नरेंद्र मोदी की सभा में जाने पर एक दूसरे दल के समर्थक द्वारा पिटाई करने पर शनिवार को भाजपा ने सड़क पर उतर किया प्रदर्शन. कुल्टी थाना अंतर्गत नियामतपुर फाड़ी के नियामतपुर चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यकर्ता के साथ मारपीट और मामले में पुलिस के उदासीनता को देखते हुए सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया. बताया जाता है की 18 जुलाई को प्रधानमंत्री की रैली जनसभा को देखने जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के शक्ति प्रमुख के साथ अन्य राजनीतिक दलों द्वारा मारपीट की गई. शिकायत करने पर भाजपा कर्मी को फाड़ी में बिठाकर रखना और जिसने



मारपीट किया है उन्हें नहीं पकड़ना, आरोपियों को छोड़कर रखने के विरोध में भाजपा कुल्टी विधानसभा के मंडल अध्यक्ष अमर प्रसाद के नेतृत्व में विरोध किया गया. बाद में नियामतपुर पुलिस के आश्वासन पर भाजपाइयों ने जाम हटाया. पुलिस ने आश्वासन दिया कि कानून भंग करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा. घटना में जो भी दोषी है हम उसे खोज निकालेंगे. प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेता टिंकू वर्मा ने कहा कि कुल्टी में इस तरह के राजनीति कभी नहीं थी. इस तरह की राजनीति बड़े अपराध जैसा है. मौके पर मंडल चार के साधारण संपादक काजल दास, सोमेन चक्रवर्ती, मंडल 3 के साधारण संपादिका का महुआ राय, गुड्डू पासवान, सूरज केवट, संजीत यादव, आशीष हजारे, विजय साव, निर्मल माझी, साचु दास, मिथुन पासवान सहित सार्थक शामिल रहे.

सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता

# नीतू कुमारी को मिला सिल्वर

**शुभम संदेश। बर्नपुर**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने माईगोव के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता – 2025 के परिणाम की घोषणा की. सेलः खुशियों की संस्कृति का निर्माण, जहां हर मुस्कान मायने रखती है विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता को पूरे देश से लगभग 1,000 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं थीं. सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता के 10 विजेताओं में से 8 पुरस्कार को महिलाओं ने अपने नाम किया. प्रतियोगिता के हिंदी श्रेणी में बर्नपुर के रिवरसाइड टाउनशिप निवासी नीतू कुमारी ने सिल्वर पुरस्कार जीतकर पूरे बर्नपुर का नाम रोशन किया है. आईएसपी के सीनियर मैनेजर दिनेश कुमार की पत्नी है. उन्होंने एमएड की डिग्री हासिल की है. पति के साथ मिलकर एक काव्य संग्रह का भी लेखन कर चुकी हैं.



वर्तमान में वह एक रिवरसाइड टाउनशिप में घटी एक सच्ची घटना का वृतांत को अपने शब्दों में पिरोकर कहानी लिख रही हैं. वे पठन-पाठन के अलावा मधुबनी पेंटिंग भी करती है. बताया कि लेखन में पति का पूरा सहयोग मिलता है. दिनेश कुमार अपनी पत्नी की इस उपलब्धि से काफी प्रसन्न हैं.

### गरिमा संस्था ने मनाया सावन उत्सव

**रानीगंज।** रानीगंज की सुप्रसिद्ध महिलाओं की संस्था गरिमा के तत्वाधान में लायंस क्लब के हॉल में महिलाओं द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से शिवजी के विवाह का मंचन कर सुंदर और आकर्षक प्रस्तुति की गई. शिव-पार्वती के विवाह की कथा को नृत्य और अभिनय के माध्यम से दर्शाया गया. कार्यक्रम की संयोजक प्रीति श्रॉफ एवं मेघा कालोटिया ने बतलाया कि नृत्य नाटिका में संस्था की महिलाओं ने अलग-अलग रूप धारण कर ऐसा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया मानो शिवजी की जीवन्त विवाह देखने को मिला. संगीत और वेशभूषा ने नृत्य नाटिका को आकर्षक और प्रभावशाली बनाया. कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका बगाड़िया ने कहा कि नृत्य नाटिका सांस्कृतिक महत्व के साथ मनाई जाती है. पार्वती जी का अभिनय संस्था गरिमा की सदस्य जय चौधरी, काली मां का अभिनय शिल्पी केजरीवाल, अघोरी का मधु साव, सखी के रूप में रूबी गढ़वाल ने बेहतरीन प्रस्तुती दी.

# झारखंड मुख्य सचिव अलका ने की मां कल्याणेश्वरी की पूजा

मैथन व पंचेत में परियोजना प्रधान ने मुख्य सचिव का गुलदस्ता देकर किया स्वागत

**शुभम संदेश। मैथन**

झारखंड राज्य के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शनिवार संध्या 5:00 बजे माता कल्याणेश्वरी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की. मुख्य सचिव के मैथन पहुंचते ही डीवीसी के मजूमदार निवास गेस्ट हाउस में डीवीसी मैथन के परियोजना प्रधान सुमन प्रसाद सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. वहीं मुख्य सचिव ने पूरे दिन में मैथन डैम एवं पंचेत डैम का भ्रमण भी किया. रात्रि विश्राम मैथन के मजूमदार निवास में ही करेंगे. रविवार को वे रांची के लिए प्रस्थान कर जाएगीं. इस दौरान मौके पर एसडीओ धनबाद राजेश कुमार, एडीएम हेम प्रसाद, एसडीपीओ रजत मणिक बाखला, बीडीओ मधु कुमारी, सीओ राजेश सिंह, ओपी



प्रभारी आकृष्ट अमन इत्यादि पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे. वहीं डीवीसी मैथन के परियोजना प्रधान सुमन प्रसाद सिंह के साथ वरीय मुख्य महाप्रबंधक दिलीप सिंह, महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव, प्रबंधक एसके झा सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे.

## न्यूज अपडेट

### इनर व्हील क्लब ने किया एक शाम बुजुर्गों के नाम

**रानीगंज (शुभम संदेश)।** महिलाओं की संस्था इनर व्हील क्लब रानीगंज की तरफ से सपोर्ट असेम्बली हाल में आयोजित हुई. संस्था की अध्यक्ष अनीशा भुवालका दुबे ने कहा कि निरंतर हम लोग सामाजिक काम करते हैं अपने बुजुर्गों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है. इसलिए एक शाम बुजुर्गों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया है. कार्यक्रम में बुजुर्ग के लिए पुरुष महिलाओं ने गीत संगीत नृत्य एवं गेम्स की प्रस्तुति करके कार्यक्रम को आनंददायक बना दिया. बुजुर्गों के चेहरे पर खुशियां दिखी. बुजुर्गों को सम्मानित भी किया गया. ओमप्रकाश भुवालका, प्रदीप सराफ, विष्णु सराफ , गोविंद जायसवाल , पुरुषोत्तम शराफ, बलवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया. बुजुर्गों ने भी नृत्य संगीत की प्रस्तुति करके कार्यक्रम को और भी आनंदित बना दिया. संस्था की तरफ से ज्योति साव, श्वेता बरनवाल, रितिका रहेजा, नेहा अंबानी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया.

### मां तारा टुंगरी काली मंदिर का सौंदर्यीकरण शुरू

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** झालदा शहर के वार्ड नंबर 11 स्थित पारंपरिक माँ तारा टुंगरी काली मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुक्रवार को शुरू हो गया. पहले चरण में मंदिर परिसर में फाइबर ब्लॉक लगाने का काम शुरू हो गया है. इस कार्य का उद्घाटन शनिवार को झालदा नगर निगम के उप महापौर सुदीप कर्मकार ने किया. इस अवसर पर पार्षद बिजॉय कांडू और वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि नंदलाल बागती उपस्थित थे. उप महापौर ने कहा कि सदियों पुराना माँ तारा टुंगरी काली मंदिर न केवल आस्था और भक्ति का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की धरोहर भी है. इस स्थान को पर्यटन केंद्र के रूप में भी आकर्षक बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से अन्य विकासात्मक कदम उठाए जाएँगे. स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि यदि यह परियोजना सफल रही तो इससे न केवल मंदिर का वातावरण बेहतर होगा, बल्कि शहर की सुंदरता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी.

# सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

शुभम संदेश। गिरिडीह



सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में अपने वार्षिक आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के तहत फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य अचानक आग लगने की स्थिति में बचाव और नुकसान को कम करने के तरीकों के बारे में छात्रों और कर्मचारियों को जागरूक करना था. अग्निशमन विभाग के अधिकारी रंजीत कुमार पांडेय और कर्मचारियों ने स्कूली बच्चों को मॉक ड्रिल के माध्यम से आग बुझाने के तरीके समझाए. उन्होंने बताया कि सही तरीके से प्रयास करने पर आग पर काबू पाया जा सकता है.

अग्निशमन पदाधिकारी शशिभूषण सिंह ने स्कूल के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा व बचाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया. स्कूल की प्राचार्या ममता शर्मा ने इस प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से विद्यालय के सभी छात्र और कर्मचारी अपनी सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा के गुर सीखेंगे. अग्निशमन विभाग की टीम ने सभी प्रशिक्षुओं को एलपीजी गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटना और उसके तात्कालिक नियंत्रण का चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किया. आपदा प्रबंधन के सदस्यों ने इस मॉक ड्रिल में सक्रिय सहभागिता निभाई. कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन दल ने छात्रों एवं विद्यालय स्टाफ को आग लगने के संभावित कारणों, जैसे बिजली का शॉर्ट सर्किट, गैस रिसाव, असावधानीपूर्वक ज्वलनशील वस्तुओं का प्रयोग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने विद्यार्थियों को आग लगने की प्रक्रिया, उससे होने वाले नुकसान और उससे बचाव के उपायों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया. इसके पश्चात, फायर ब्रिगेड अधिकारी द्वारा गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में प्राथमिक उपायों का लाइव डेमो दिया गया, जिसमें स्थानीय और सहज रूप से उपलब्ध वस्तुओं से आग पर काबू पाने के बारे में दिखाया गया. इसके अतिरिक्त, उन्होंने आग बुझाने के यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) के सही उपयोग की प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से प्रदर्शित किया और सभी को इसके उपयोग में आने वाली सावधानियों से अवगत कराया.

### आपातकालीन हेल्पलाइन और प्रबंधन का महत्व

दमकल सहायक अधिकारी रंजीत कुमार पांडेय ने बताया कि आग लगने पर लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों का ही प्रयोग करें. उन्होंने यह भी बताया कि आग लगने जैसी आपातकालीन स्थिति में दमकल विभाग के हेल्पलाइन नंबर 101 और 112 पर कॉल करके सूचना दें. उन्होंने घबराने की बजाय धैर्य से काम लेने की सलाह दी. इस प्रायोगिक अभ्यास में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अग्नि सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों को गंभीरता से सुना और स्वयं भी आग बुझाने के यंत्र का प्रयोग कर इसका अभ्यास किया. विद्यालय के प्रबंध निदेशक जोरावर सलूजा ने अग्निशमन दल को विद्यार्थियों को इस आपदा प्रबंधन के गुर सिखाने और उन्हें विस्तृत तरीके से समझाने के लिए आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन की यह ट्रेनिंग निश्चित रूप से आपातकालीन स्थिति में विद्यार्थियों के काम आएगी, जिससे वे अपना और दूसरों का बचाव कर पाएंगे.

## आजाद अंसारी ने शिबू सोरेन का जाना हालचाल

**कसमार (बोकारो) (शुभम संदेश)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा के बोकारो जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल पहुंचकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली. गौरतलब है कि बीते दिनों दिल्ली के मेदांता अस्पताल में शिबू सोरेन की हार्ट सर्जरी हुई थी. फिलहाल, वे चिकित्सकों की देखरेख में हैं और उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है. इस अवसर पर आजाद अंसारी के साथ समीम अंसारी, तबरेज आलम और मोसीम अंसारी भी मौजूद थे.

## पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**गावां (गिरिडीह) (शुभम संदेश)।** धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव शनिवार को दिल्ली पहुंचे. यहां उन्होंने झारखंड भवन नई दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर आंदोलनकारी नेता सह गुरुजी शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और उनका हालचाल जाना. इस दौरान उन्होंने शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की. मौके पर उनके साथ निरसा विधायक अरूप चटर्जी और बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह भी शामिल थे.

## दांतु पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित

**कसमार (बोकारो) (शुभम संदेश)।** कसमार प्रखंड के दांतु पैक्स लिमिटेड में 28 जुलाई को होने वाले पैक्स अध्यक्ष और सदस्य पद के चुनाव के लिए शनिवार को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए. कुल छह प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न दिए गए हैं. जिसमें दांतु निवासी भीष्म नायक को आलमीरा, नरेश नायक को बल्ब, ब्रज किशोर नायक को फुटबॉल, संतोष कुमार नायक को पतंग, ज्योति प्रसाद नायक को टेबल व खिरोधर नायक कार छाप का चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है. बेरमो के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विजेंद्र कुमार, अनुकल्पित पदाधिकारी श्याम कुमार मांजी और पैक्स प्रबंधक मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी सदस्यों को चुनाव चिह्न वितरित किए गए. सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विजेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया है. अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं. 28 जुलाई को पैक्स के सभी सदस्य गुप्त मतदान के ज़रिए प्रत्याशियों को वोट देकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव करेंगे.

## बैंककर्मियों ने केक काटकर मनाया बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस

**कसमार (बोकारो) (शुभम संदेश)।** कसमार स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा परिसर में शनिवार को भारतीय बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस केक काटकर मनाया गया. इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के कसमार शाखा प्रबंधक एप्रेम सोरेन, खैराचातर शाखा प्रबंधक अशोक कुमार, कमलापुर शाखा प्रबंधक रोहित साव समेत अन्य बैंककर्मी मौजूद थे. बीओआई के कसमार शाखा प्रबंधक एप्रेम सोरेन ने बताया कि 19 जुलाई को पूरे भारतवर्ष में बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ था. उन्होंने कहा कि बैंकिंग प्रणाली को देश के आर्थिक विकास मूलक कार्यों में सक्रिय सहयोग प्रदान करने और बैंकिंग सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ समाज के कमजोर वर्गों सहित अन्य सभी क्षेत्रों तक पहुँचाने के लिए बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ, जिससे देश लगातार आर्थिक विकास के रास्ते पर अग्रसर है. इस दौरान बैंककर्मियों ने शपथ ली कि वे किसी भी हाल में बैंकों का निजीकरण नहीं होने देंगे और इसके लिए किसी भी तरह के आंदोलन के लिए वे हमेशा तैयार रहेंगे.

## बैधनाथ केवट की पांचवीं पुण्यतिथि मनी

**महुदा (शुभम संदेश)।** शनिवार को सीटू कार्यालय दुगदा में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केन्द्रीय सचिव बैधनाथ केवट की पाँचवी पुण्यतिथी मनाई गई. उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम में उपस्थित हलधर महतो ने कहा की बैद्यनाथ केवट हमारे प्रेरणा स्रोत हैं. उनके संघर्ष और आदर्श को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. उन्होंने आगे कहा कि भाकपा माले केन्द्रीय नेतृत्व के निर्णयनुसार कॉमरेड एके रॉय की पुण्य तिथी 21 जुलाई से चारू मजुमदार की शहादत दिवस 28 जुलाई तक चलाए जाने वाले अभियान की शुरुआत दुगदा स्थित यूनियन कार्यालय से रैली निकाल कर दुगदा मार्केट, गोलाई, चन्दवाडीह, सहित अन्य क्षेत्र का भ्रमण के साथ की जाएगी. मौके पर भाकपा माले के पॉलिट ब्योरो सदस्य हलधर महतो, राज्य कमिटी के सदस्य दिलिप कुमार तिवारी, भुवनेश्वर केवट, बसन्त केवट, अंगेस कुमार सिंह, मोहम्मद सईद, डॉक्टर बिनोद कुमार ठाकुर, मोहम्मद आफताब अन्सारी, अब्दुल हमीद अन्सारी साहित अन्य मौजूद थे.

## डीवीसी चंद्रपुरा ने मछली जीरा और खेल सामग्री का किया नि:शुल्क वितरण

**बोकारो (शुभम संदेश)।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग ने आसपास के तालाबों में मछली पालन करने वाले किसानों के बीच 40 पैकेट मछली का जीरा (मछली के बच्चे) का निःशुल्क वितरण किया. स्थानीय लोगों ने बताया कि डीवीसी द्वारा इस पहल से उनकी आय में वृद्धि लाने का प्रयास किया जा रहा है. कुल 24 लोगों के बीच 40 पैकेट मछली का जीरा वितरित किया गया, जिसे वे स्थानीय जलाशयों में छोड़ेंगे. इससे उत्पादित मछलियों की बिक्री कर मछली पालक किसान अपनी आय बढ़ा सकेंगे. डीवीसी के 78वें स्थापना दिवस 2025 के अवसर पर पिछले दिनों आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया. नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा डीवीसी हाई स्कूल, सीटीपीएस को ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह, शतरंज, कैरम सेट, 2 फुटबॉल और फुटबॉल व कबड्डी टीमों के लिए जर्सी सेट जैसी सामग्री वितरित की गई. डीवीसी के 78वें स्थापना दिवस 2025 के निर्णायकों की भी सराहना की गई. इस अवसर पर जन औषधि दवा के साथ एक मेडिकल किट भी डीवीसी हाई स्कूल को प्रदान किया गया.

## झारखंड आंदोलनकारियों ने मांगा पहचान पत्र और प्रशस्ति पत्र

**डुमरी (गिरिडीह) (शुभम संदेश)।** झारखंड आंदोलनकारी संघ से जुड़े सदस्यों ने उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपकर अनुरोध किया है कि अब तक प्रशस्ति पत्र एवं पहचान पत्र से वंचित झारखंड आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता दिवस पर ये सम्मान दिए जाएँ. आवेदन में लिखा है कि झारखंड राज्य गठन होने के उपरांत चिह्नित आंदोलनकारियों को संकल्प (नाईन) के अनुसार सभी आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पहचान पत्र दिया जाना था, जो अब तक नहीं मिल पाया है. संघ ने अनुरोध किया है कि सभी चिह्नित आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र व पहचान पत्र अति शीघ्र देने की पहल करें, अन्यथा वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे. इस आवेदन पर संघ के अध्यक्ष महावीर महतो, सचिव मोती महतो, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, सदस्य दशरथ महतो, तुलसी महतो तथा यशोदा कुमारी के हस्ताक्षर हैं.

# बोकारो टीम ने जीता केजीएन कप 40 हजार का चेक और ट्रॉफी मिली

शुभम संदेश। जमुआ (गिरिडीह)




जमुआ प्रखंड के केजीएन क्लब बलैडीह में एक सप्ताह से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन बारिश की बौछारों के बीच हो गया. यह टूर्नामेंट शुक्रवार को ही समाप्त होना था, लेकिन भारी बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था. शनिवार को जब दोबारा फाइनल मैच शुरू हुआ, तो बारिश फिर से शुरू हो गई. बारिश की बौछारों के बावजूद खिलाड़ियों के हौसले बुलंद दिखे और मुकाबला काफी रोमांचक रहा. दर्शकों की भी अच्छी भीड़ थी, जो भीगते हुए भी खेल का आनंद लेते दिखे. फाइनल मुकाबला बोकारो और बिशनपुर टीम के बीच खेला गया. टॉस जीतकर बिशनपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी की और बेहतर तथा तेज गेंदबाजों के आगे काफी मशक्कत के बाद 86 रन का स्कोर खड़ा कर सकी. जब बोकारो टीम बल्लेबाजी पर उतरी, तो उसने निर्धारित ओवरों में ही बिशनपुर के स्कोर को ध्वस्त कर दिया और मैच जीत लिया. मो. अबुल को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला. इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शामिल हुई थीं. विजेता टीम बोकारो को प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव के हाथों चालीस हजार रुपए का चेक और कप प्रदान किया गया.

उपविजेता टीम को बीस हजार रुपए का चेक और कप मिला. पुरस्कार वितरण समारोह को प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, उप प्रमुख रब्बुल हसन, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो. जुनैद आलम, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मो. निजामुद्दीन, जेकेएलएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष रोहित दास, कांग्रेस के सुभाष यादव और जितेंद्र सिंह ने संबोधित किया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया. आयोजक टीम में मुस्तकीम, एनामुल, तकसूद, आज़ाद, नौशाद, फरीद, कमलेश और पंचायत समिति प्रतिनिधि पंकज यादव, उप मुखिया भोला पासवान, लखन यादव शामिल थे.

## नमामि गंगे योजना की प्रगति की डीडीसी ने की समीक्षा

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक की. इस बैठक में नमामि गंगे योजना के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई. बैठक में चास नगर निगम, नगर परिषद फुसरो और बोकारो स्टील प्लांट क्षेत्र में चल रहे एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई. डीडीसी ने सभी शहरी स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को अगले दो माह के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करें, ताकि स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास साकार हो सकें. इसके अलावा, जिले के सभी प्रखंडों में चल रहे पौधरोपण अभियान की भी समीक्षा की गई. पौधारोपण के लक्ष्यों की प्राप्ति में कई प्रखंडों की प्रगति धीमी पाए जाने पर, डीडीसी ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को बल मिले. चास नगर निगम क्षेत्र में चल रहे डिसिल्टिंग चैंबर निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई.

# दूसरी सोमवारी को लेकर देवघर में तैयारियों की समीक्षा

## उपायुक्त और एसपी ने अधिकारियों को किया ब्रीफ

शुभम संदेश। देवघर

राजकीय श्रावणी मेला 2025 की दूसरी सोमवारी के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से बी. एड. कॉलेज प्रांगण में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, अधिकारियों और बाहर से आए पुलिस अधिकारियों को सामूहिक रूप से ब्रीफ किया.

### श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्राथमिकता

इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावणी मेला के दौरान, खासकर सोमवारी के दिन, सर्वाधिक भीड़ होती है. ऐसे में दूसरी सोमवारी को इतनी बड़ी तादाद में देवघर आने वाले कांवरियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण जैसी चुनौतियों का सामना बिना सजगता के नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा कि सभी का ध्येय यह होना चाहिए कि जितना हो सके श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराएं, ताकि कतार लगातार आगे बढ़ती रहे. उपायुक्त ने ज़ोर दिया कि हम सभी को पूरी सजगता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करना है, ताकि दूसरे राज्यों से यहाँ आने वाले लोग हमारे राज्य की एक अच्छी छवि लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें. उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की कतार बिना गैप के आगे बढ़ती रहे, इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें.

### समन्वय और यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर

पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग ने ब्रीफिंग के दौरान कहा कि मेले में प्रतिनियुक्त बाहर से आए सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षाकर्मी अब यहाँ के माहौल से परिचित हो चुके हैं. ऐसे में क्यू मैनेजमेंट (भीड़ प्रबंधन) और ट्रैफिक मैनेजमेंट पर विशेष रूप से ध्यान रखें, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित जलार्पण कराया जा सके और शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न न हो. उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि भीड़ नियंत्रण करने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो. एसपी ने बताया कि सभी ओपी (आउटपोस्ट) और यातायात ओपी के प्रभारी डीएसपी रैंक के ऑफिसर होंगे, और उन सभी का यह दायित्व होगा कि वे अपने निर्धारित क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने दें. इस दौरान नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता, ज़िला स्तर के अधिकारी और मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, अधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पुलिस पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे.

## रेलवे और वन विभाग की समन्वय बैठक में हाथी-ट्रेन टक्कर रोकने की बनी रणनीति

**हिजली (शुभम संदेश)।** शुक्रवार को ट्रेन नंबर 12022 के साथ हाथी से टक्कर की घटना के बाद शनिवार को हिजली में मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) के कार्यालय में रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों की एक उच्च-स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता मुख्य वन संरक्षक संदीप सुंदरियाल और खड़गपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) केआर चौधरी ने संयुक्त रूप से की. इस बैठक में अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (संचालन) के साथ-साथ रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारी और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें मुख्य वन्यजीव संरक्षक और मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) शामिल थे, उपस्थित रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य रेलवे पटरियों से गुजरने वाले संवेदनशील वन क्षेत्रों में वन्यजीवों, विशेष रूप से हाथियों, की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए तत्काल और दीर्घकालिक उपायों पर चर्चा करना था. अधिकारियों ने बेहतर समन्वय, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों जैसे आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग, और महत्वपूर्ण हाथी गलियारों की पहचान पर विस्तृत विचार-विमर्श किया. दोनों विभागों ने वन्यजीव संरक्षण और यात्री सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सहयोगात्मक और समयबद्ध कार्य योजनाओं पर सहमति जताई. इस दिशा में प्रौद्योगिकी का उपयोग और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया.यह बैठक वन्यजीव संरक्षण और रेलवे संचालन के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. दोनों विभागों ने इस तरह की घटनाओं को न्यूनतम करने के लिए संयुक्त प्रयासों को और मजबूत करने का संकल्प लिया.

### पेज-3 का शेष

#### बेलगड़िया को रोजगार से जोड़ना सरकार....

भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव ने छात्राओं के साथ सीधा संवाद किया. उन्होंने बेलगड़िया में पौधारोपण भी किया.

भ्रमण करने के बाद मुख्य सचिव ने कहा कि बेलगड़िया के लोगों का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है. बहुत जल्द इसका प्रभाव देखने को मिलेगा. उन्होंने कहा कि सुगम यातायात के लिए जल्द ई - रिक्शा चलाए जाएंगे. धनबाद आना-जाना सरल बनाने के लिए बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे. इलेक्ट्रिक बस चलाने का भी वृहद प्लान तैयार किया गया है. मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि यहां रहने वाले लोगों को अच्छा वातावरण मिले. इसलिए सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार, पेयजल, सुचारू बिजली व्यवस्था, सोलर स्ट्रीट लाइट, टाउनशिप में अच्छी सड़क, रोड कनेक्टिविटी, पुरानी इमारतों की रिपेयरिंग, मेंटेनेंस, साफ सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं. इसके लिए शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म एवं लॉन्ग टर्म प्लानिंग की गई है. कार्य योजना बनाकर काम किया जा रहा है. इसे निर्धारित समय सीमा में संपन्न कर लिया जाएगा.

वहीं रिवाइज्ड झरिया मास्टर प्लान पर प्रकाश डालते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि भू-धंसान एवं अग्नि प्रभावित क्षेत्र के लोगों का सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास इसकी प्राथमिकता है. रिवाइज्ड प्लान में कई नई चीजों को समायोजित कर लोगों की समस्या का समाधान किया गया है.

# अपर समाहर्ता ने सरकारी योजनाओं और बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा

शुभम संदेश। पौड़ेयाहाट



उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू ने पौड़ेयाहाट प्रखंड क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया. पिंडराहाट पंचायत में निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा से संचालित योजनाओं का स्थलीय जाँच कर आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने पंचायत में मुखिया टोला और संथाली टोला के आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहाँ आंगनबाड़ी केंद्र काफी जर्जर भवन में चल रहे थे. इस संबंध में उन्होंने उच्च पदाधिकारियों को रिपोर्ट करने की बात कही.

निरीक्षण के बाद लौटते समय, उन्हें ग्राम अगियाबांध के नंदकिशोर मुर्मू का मिट्टी का घर क्षतिग्रस्त मिला, जो पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण गिर गया था. पदाधिकारी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें नियमानुसार लाभ देने का आश्वासन दिया.

विधायक प्रतिनिधि बोलबम मंडल और पंकज रूज ने भी इस मामले में पीड़ित को विधायक प्रदीप यादव से उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया. प्रखंड क्षेत्र में तीन दिन पहले आई आंधी और बारिश के कारण भारी क्षति हुई है.

प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गाँवों में लोगों के मकान ध्वस्त हुए हैं. प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मुर्मू ने बताया कि पंचायत सेवक और रोजगार सेवक के माध्यम से बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हुए मकानों का आकलन किया जा रहा है.

# रंगमंच से युवाओं का बढ़ता जुड़ावः डॉ. देशराज

शुभम संदेश। धनबाद



भारतीय रंगमंच अपने प्रारंभिक काल से ही युवाओं के साथ-साथ समाज को दिशा देने का कार्य करता रहा है। यही कारण है कि आज भी कई युवा इस विधा से जुड़े हुए हैं। वर्तमान दौर में युवा उन क्षेत्रों की ओर आकर्षित हैं, जहां रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। अब रंगमंच, नाटक और अभिनय भी उनकी इन आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं। यह बातें राजस्थान के रंगमंच निर्देशक डॉ. देशराज मीणा ने शनिवार को पीके राय मेमोरियल कॉलेज में 'भारतीय रंगमंच, नाटक और युवा' विषय पर आयोजित एक व्याख्यान के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि रंगमंच के दो आयाम हैंः एक शैक्षणिक और दूसरा प्रदर्शनकारी। युवाओं को अपनी रुचि के आधार पर इनका चयन करना चाहिए।

डॉ. मीणा रंग संस्कार थिएटर के संस्थापक हैं और भारतेंदू नाट्य अकादमी, लखनऊ में अतिथि व्याख्याता रह चुके हैं। साथ ही, उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क का भी शैक्षणिक भ्रमण किया है। अपने व्याख्यान में डॉ. देशराज मीणा ने भारतीय रंगमंच की समृद्ध परंपरा, सामाजिक जिम्मेदारी, और युवा पीढ़ी की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

व्याख्यान के दौरान नाट्य निर्देशक, फिल्म व नाट्य कलाकार शारदा कुमारी गिरी ने भी नाट्य विधा में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रत्येक वर्ष युवा महोत्सव का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में युवा भाग लेते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि महाविद्यालय स्तर पर नाट्य शास्त्र की शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि युवाओं में इस विधा के प्रति रुचि जागृत हो और वे भारतीय सभ्यता, संस्कृति, और परंपराओं से परिचित हो सकें। इससे पहले, नाट्य प्रशिक्षक और वरिष्ठ पत्रकार बलवंत कुमार ने विषय प्रवेश कराया। उन्होंने बताया कि नाटक केवल अभिनय ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। यह व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है, जो भाषा ज्ञान, उच्चारण, और व्याकरण को मजबूत करता है। साथ ही, यह विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ता प्रदान करता है। नाटक करने वाले व्यक्ति कभी नकारात्मकता का शिकार नहीं होते। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीके राय मेमोरियल कॉलेज के डॉ. मंतोष कुमार पांडेय ने की। संचालन और समन्वय एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. आलमगीर साहिल और इकाई दो की प्रोग्राम ऑफिसर शर्मीला कुमारी ने किया।

**मंथन**

## मंईयां योजना में सरकार निभाए अपनी जिम्मेदारी

झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना गरीब महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक संबल प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल है. लेकिन हालिया घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि इस योजना के क्रियान्वयन में खामियां हैं. जमशेदपुर के कदमा, उलीडीह, आजाद नगर की महिलाओं ने शिकायत की कि योजना में दो माह तक राशि मिली, लेकिन इसके बाद भुगतान बंद हो गया. इसके चलते घर चलाना मुश्किल है. महिलाएं कई बार अंचल कार्यालय और जिला मुख्यालय का चक्कर लगा चुकी हैं, पर समाधान के नाम पर केवल तारीखें दी जा रहीं. यह स्थिति न केवल सरकारी तंत्र की अक्षमता को उजागर करती है, बल्कि गरीब महिलाओं के आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचाती है. जब सरकार किसी योजना को सम्मान योजना नाम देती है, तो उसका उद्देश्य महज़ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि लाभार्थियों को गरिमा से जीने का मौका देना होता है. लेकिन जब मदद रुकती है, तो यह सम्मान अपमान में बदलने लगता है. प्रशासन को चाहिए कि वह योजना की पुनः समीक्षा कर पारदर्शी और उत्तरदायी तंत्र स्थापित करे. लाभार्थियों को बार-बार बुलाकर सूचीबद्ध करना समस्या का समाधान नहीं है. लंबित भुगतान तत्काल किए जाने चाहिए और योजना के कार्यान्वयन में कोई बाधा है तो उसे स्पष्ट किया जाए. राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं तभी सफल मानी जाएंगी जब वे जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचे. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जिन महिलाओं को सहायता का भरोसा दिया गया है, वह वादा निभाया जाना जरूरी है-क्योंकि यही भरोसा लोकतंत्र की बुनियाद है.

**नजरिया**

## हाथियों की मौत, प्रकृति और प्रगति के बीच भारी टकराव

बंगाल और झारखंड सीमा पर ट्रेन टकराकर तीन हाथियों की मौत एक बार फिर उस कड़वे सच को उजागर करती है, जहां विकास की रफ्तार प्रकृति की कीमत पर जारी है. झाड़ग्राम और गिधनी स्टेशन के बीच बसुला स्टेशन के पास हुआ यह हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है. बताया गया कि हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन आ गई और तीन हाथी उसकी चपेट में आकर मारे गए. यह क्षेत्र हाथियों के पारंपरिक रास्ते में आता है. हर साल देश के अलग-अलग हिस्सों में इसी तरह के हादसे होते हैं, जिनमें हाथियों समेत अन्य वन्यजीवों की मौत होती है. यह स्थिति दर्शाती है कि वन्यजीवों के संरक्षण और बुनियादी ढांचे के बीच समन्वय अभी भी कमजोर है. क्या रेलवे को यह जानकारी नहीं कि यह क्षेत्र हाथियों का कॉरिडोर है? क्या ट्रेनों की गति नियंत्रित नहीं की जा सकती थी, खासकर सुबह के समय, जब वन्यजीवों की गतिविधियां अधिक होती हैं? रेलवे ट्रैक के दोनों ओर चेतावनी बोर्ड, अंडरपास, सेंसर और निगरानी प्रणाली जैसी तकनीकें अपनाई जानी चाहिए ताकि ऐसे हादसे दोहराए न जाएं. साथ ही, वन्य हाथियों के पारंपरिक रास्तों को चिन्हित कर उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी. अगर हमें विकास की राह पर आगे बढ़ना है, तो प्रकृति और उसके जीवों के साथ संतुलन बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है. वरना यह टकराव केवल हाथियों तक सीमित नहीं रहेगा-बल्कि पूरे पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंचेगा.

# युद्ध की लपटों में घिरती पूरी दुनिया

**डॉ. अंशुल उपाध्याय**

**संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही इस युद्धमय माहौल को नियंत्रित किया जा सकता है. अगर आज हमने युद्ध को नहीं रोका, तो कल शायद हमारे पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा. युद्ध से मुद्दों का कोई स्थाई समाधान नहीं निकलता.**

**दुनिया के कई हिस्सों में भड़क रही युद्ध की आग बेहद चिंताजनक है.**



वर्तमान वैश्विक परिदृश्य अत्यंत तनावपूर्ण और चिंता का विषय बन चुका है. दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध की आग भड़क रही है, जिससे न केवल संबंधित देशों की सुरक्षा को खतरा है, बल्कि संपूर्ण मानवता संकट के मुहाने पर खड़ी दिख रही है. एक ओर रूस और यूक्रेन का युद्ध वर्षों से थमने का नाम नहीं ले रहा, तो दूसरी ओर ईरान और इजरायल के बीच शीत युद्ध सीधे सैन्य संघर्ष में बदल चुका है. इसी बीच भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर फिर से तनाव ने गंभीर रूप ले लिया है.

हाल ही में पाकिस्तान द्वारा भारत के पहलगांव क्षेत्र में किए गए हमले के जवाब में भारत ने भी हवाई हमले कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया. इन घटनाओं ने वैश्विक चिंता को और गहरा कर दिया है. चूंकि ये सभी देश परमाणु हथियारों से लैस हैं, इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अगर यही हालात रहे तो पूरी दुनिया एक बड़े परमाणु युद्ध की ओर अग्रसर हो सकती है, जिसके परिणाम भयावह होंगे.युद्ध, मूलतः दो या दो से अधिक राष्ट्रों या समूहों के बीच सशस्त्र संघर्ष होता है, लेकिन यह केवल हथियार उठाने से नहीं शुरू होता. युद्ध का बीज पहले एक विचार के रूप में पनपता है-कभी राजनीतिक स्वार्थ, कभी सुरक्षा के डर से, तो कभी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा से. यह विचार जब शासन तंत्र में प्रभावी हो जाता है, तब युद्ध अपरिहार्य हो जाता है. 20वीं सदी में हुए दो विश्व युद्धों ने दुनिया को यह सिखाया था कि युद्ध में कोई विजेता नहीं होता-सिर्फ बर्बादी ही होती है. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब भारत को 1947 में स्वतंत्रता मिली, उसके बाद पाकिस्तान ने कश्मीर को लेकर हमला किया और भारत को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए युद्ध में उतरना पड़ा. तब से अब तक भारत-पाकिस्तान के बीच चार बड़े युद्ध हो चुके हैं-1948, 1965, 1971 और 1999 का कारगिल युद्ध.

भारत ने चीन के साथ भी 1962 में युद्ध झेला है. इन युद्धों ने यह साबित कर दिया है कि उपमहाद्वीप में स्थायी शांति की राह आज भी कठिन बनी हुई है.दूसरी ओर पश्चिम एशिया की स्थिति और भी चिंताजनक है. ईरान और इजरायल के बीच लंबे समय से चल रहा तनाव 2024-25 में एक पूर्ण युद्ध में बदल गया. 01 अप्रैल 2024 को इजराइल द्वारा दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर की गई बमबारी में कई वरिष्ठ ईरानी अधिकारी मारे गए. यह संघर्ष सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहा-अब अमेरिका और जी-7 जैसे शक्तिशाली देश भी इसमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल हो चुके हैं, जिससे यह युद्ध एक वैश्विक संकट का रूप लेता जा रहा है.ईरान और इजरायल का यह संघर्ष नया नहीं है. दोनों के बीच 1979 की ईरानी क्रांति के बाद राजनयिक संबंध टूट गए थे. क्रांति से पहले, इन देशों के संबंध अपेक्षाकृत सामान्य थे, लेकिन उसके बाद शिया-बहुल ईरान और यहूदी राष्ट्र इजरायल के बीच वैचारिक और रणनीतिक संघर्ष बढ़ता गया. ईरान ने लेबनान में हिजबुल्ला और फिलिस्तीन में हमास जैसे समूहों को समर्थन देकर इजरायल के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर की नीति अपनाई. इजरायल ने भी समय-समय पर ईरानी ठिकानों पर हमले किए. 2024 तक यह टकराव सिर्फ प्रॉक्सी नहीं रहा-अब यह प्रत्यक्ष युद्ध का रूप ले चुका है.

ईरान की सांस्कृतिक और धार्मिक पृष्ठभूमि को समझना भी इस संघर्ष की जड़ें जानने में सहायक है. इस्लामिक खिलाफत के दौरान जब खलीफा उमर के समय इस्लाम का विस्तार हुआ, तब फारसी संस्कृति और भाषा को इस्लामी पहचान के साथ एकीकृत किया गया. इसी काल में ईरान में शिया इस्लाम का प्रसार हुआ, जिसने उसे इस्लामी दुनिया में एक अलग पहचान दी. आज के ईरान की राजनीतिक और धार्मिक पहचान शिया इस्लाम से जुड़ी है, और इसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खोमेनेई को पूरी दुनिया के शिया समुदाय का प्रतिनिधि माना जाता है. इसी धार्मिक वैचारिकता के चलते ईरान न केवल इजराइल बल्कि अमेरिका जैसे देशों से भी वैमनस्य रखता है. वहीं अमेरिका ने भी समय-समय पर अपने हितों के अनुसार नीतियां बदली हैं. अतीत में, अमेरिका ने इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन को ईरान के खिलाफ समर्थन दिया, लेकिन बाद में उसी सद्दाम को बंकर से निकाल कर मार डाला.

यह उदाहरण बताता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में न कोई स्थायी मित्र होता है और न स्थायी शत्रु-सिर्फ स्वार्थ ही तय करता है कि कौन किसके साथ खड़ा होगा.आज जी-7 जैसे ताकतवर देश ईरान के खिलाफ हैं, लेकिन इतिहास बताता है कि वे कल किसी और पाले में भी खड़े हो सकते हैं. इसीलिए, यह आवश्यक है कि भारत जैसे देश सतर्क रहें और एक संतुलित विदेश नीति अपनाएं, जो किसी भी वैश्विक संकट में उसे स्थायित्व प्रदान करे.युद्ध का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह होता है कि यह सिर्फ सैनिकों तक सीमित नहीं रहता—आम नागरिक, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, सभी इसकी चपेट में आते हैं. आर्थिक मंदी, भोजन संकट, शरणार्थी समस्या और मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कतें युद्ध के अनिवार्य दुष्परिणाम हैं.

आधुनिक युग में जब देश परमाणु अस्त्रों से लैस हैं, तब युद्ध का अर्थ सिर्फ सीमाओं की लड़ाई नहीं, बल्कि मानवता के अस्तित्व पर संकट है.इस समय विश्व समुदाय की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वह सक्रियता से शांति प्रयासों को बढ़ावा दे. संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों को फिर से अपनी भूमिका मजबूत करनी होगी. संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही इस युद्धमय माहौल को नियंत्रित किया जा सकता है.अगर आज हमने युद्ध को नहीं रोका, तो कल शायद हमारे पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा. इतिहास हमें सिखाता है कि युद्ध से कोई स्थायी समाधान नहीं निकलता-बल्कि यह नई पीढ़ियों को सिर्फ दर्द और तबाही की विरासत सौंपता है. अतः समय की मांग है कि राष्ट्र अपनी शक्ति का प्रदर्शन हथियारों से नहीं, बल्कि शांति, सह-अस्तित्व और सहयोग की भावना से करें. यही मानवता की सबसे बड़ी जीत होगी.

**(लेखिका, यूजीसी में सीनियर रिसर्च एसोसिएट रही हैं.)**

## आज का इतिहास

1296 : अलाउद्दीन खिलजी ने स्वयं को दिल्ली का सुल्तान घोषित किया.
1654 : आंग्ल-पुर्तगाल संधि के तहत पुर्तगाल इंग्लैंड के अधीन हुआ.
1847 : जर्मनी के खगोलशास्त्री थियोडोर ने धूमकेतु ब्रोरसेन-मेटकॉफ की खोज की.
1903 : फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बाजार में उतारी.
1951 : जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला प्रथम यरुशलम में हमले में मारे गये.
1969 : नील आर्मस्ट्रांग के रूप में मानव ने चंद्रमा की सतह पर पहला कदम रखा.
1997 : तीस्ता नदी जल बंटवारे पर भारत-बांग्लादेश में समझौता.
2002 : उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच विमान सेवा की शुरुआत.
2005 : कनाडा में समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी. वह ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बना.

**चिंतन**

## शिकायत न करें, खुद से लाएं जीवन में बदलाव

बहुत समय पहले की बात है, एक प्रसिद्द गुरु अपने मठ में शिक्षा दिया करते थे. पर यहां शिक्षा देना के तरीका कुछ अलग था. गुरु का मानना था कि सच्चा ज्ञान मौन रह कर ही आ सकता है. और इसीलिए मठ में मौन रहने का नियम था. लेकिन इस नियम का भी एक अपवाद था, दस साल पूरा होने पर कोई शिष्य गुरु से दो शब्द बोल सकता था.

पहला दस साल बिताने के बाद एक शिष्य गुरु के पास पहुंचा, गुरु जानते थे की आज उसके दस साल पूरे हो गए हैं. उन्होंने शिष्य को दो उंगलियां दिखा कर अपने दो शब्द बोलने का इशारा किया.

शिष्य बोला, खाना गंदा.

गुरु ने 'हां' में सिर हिला दिया.

इसी तरह दस साल और बीत गए और एक बार फिर वो शिष्य गुरु के समक्ष अपने दो शब्द कहने पहुंचा.

बिस्तर कठोर, शिष्य बोला.

गुरु ने एक बार फिर 'हां' में सिर हिला दिया.

करते-करते दस और साल बीत गए और इस बार वो शिष्य गुरु से मठ छोड़ कर जाने की आज्ञा लेने के लिए उपस्थित हुआ और बोला, नहीं होगा.

जानता था, गुरु बोले, और उसे जाने की आज्ञा दे दी और मन ही मन सोचा जो थोड़ा-सा मौका मिलने पर भी शिकायत करता है, वो ज्ञान कहां से प्राप्त कर सकता है.

दोस्तों, बहुत से लोग अपनी लाइफ कम्प्लेन करने या शिकायत करने में ही बिता देते हैं, और उस शिष्य की तरह अपने लक्ष्य से चूक जाते हैं. शिष्य ने पहले दस साल सिर्फ ये बताने के लिए इंतज़ार लिया कि खाना गंदा है. यदि वो चाहता तो इस समय में वो खुद खाना बनाना सीख कर अपने और बाकी लोगों के लिए अच्छा खाना बना सकता था. चीजों को बदल सकता था, हमें यही करना चाहिए. हमें शिकायत करने की जगह सभी चीजों को सही करने की दिशा में काम करना चाहिए. और शिकायत करने की जगह, हमें खुद वो बदलाव अपने में लाना चाहिए जो हम इस दुनिया में दूसरों से देखना चाहते हैं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #ControlAnger
2. #MangalPandey
3. मंगल पांडे
4. Saint MSG
5. #BetterEveryday
6. Perfect Schedule
7. #Saiyaara
8. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम
9.#FUNToken1000x
10. श्री राम

**बहुरंग**

**'किंग' के सेट पर घायल हुए शाहरुख खान**

## फिल्म की शूटिंग फिलहाल रोकी

शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' पिछले काफी समय से सुर्खियों में है. यह प्रोजेक्ट इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें पहली बार वह अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे. फैंस इस अनोखी जोड़ी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं. हालांकि ताजा जानकारी के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग फिलहाल टाल दी गयी है. वजह ये है कि शूट के दौरान एक एक्शन सीन करते समय शाहरुख खान घायल हो गए हैं. चोट की गंभीरता को देखते हुए मेकर्स ने शूटिंग को कुछ समय के लिए रोकने का फैसला लिया है. शाहरुख खान हाल ही में मुंबई के गोल्डन टोबैको स्टूडियो में फिल्म 'किंग' के लिए एक बड़े एक्शन सीन की शूटिंग कर रहे थे, जब वह अचानक घायल हो गए. रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख को मांसपेशियों में गंभीर चोट आई है, जिसके चलते उन्हें इलाज के लिए अमेरिका ले जाया गया है. रिपोर्ट के अनुसार, चोट की स्थिति को देखते हुए शाहरुख की सर्जरी भी कराई जाएगी और डॉक्टरों ने उन्हें करीब एक महीने का आराम करने की सलाह दी है. इसी के चलते फिल्म 'किंग' की शूटिंग को कुछ समय के लिए टाल दिया गया है. अब इसका अगला शेड्यूल सितंबर या अक्टूबर में शुरू होने की संभावना है, जब तक कि शाहरुख पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते. शाहरुख खान अब पूरी तरह से ठीक होने के बाद ही फिल्म 'किंग' के सेट पर वापसी करेंगे. राहत की बात यह है कि उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है. यह पहली बार नहीं है जब शाहरुख शूटिंग के दौरान चोटिल हुए हों. पिछले कई वर्षों में वह कई बार मेडिकल इमरजेंसी का सामना कर चुके हैं. उनके कंधे, घुटने और पीठ की सर्जरी हो चुकी है, लेकिन इन तमाम मुश्किलों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी. वह हमेशा की तरह डटकर खड़े रहे और दर्शकों के दिलों में 'किंग' की तरह राज किया. शाहरुख खान और सुहाना खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' की शूटिंग मई 2025 में शुरू हुई थी.



## संगीता बिजलानी के फार्महाउस में घुसे चोर, तोड़फोड़ करने के साथ की चोरी



**अभिनेत्री** संगीता बिजलानी के फार्महाउस में चोरी और तोड़फोड़ की चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यह घटना पुणे जिले के मावल इलाके में स्थित उनके फार्महाउस पर घटी, जहां अभिनेत्री करीब चार महीने बाद पहुंचीं तो देखा कि वहां भारी नुकसान हुआ है. पुलिस के मुताबिक, फार्महाउस से कई कीमती सामान गायब मिले हैं और तोड़फोड़ के भी साफ निशान दिखाई दिए हैं. संगीता ने तुरंत स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना से अभिनेत्री काफी हैरान और आहत हैं. पुलिस को दी गई शिकायत में संगीता बिजलानी ने बताया कि जब वह फार्महाउस पहुंचीं, तो वहां का मुख्य दरवाज़ा टूटा हुआ था और खिड़की की ग्रिल भी उखड़ी मिली. घर के भीतर जाकर उन्होंने देखा कि टीवी गायब है. इसके अलावा चोरों ने बिस्तर, फ्रिज और यहां तक कि सीसीटीवी कैमरा तक तोड़ डाला था. संगीता ने बताया कि बीते कुछ महीनों से वह अपने पिता की खराब तबीयत के चलते फार्महाउस नहीं आ सकीं, जिस वजह से वहां की स्थिति की जानकारी नहीं हो सकी. पुलिस अब आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है. संगीता बिजलानी ने घटना के बारे में कहा, मैं अपने दो घरेलू सहायकों के साथ फार्महाउस पहुंची थी. वहां पहुंचते ही देखा कि मुख्य दरवाज़ा टूटा हुआ है और खिड़की की ग्रिल भी क्षतिग्रस्त है. एक टीवी गायब था, जबकि दूसरा टूटा हुआ मिला. ऊपरी मंज़िल पर हर तरफ सामान बिखरा हुआ था. कुछ कीमती चीज़ें भी नज़र नहीं आ रही थीं. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभांक-1-4-6

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें. कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. कार्य भार बढ़ेगा. स्वविवेक से कार्य करें. कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा. समय व्ययकारी सिद्घ होगा. शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. अच्छे समय इन्तजार करें. कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें. नैतिक दायरे में रहें. शुभांक-3-6-7

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें. शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा. शुभांक-5-8-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं. अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा. बुरी संगति से बचें. सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है. शुभांक-4-7-9

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. स्वास्थ्य पर ध्यान दें. शांतिपूर्वक कार्य करें. धार्मिक यात्रा का योग हैं. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी. शुभांक-2-5-9

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. शुभांक-4-6-8

**मकर :** मनोरथ सिद्घ होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. शुभांक-6-9-9

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. खुद की सेहत को लेकर सावधान रहें, मौसमी रोग हो सकते हैं. शुभांक-3-6-7

## बॉक्स ऑफिस पर 'सैयारा' की तूफानी एंट्री, पहले दिन की कमाई शानदार



मोहित सूरी हिंदी सिनेमा के उन निर्देशकों में से हैं जिन्होंने 'आशिकी 2' और 'एक विलेन' जैसी सुपरहिट फिल्मों से अपनी खास पहचान बनाई है. अब 18 जुलाई को उनकी नई पेशकश 'सैयारा' रिलीज हुई और पहले ही दिन दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स देखने को मिला. अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए चेहरों वाली इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका कर दिया. दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी और 'सैयारा' ने बड़े सितारों की फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया.

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'सैयारा' ने रिलीज के पहले ही दिन 20 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की है. अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए चेहरों ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया है. 'सैयारा' ने ओपनिंग डे पर इतना जबरदस्त प्रदर्शन किया कि इसने आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे सुपरस्टार्स की इस साल रिलीज हुई फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है. फिल्म की शुरुआत ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी कहानी और नई ऊर्जा हमेशा दर्शकों को आकर्षित करती है. आमिर खान की 'सितारे ज़मीन पर' ने पहले दिन 10.70 करोड़ रुपये, अक्षय कुमार की 'स्काई फोर्स' ने 15.30 करोड़ रुपये, जबकि अजय देवगन की 'रेड 2' ने 19.71 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी. वहीं, मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' ने इन सभी को पीछे छोड़ते हुए पहले दिन 20 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया है. करीब 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म की जबरदस्त शुरुआत के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि शनिवार और रविवार को भी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करेगी.

रिलीज से पहले ही 'सैयारा' ने 9.39 करोड़ रुपये की शानदार एडवांस बुकिंग करके सभी का ध्यान खींचा था. पहले दिन इसके 14 से 16 करोड़ रुपये कमाने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन इसने सीधे 20 करोड़ रुपये की ओपनिंग कर सभी को चौंका दिया. बिना शक, मोहित सूरी ने एक बार फिर 'आशिकी 2' वाला जादू बिखेरा है. फिल्म को खासकर युवा दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा से अहान पांडे और अनीत पड्डा ने बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री की है.

**रिलीज से पहले ही 'सैयारा' ने 9.39 करोड़ रुपये की शानदार एडवांस बुकिंग करके सभी का ध्यान खींचा था. पहले दिन इसके 14 से 16 करोड़ रुपये कमाने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन इसने सीधे 20 करोड़ रुपये की ओपनिंग कर सभी को चौंका दिया. बिना शक, मोहित सूरी ने एक बार फिर 'आशिकी 2' वाला जादू बिखेरा है.**

## ब्रीफ न्यूज

### सीएनजी ऑटो पलटने से व्यवसायी की मौत

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दोगच्छी बाईपास स्थित बिहारीपुर ओवरब्रिज के पास शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में व्यवसायी रामस्वरूप मंडल की मौत हो गई. वह शाहकुंड थाना क्षेत्र के जानीपुर गांव के रहने वाले थे. हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार रामस्वरूप मंडल किसी निजी कार्य से भागलपुर आए थे. कार्य समाप्ति के बाद जब वे वापस अपने गांव शाहकुंड लौट रहे थे, तभी बिहारीपुर ओवरब्रिज के पास अचानक उनका सीएनजी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया.

### थाना प्रभारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**समस्तीपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई के तहत महिला थाना की प्रभारी और एसआई पुतुल कुमारी को निगरानी की टीम ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया. इस कार्रवाई में उनका ड्राइवर भी शामिल था, जिसे रिश्वत लेते समय पकड़ा गया. जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई समस्तीपुर के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के छतौना गांव निवासी राजीव रंजन की शिकायत के आधार पर की गई. राजीव रंजन ने महिला थाना प्रभारी द्वारा मारपीट के एक मामले में रिश्वत मांगने की लिखित शिकायत निगरानी विभाग से की थी.

### टैंकर से टकराया बाइक बाल-बाल बचा युवक

**भागलपुर।** जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइपास स्थित जिच्छो दुर्गा मंदिर के समीप सड़क पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. एक तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर अचानक टैंकर के नीचे जा घुसा. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे उड़ गए. लेकिन चमत्कारिक रूप से बाइक सवार दो युवक बाल-बाल बच गए. इस हादसे ने स्थानीय लोगों को दहशत में डाल दिया और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे में घायल युवक की पहचान कहलगांव निवासी उत्सव कुमार के रूप में हुई है.

## गंगा का जलस्तर बढ़ रहा, पटना समेत कई जिलों में बाढ़ का खतरा

# सीएम नीतीश ने गंगा नदी के जलस्तर का निरीक्षण किया

**शुभम संदेश।पटना**




बिहार में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे बक्सर से लेकर भागलपुर तक गंगा किनारे बसे इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है. पटना के गांधी घाट, दीघा घाट, दानापुर और मनेर जैसे प्रमुख घाटों पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार या छूने की स्थिति में है. गंगा का पानी तेजी से निचले इलाकों में प्रवेश कर रहा है, जिससे दियारा क्षेत्र और नदी किनारे के गांवों में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है. गंभीर होती स्थिति को देखते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ से गंगा नदी के जलस्तर का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से एहतियाती तैयारियों की जानकारी ली और किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए सख्त निर्देश दिए. उन्होंने खास तौर पर बाढ़ से प्रभावित हो सकने वाले क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की योजनाओं का जायजा लिया.

पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान 48.60 मीटर के मुकाबले शनिवार को 49.01 मीटर रिकॉर्ड किया गया है. दीघा घाट पर जलस्तर 50.33 मीटर पहुंच गया है, जबकि खतरनाक सीमा 50.45 मीटर है. वहीं, हाथीदह में गंगा का जलस्तर 41.93 मीटर है, जो खतरे के निशान 41.76 मीटर से ऊपर है.

पिछले 24 घंटों में गांधी घाट पर 0.18 मीटर, दीघा घाट पर 0.25 मीटर और हाथीदह में 0.33 मीटर की वृद्धि दर्ज की गई है. बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए पटना प्रशासन ने 119 ऊँचे स्थलों की पहचान की है, जहां राहत शिविर, सामुदायिक रसोई और अन्य आपदा राहत सेवाएं संचालित की जाएंगी. नाव से बचाव कार्यों के लिए 245 नाविकों की टीम को तैनात किया गया है. इनके अलावा विशेष रूप से प्रशिक्षित गोताखोर भी स्टैंडबाय पर रखे गए हैं.

एसडीआरएफ की दो टीमें पहले से ही पटना में सक्रिय हैं, जबकि एनडीआरएफ की एक टीम को दीदारगंज में स्टैंडबाय मोड पर रखा गया है. प्रशासन ने आपदा की स्थिति से निपटने के लिए सभी अनुमंडल अधिकारियों, अंचलाधिकारियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने और निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया है. पटना जिला आपदा नियंत्रण केंद्र को 24x7 सक्रिय रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके. इस केंद्र से संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 0612-2210118 जारी किया गया है. प्रशासन की ओर से आम जनता से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें. साथ ही, बाढ़ संभावित इलाकों के लोग सतर्क रहें और प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन करें. बढ़ते जलस्तर के बीच आने वाले दिनों में गंगा का व्यवहार और अधिक चिंताजनक हो सकता है. मौसम विभाग और जल संसाधन विभाग लगातार इसकी निगरानी कर रहे हैं.




### कुख्यात चंदन मिश्रा हत्या मामले में पांच आरोपित कोलकाता से गिरफ्तार

**पटना।** बेली रोड पर स्थित पारस एमआरआई अस्पताल में बीते गुरुवार को चंदन मिश्रा हत्या मामले में पटना पुलिस और बंगाल एसटीएफ ने शनिवार को कोलकाता के सैटेलाइट टाउनशिप में एक आवासीय परिसर से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है. बंगाल एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक इन आरोपितों को शनिवार तड़के पटना पुलिस और पश्चिम बंगाल एसटीएफ की संयुक्त रूप से की गई छापेमारी के बाद महानगर के सैटेलाइट टाउनशिप स्थित एक आवासीय परिसर से गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार पांच में से चार आरोपित चंदन मिश्रा हत्या में सीधे तौर पर शामिल थे. घटना के बाद वे पटना से भागकर कोलकाता आ गए थे. उनके मोबाइल फोन टावर लोकेशन से हमें उनका पता लगाने में मदद मिली. अभी इन आरोपितों के नाम सामने नहीं आए हैं. बिहार पुलिस उन्हें स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी. हालांकि पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कार्रवाई से जुड़ी अहम जानकारी दी. पटना एसएसपी ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि अभी ऐसी कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## न्यूज अपडेट

### परिवार के पांच सदस्यों ने खाया जहर, चार की मौत



**नालंदा।** पावापुरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने जहर निगल लिया. इनमें से चार की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस ने इसकी पुष्टि की. पुलिस के मुताबिक, सभी को भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स) पावापुरी में बीती देर रात भर्ती कराया गया. वहां उपचार के दौरान 16 वर्षीय दीपा कुमारी, 14 वर्षीय अरिका कुमारी, 38 वर्षीय सोनी कुमारी और 15 वर्षीय शिवम कुमार की मौत हो गई. 40 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है. यह परिवार छह महीने से पावापुरी जल मंदिर के सामने किराए के मकान में रह रहा था. बताया गया है कि धर्मेंद्रकुमार ने यहां कपड़े की दुकान खोली थी, लेकिन लगातार घाटा और करीब 5 लाख रुपये के कर्ज के चलते परिवार मानसिक तनाव में था. घटना की जानकारी मिलते ही राजगीर डीएसपी सुनील कुमार, इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज और पावापुरी ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है.

### दवा कारोबारी से 17 हजार रुपये और मोबाइल लूटा

**अररिया।** जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्हारा शाहबाजपुर कचरा भवन के पास हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया. घटना में दवा कारोबारी प्रभाकर साह से 17 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और कागजात से भरा बैग लूट लिया गया. पीड़ित कारोबारी फारबिसगंज बंगाली टोला वार्ड संख्या 25 निवासी 52 वर्षीय प्रभाकर साह ने फारबिसगंज थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ आवेदन दिया है. उन्होंने बताया कि वे राम मनोहर लोहिया पथ स्थित अजीमुद्दीन मार्केट फुलवरिया हाट के पास सुनीता ड्रग्स डिस्ट्रीब्यूटर₹ नाम से दवा की थोक दुकान चलाते हैं. प्रभाकर साह खवासपुर में बकाया रकम की वसूली के लिए गए थे और वापसी के दौरान अम्हारा के पास तीन बाइक पर सवार छह बदमाशों ने उनकी गाड़ी रुकवाकर पिस्टल दिखाया. बदमाशों ने सिर पर पिस्टल तानते हुए जबरन जेब से 17 हजार रुपये और रेडमी नाइन मोबाइल फोन छीन लिया. पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है.

### 10 लाख की स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार।** रौतारा थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने एक महिला तस्कर को 10 लाख रुपये की स्मैक के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया. महिला के पास से कुल 822.2 ग्राम स्मैक और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. गिरफ्तार महिला की पहचान मीना देवी (45 वर्ष), पति स्वर्गीय बुट्टु पासवान, निवासी ग्राम खुदना, थाना रौतारा, जिला कटिहार के रूप में हुई है. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-1) अभिजीत कुमार सिंह ने जानकारी दी कि रौतारा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि गोविंदपुर ओवरब्रिज के पास एक महिला संदिग्ध अवस्था में बैठी है और उसके पास भारी मात्रा में स्मैक है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को हिरासत में लिया और तलाशी ली. तलाशी के दौरान महिला के झोले से चार प्लास्टिक डब्बों में रखी 822.2 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है.

### चर्चित चिकित्सक डॉ. तपेश्वर प्रसाद पर फायरिंग

**गया।** शेरघाटी अनुमंडल स्थित शेखपुरा मोहल्ले में बाइक सवार तीन बदमाशों ने चर्चित चिकित्सक डॉ. तपेश्वर प्रसाद पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. यह घटना उस समय घटी जब डॉक्टर अपने बगीचे से घर लौट रहे थे. बदमाश अपाचे बाइक पर सवार होकर आए और तीन राउंड फायरिंग की, जिसमें दो गोलियां चूक गईं लेकिन एक गोली डॉक्टर के जबड़े में जा लगी. घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पत्थरबाजी कर हमलावरों को खदेड़ने की कोशिश की. हमलावर मौके से फरार हो गए. घायल चिकित्सक को पहले प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया. फिलहाल डॉक्टर को विशेष निगरानी में रखा गया है. सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना अध्यक्ष अजीत कुमार और एएसपी शैलेन्द्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी.

**कार्रवाई**

## बिहार में बढ़ते अपराध पर नीतीश सरकार का बड़ा एक्शन

# 40 डीएसपी स्तर के अधिकारियों का तबादला

**शुभम संदेश।पटना**

बिहार में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है. विशेष रूप से राजधानी पटना में बीते कुछ दिनों में हुई हत्याओं ने कानून-व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है. इसी के मद्देनजर नीतीश सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है.

सरकार ने पूरे राज्य में 40 डीएसपी स्तर के अधिकारियों का तबादला कर दिया है, जिसमें पटना के 22 में से 7 डीएसपी को उनके पदों से हटा दिया गया है. इनमें से 6 अधिकारियों को ₹वेटिंग फॉर पोस्टिंग₹ में डाल दिया गया है.

पटना में पिछले 18 दिनों में 14 हत्याएं हुई हैं, जिनमें खेमका हत्याकांड और पारस अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की दिनदहाड़े हत्या ने प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया. इन घटनाओं के बाद पटना लॉ एंड ऑर्डर के डीएसपी-2 प्रकाश कुमार को उनके पद से हटा दिया गया है. उनकी जगह ऋतुराज को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसके अलावा पटना नगर के एसडीपीओ-2 कामाख्या नारायण सिंह, विधि व्यवस्था के एसडीपीओ-2 कुमार ऋषिराज और पटना सदर के एसडीपीओ-3 रंजन कुमार की भी नई तैनाती की गई है. यह बदलाव केवल पटना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सुपौल, छपरा, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, औरंगाबाद, सीतामढ़ी, बक्सर, मधुबनी, जहानाबाद जैसे जिलों के अधिकारियों का भी तबादला किया गया है. राज कुमार शाह को सुपौल से सहरसा भेजा गया है, वहीं छपरा के एसडीपीओ-1 रहे राज किशोर सिंह अब पटना सिटी (पूर्वी) की कमान संभालेंगे. गौरव कुमार पाण्डेय को स्पेशल ब्रांच पटना से बक्सर भेजा गया है. पटना पुलिस मुख्यालय से सूरज कुमार को मुजफ्फरपुर नगर में एसडीपीओ-1 नियुक्त किया गया है.

इसके अलावा पटना प्रशिक्षण विभाग में कार्यरत आशोक कुमार दास को औरंगाबाद के राइनगर स्थानांतरित किया गया है. सुनीता कुमारी, जो अपराध अनुसंधान विभाग पटना में थीं, अब जमुई जिले के झाझा में पदभार संभालेंगी. वहीं पटना मुख्यालय में वेटिंग लिस्ट में रहे प्रसाद नाथ साहू को सहरसा के खगड़िया एसडीपीओ-1 के रूप में भेजा गया है. रामकुमार सिंह को अररिया से छपरा एसडीपीओ-1 के रूप में स्थानांतरित किया गया है.

नीतीश सरकार के इस बड़े फैसले को कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में सख्त कदम माना जा रहा है. सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अपराध और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## कारोबार

### म्यूचुअल फंड कंपनी 'द वेल्थ कंपनी' को सेबी की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है. पैंटोमाथ ग्रुप द्वारा समर्थित 'द वेल्थ कंपनी' को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने की मंजूरी मिल गई है. यह कंपनी भारत का पहला ऐसा फंड हाउस बन गई है, जिसे किसी महिला—मधु लुणावत—ने स्थापित किया है और वह इसकी प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगी. मधु लुणावत एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उन्होंने पैंटोमाथ ग्रुप की सह-स्थापना की थी, जो कि मिड-मार्केट सेगमेंट में एक प्रमुख इन्वेस्टमेंट बैंकिंग फर्म है. सेबी की मंजूरी मिलने के बाद द वेल्थ कंपनी देश की पहली गैर-संस्थागत महिला -स्थापित म्यूचुअल फंड संस्था बन गई है. लुणावत ने इससे पहले इंफोसिस, एएसआरईसी और इडलविस ग्रुप जैसे बड़े संगठनों में भी काम किया है.

### नई बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे भारत में हुआ लॉन्च



**नयी दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ने भारत में अपनी नई 2 सीरीज ग्रैन कूपे का औपचारिक तौर पर लॉन्च कर दिया है. चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित यह सेकंड-जेनरेशन ग्रैन कूपे केवल पेट्रोल पावरट्रेन के साथ उपलब्ध होगी. ग्राहक इसे देशभर के सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स पर बुक कर सकते हैं, और डिलीवरी भी आज से शुरू हो गई है. नई बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे ने अपनी आकर्षक डिजाइन और स्पोर्टी ड्राइविंग स्टाइल के दम पर प्रीमियम कॉम्पैक्ट सेगमेंट में अपनी अलग पहचान बनाई है. यह कार खासतौर पर उन युवा शहरी ग्राहकों के लिए बनाई गई है, जो स्टाइल के साथ मजबूती और ग्रैन कूपे सिल्हूट चाहते हैं.

## यूरोपीय यूनियन के नए प्रतिबंध से भारतीय तेल कंपनियों पर असर

# रिलायंस व नायरा एनर्जी मुश्किल में

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने रूस से आयातित तेल पर 18वां प्रतिबंध लागू किया है, जिससे भारत की दो प्रमुख निजी तेल कंपनियां—रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायरा एनर्जी—प्रभावित हो सकती हैं. नए प्रतिबंधों के तहत रूसी कच्चे तेल की कीमत को 47.6 डॉलर प्रति बैरल तक सीमित कर दिया गया है, जो पहले 60 डॉलर थी. यह नियम 3 सितंबर से प्रभावी होगा. रिलायंस इंडस्ट्रीज, जो भारत की सबसे बड़ी रिफाइनिंग कंपनी है और यूरोप को ईंधन का प्रमुख निर्यातक है, अब एक मुश्किल विकल्प के सामने खड़ी है. उसे या तो सस्ते रूसी तेल का आयात छोड़ना होगा या फिर यूरोप के बड़े डीजल बाजार से बाहर होना पड़ेगा. दोनों ही स्थितियां कंपनी के मुनाफे को प्रभावित कर सकती हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, यूरोपीय बाजार रिलायंस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन अब इस पर पकड़ बनाए रखना मुश्किल हो सकता है. इसके पीछे कारण है ईयू का कड़ा रुख और संभावित बैंकिंग व तकनीकी प्रतिबंध जो रूसी तेल से जुड़े व्यापार को प्रभावित करेंगे. रूसी कंपनी रोसनेफ्ट की नायरा एनर्जी में 49% हिस्सेदारी है, और नए ईयू प्रतिबंधों से नायरा को अपने परिचालन में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, नायरा को यूरोपीय बैंकों से वित्तीय लेनदेन में दिक्कत आ सकती है, साथ ही रिफाइनिंग तकनीक और उपकरणों की आपूर्ति में भी रुकावटें आ सकती हैं. इसके चलते यूरोपीय बाजार में रिफाइंड उत्पादों की बिक्री लगभग बंद हो सकती है.




रोसनेफ्ट की अपनी हिस्सेदारी बेचने की योजना भी इन पाबंदियों के कारण अधर में लटक सकती है. हालांकि, यह स्थिति सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों जैसे इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के लिए फायदेमंद हो सकती है. ये कंपनियां यूरोपीय बाजार पर निर्भर नहीं हैं लेकिन रूसी तेल की बड़ी खरीदार हैं. हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पूर्व चेयरमैन एमके सुराना का कहना है कि अब रूसी तेल पहले से ज्यादा सस्ता और आकर्षक हो सकता है, क्योंकि पश्चिमी देशों की मांग घटने से भारत को बेहतर सौदे मिल सकते हैं. इन कंपनियों के लिए यह स्थिति इसलिए भी अनुकूल है क्योंकि वे डिलीवर्ड बेसिस पर तेल खरीदती हैं, जिसमें सप्लायर शिपिंग और बीमा जैसी जिम्मेदारियां लेता है.

भारत सरकार ने ईयू के इन एकतरफा प्रतिबंधों का विरोध किया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ऊर्जा सुरक्षा को सबसे ऊपर रखता है और वैश्विक ऊर्जा व्यापार में समान नियमों की आवश्यकता है. उन्होंने कहा, ₹भारत एक जिम्मेदार देश के रूप में अपनी कानूनी प्रतिबद्धताओं का पालन करता है और एकतरफा प्रतिबंधों के खिलाफ है. हालांकि ईयू ने ये प्रतिबंध लागू किए हैं, लेकिन इनकी प्रभावशीलता अमेरिका के समर्थन पर भी निर्भर करती है. अधिकांश तेल व्यापार डॉलर में होता है और अमेरिकी बैंकिंग सिस्टम के माध्यम से संचालित होता है. फिलहाल अमेरिका ने ईयू के इस कदम का समर्थन नहीं किया है, लेकिन रूस पर दबाव बनाने के लिए उसने अपने स्तर पर 100% टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा है. ईयू के नए प्रतिबंध भारत के तेल व्यापार पर मिश्रित प्रभाव डाल सकते हैं.

### डॉलर के खिलाफ साजिश पर भारी पड़ेगा अमेरिका का चाबुक

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर आक्रामक तेवर दिखाते हुए ब्रिक्स देशों को कड़ी चेतावनी दी है. व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा कि यदि ब्रिक्स गठबंधन अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश करता है, तो उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. उन्होंने ऐलान किया कि डॉलर के खिलाफ किसी भी साजिश की स्थिति में ब्रिक्स देशों के निर्यात पर 10 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा. यह बयान नए क्रिप्टोकरेंसी कानून पर हस्ताक्षर के मौके पर आया, जिसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल असेट्स से जुड़े नियमों को मजबूत करना था. हालांकि ट्रंप ने इस अवसर का उपयोग वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिका की मुद्रा नीति के प्रति सख्त रुख का संदेश देने के लिए किया. उन्होंने कहा, डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने की कीमत चुकानी पड़ेगी. ब्रिक्स में अब ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई भी शामिल हो चुके हैं.

## न्यूज अपडेट

### भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट जारी भंडार घटकर $696.67 अरब पर पहुंच गया

**नयी दिल्ली।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई है. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 11 जुलाई 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में $3.064 बिलियन की कमी आई है, जिससे भंडार घटकर $696.672 बिलियन रह गया है. इससे पिछले सप्ताह भी भंडार में $3.049 बिलियन की गिरावट आई थी. यह गिरावट मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार में आई कमी के कारण दर्ज की गई है. आलोच्य सप्ताह के दौरान एफसीए में सबसे अधिक $2.477 बिलियन की गिरावट देखी गई है. इससे एक सप्ताह पहले इसमें $3.537 बिलियन की कमी आई थी.



### बाजार ने 2025 की पहली छमाही में दिखाई मजबूती

**नयी दिल्ली।** 2025 की पहली छमाही में भारतीय शेयर बाजार में अस्थिरता के बावजूद आईपीओ बाजार ने मजबूत प्रदर्शन किया है. आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जून 2025 के बीच कुल 108 आईपीओ लॉन्च हुए, जिनके माध्यम से 4.6 बिलियन डॉलर (लगभग 38,000 करोड़) जुटाए गए. यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में आईपीओ की संख्या में 30% की गिरावट को दर्शाता है, लेकिन पूंजी जुटाने में मात्र 2% की मामूली कमी आई है, जो आईपीओ की गुणवत्ता और निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है. इस अवधि में सबसे बड़ा आईपीओ हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का रहा, जिसने फरवरी में 1.0 बिलियन डॉलर जुटाए. इसके बाद रोडस्टार इन्फ्रा इनवेस्टमेंट ट्रस्ट ने मार्च में 524 मिलियन डॉलर और श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड ने जून में 410 मिलियन डॉलर की पेशकश की.

### टाटा प्ले बिंज अब वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर

**नयी दिल्ली।** टाटा प्ले बिंज पर अब प्रसार भारती का लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च हो गया है. इस नई साझेदारी से टाटा प्ले बिंज को और व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचने में मदद मिलेगी. वेव्स पर सांस्कृतिक, पारिवारिक और क्षेत्रीय मनोरंजन का विशाल भंडार उपलब्ध है, जिसमें हिंदी, क्षेत्रीय और सदाबहार कार्यक्रम शामिल हैं. इस प्लेटफॉर्म पर दूरदर्शन के कई कार्यक्रम एक ही सदस्यता में देखे जा सकते हैं. टाटा प्ले बिंज के दर्शक वेव्स के सभी शो, धारावाहिक और लाइव कार्यक्रम का आनंद ले सकते हैं. 12 भारतीय भाषाओं में 20,000 से अधिक घंटे का मनोरंजन उपलब्ध है, जिसमें ब्योमकेश बक्षी, फौजी, हम लोग, सरपंच साहब, जाईये आप कहाँ जाएंगे और डेला बेला जैसे लोकप्रिय धारावाहिक शामिल हैं. इसके अलावा, अयोध्या से प्रभु श्री राम लला जी की आरती, हॉकी इंडिया लीग जैसे लाइव इवेंट्स भी देखे जा सकते हैं.

### कीमत को ले चर्चा में गौतम अडानी की अडानी वेरिस

**नयी दिल्ली।** गौतम अडानी की अडानी रियलटी गुरुग्राम के सेक्टर 2, ग्वाल पहाड़ी में अपना नया अल्ट्रा-लक्जरी प्रोजेक्ट अडानी वेरिस लेकर आई है. यह प्रोजेक्ट अपनी शानदार सुविधाओं, बेहतरीन लोकेशन और कीमत को लेकर चर्चा में है. इसकी शुरुआती कीमत 20.65 करोड़ रुपये तय की गई है, जो इसकी भव्यता और प्रीमियम सुविधाओं को दर्शाती है. अडामी वेरिस एक हाई-एंड रेजिडेंशियल टावर है, जो लगभग 4 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है. इसमें कुल 34 एक्सक्लूसिव 4 बीएचके स्मार्ट होम्स होंगे, जिनका साइज करीब 333.91 वर्ग मीटर है. ये अपार्टमेंट्स प्रीमियम फिनिश, मॉडर्न किचन उपकरण और लक्जरी बाथरूम फिटिंग्स से लैस होंगे. इसके अलावा, बड़े विंडो पैनल्स के साथ पर्याप्त नेचुरल लाइट और वेंटिलेशन सुनिश्चित किया गया है. प्रोजेक्ट में साउथ-फेसिंग बालकनियां, वर्टिकल गार्डन, स्काई लाउंज, लैंडस्केप गार्डन, जिम, स्विमिंग पूल, इनडोर गेम्स ज़ोन और सोशल स्पेस शामिल हैं.

**बीमा**

## जर्मनी की एलियांज व मुकेश की जेएफएसएल बनाएगी संयुक्त उपक्रम

# भारत के बीमा बाजार पर होगा गहरा असर

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

भारत के बीमा बाजार में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है. जर्मनी की दिग्गज बीमा कंपनी एलियांज और मुकेश अंबानी की कंपनी जियो फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) ने मिलकर भारतीय बीमा सेक्टर में कदम रखने का फैसला किया है. इसके लिए दोनों कंपनियों ने 50:50 की साझेदारी के साथ एक संयुक्त उपक्रम बनाने की घोषणा की है. यह साझेदारी जीवन बीमा और सामान्य बीमा दोनों क्षेत्रों को कवर करेगी. यह समझौता अभी शुरुआती स्तर पर है, लेकिन जानकारों का मानना है कि इसका



असर आने वाले वर्षों में भारत के बीमा बाजार पर गहरा होगा. खास बात यह है कि एलियांज ने यह कदम अपनी 20 साल पुरानी भारतीय साझेदारी—बजाज फिनसर्व—से अलग होने के मात्र चार महीने बाद उठाया है. यह केवल साझेदार बदलने का मामला नहीं, बल्कि इलियांज की रणनीति में एक बड़ा बदलाव भी है. एलियांज अब पारंपरिक साझेदारियों की बजाय डिजिटल और आधुनिक वित्तीय इन्फ्रास्ट्रक्चर पर आधारित मॉडल को अपनाना चाहती है. कंपनी के सीईओ ओलिवर बेट ने साफ किया है कि वह भारत में विश्व स्तरीय वित्तीय सेवाएं प्रदान करना चाहते हैं और देश के रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम का अभिन्न हिस्सा बनना चाहते हैं. भारत में बीमा कंपनियों के बीमा यानी रीइंश्योरेंस का बाजार अभी सीमित है.

सरकारी कंपनी जीआईसी रि इसमें प्रमुख भूमिका निभाती है, जबकि विदेशी कंपनियां जैसे म्यूनिख रि, स्विस रि और स्कोर सि भारत में अपनी शाखाओं के जरिए काम करती हैं. लेकिन एलियांज व जेएफएसएल भारत में एक स्थानीय कंपनी बनाकर रीइंश्योरेंस सेक्टर में उतरना चाहते हैं, जिससे वे भारतीय बीमा नियामकों और बाजार के साथ गहराई से जुड़ सकें.

जेएफएसएल, जिसे पिछले साल रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग किया गया था, आज तेजी से एक प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में उभर रही है. यह कंपनी पहले से ही लोन, पेमेंट, लीजिंग और इंश्योरेंस ब्रोकिंग जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है. इसके अलावा, जेएफएसएल ने दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैक राक के साथ मिलकर एसेट और वेल्थ मैनेजमेंट सेवाएं भी शुरू की हैं. एलियांज के साथ यह नई साझेदारी जेएफएसएल को ₹वन-स्टॉप फाइनेंशियल सर्विसेज₹ प्लेटफॉर्म बनाने में मदद करेगी. भारत वर्तमान में दुनिया का 10वां सबसे बड़ा बीमा बाजार है और इसके और तेजी से बढ़ने की संभावना है. वित्त वर्ष 2025 में जीवन बीमा का प्रीमियम 8.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक था, जबकि सामान्य बीमा बाजार करीब 3.1 लाख करोड़ रुपये का था. इनमें वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और संपत्ति बीमा जैसे क्षेत्र शामिल हैं. अगर यह संयुक्त उपक्रम सफल होता है, तो यह भारत के रीइंश्योरेंस और बीमा उद्योग के लिए एक बड़ा मोड़ साबित हो सकता है.

### ओपन चैंपियनशिप 2025: दूसरे राउंड में चीन के ली हाओतोंग और अमेरिका के ब्रायन हार्मन शीर्ष पर

# मैकइलरॉय की रोमांचक प्रदर्शन से उम्मीदें बरकरार

**एजेंसी। रॉयल पोर्टरश**

चीन के ली हाओतोंग और अमेरिका के ब्रायन हार्मन ने ओपन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दौर के बाद आठ अंडर पार स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है, वहीं घरेलू पसंदीदा रोरी मैकइलरॉय ने रोमांचक प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं.दुनिया के 111वें रैंकिंग वाले ली हाओतोंग ने बदलते मौसम के बीच पहले 12 होल में पांच बर्डी लगाईं और अकेले बढ़त बना ली.हालांकि 14वें होल पर उनकी पहली बोगी ने उन्हें वापस संयुक्त बढ़त पर ला खड़ा किया.ली के लिए यह टूर्नामेंट में पहला ड्रॉप शॉट था.



हार्मन का बेहतरीन प्रदर्शन, बिना गलती की बोगी-रहित पारी ब्रायन हार्मन, जो दो साल पहले रॉयल लिवरपूल में क्लेरेट जुग जीत चुके हैं, ने शुरुआत से ही लय पकड़ी.पहले दो होल में बर्डी करने के बाद उन्होंने आखिरी होल पर आठ फीट की पुट से बर्डी लगाई और कुल छह बर्डी के साथ शानदार 65 का स्कोर किया.हार्मन ने कहा, "मुझे यहां का गोल्फ बहुत पसंद है.यहां दूरी मायने रखती है, लेकिन ज़रूरत से ज़्यादा नहीं क्योंकि जमीन कड़ी है और गेंद काफी रोल करती है."

**अन्य प्रमुख स्कोर :** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी स्कॉटी शेफ़लर ने शुरुआती तीन होलों में बर्डी करते हुए छह अंडर का स्कोर बनाया और इंग्लैंड के मैट फिट्ज़पैट्रिक के साथ बराबरी पर आ गए.डेनमार्क के रासमुस होयगार्ड, स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकइंटायर, इंग्लैंड के टायरेल हैटन और अमेरिका के हैरिस इंग्लिश पांच अंडर के स्कोर पर हैं.

**पुराने चैंपियनों की विदाई तय :** पूर्व ओपन विजेता जैसे जैक जॉनसन, स्टीवर्ट सिंक, लुई ओस्टहुइज़न, पैड्रिग हैरिंगटन और कैमरन स्मिथ जैसे बड़े नाम कट से बाहर होने की कगार पर हैं.

**ओलेसेन की खराब शुरुआत :** रात भर के संयुक्त लीडर जैकब स्कोव ओलेसेन ने दूसरे राउंड की शुरुआत बेहद खराब की.पहले होल पर दो बार आउट ऑफ बाउंड्स मारते हुए उन्होंने क्वाडुपल बोगी (आठ शॉट्स) की और एक ही होल में लीडरबोर्ड में शीर्ष से गिरकर 36वें स्थान पर पहुंच गए.शुक्रवार को मौसम खुला रहा, हवाएं हल्की थीं और ग्रीन्स नरम होने से कई खिलाड़ियों को बेहतरीन स्कोरिंग का मौका मिला.

**मैकइलरॉय का उतार-चढ़ाव भरा दिन, पर कट में पहुंचे**

घरेलू स्टार रोरी मैकइलरॉय ने पहले राउंड में एक अंडर 70 का स्कोर किया था.दूसरे दिन भी उन्होंने अच्छा संघर्ष किया.पहले होल पर बर्डी से शुरुआत की, जबकि दूसरे होल पर ड्राइव गलत दिशा में जाने के बावजूद उन्होंने शानदार तरीके से पार सेव किया.मैकइलरॉय ने कई बार पुट चूक कर मौके गंवाए, लेकिन 12वें और 14वें होल पर बर्डी लगाते हुए 69 का स्कोर किया और कुल तीन अंडर के स्कोर से कट में जगह बनाई. उन्होंने कहा, 2019 में मुझे यहां यह मौका नहीं मिला था, इसलिए अब दो और दिन इन दर्शकों के सामने खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं.मेरा खेल इस वक्त काफी मजबूत लग रहा है और मैं सप्ताहांत के लिए तैयार हूं."

# ऋतुराज ने चैंपियनशिप करार से नाम वापस लिया

**एजेंसियां। लीड्स**

भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों के चलते इस सीजन यॉर्कशायर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप नहीं खेलेंगे.गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ पांच मुकाबलों के लिए डील की थी.काउंटी चैंपियनशिप की शुरुआत 22 जुलाई से होने जा रही है.यॉर्कशायर की टीम अपना पहला मैच सरे के खिलाफ खेलेगी. यॉर्कशायर के हेड कोच एंथनी मैक्ग्राथ ने बताया कि काउंटी टीम ऋतुराज गायकवाड़ के विकल्प पर विचार कर रही है. एंथनी मैकग्राथ ने कहा, ₹दुर्भाग्य से गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों के चलते अभी टीम से नहीं जुड़ रहे हैं. वह स्कारबोरो या बाकी सीजन में टीम के लिए नहीं खेल पाएंगे. यह निराशाजनक है.मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा.हेड कोच ने कहा, ₹यह पता लगा रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत में दो-तीन दिन शेष हैं.फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि हम क्या कर पाएंगे.हम एक संभावित विकल्प तलाशने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन समय की कमी एक बड़ी चुनौती है.फिलहाल इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कह सकता.

ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले महीने अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद अपनी खुशी साझा करते हुए कहा था, ₹मैं शेष इंग्लिश घरेलू सीजन के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं.इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है. इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है.महाराष्ट्र के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हुए चोटिल हुए थे.

### त्रिकोणीय टी20 सीरीज

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया



**एजेंसी। हरारे**

त्रिकोणीय टी20 सीरीज में मेजबान जिम्बाब्वे को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है.दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद जिम्बाब्वे को शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से हरा दिया.

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था.जिम्बाब्वे ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए.जिम्बाब्वे के लिए सर्वाधिक 36 वेस्ले मेधवेरे ने बनाए.

ब्रायन बेनेट ने 21, सिकंदर रजा और रेयान बर्ल ने 12-12 और टोनी मुनयोंगा ने 13 रन बनाए.बल्लेबाज शुरुआत मिलने के बाद भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए और यही वजह रही कि टीम 121 रन का मामूली लक्ष्य न्यूजीलैंड के सामने रख पाई.न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने एक बार फिर घातक गेंदबाजी की.दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए.इसके अलावा एडम मिल्ने, मिशेल सेंटनर, माइकल ब्रेसवेल और रचिन रवींद्र को 1-1 विकेट मिला.न्यूजीलैंड ने 13.5 ओवर में 2 विकेट पर 122 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया.कीवी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने टिम सिफर्ट के रूप में 5 के स्कोर पर अपना पहला विकेट खो दिया.दूसरे विकेट के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने 59 रन की साझेदारी की.टीम का स्कोर जब 64 था, उस समय रवींद्र 19 गेंद पर 4 छक्के और 1 चौके लगाते हुए 30 रन बनाकर आउट हुए.कॉनवे ने इसके बाद डेरिल मिचेल के साथ 58 रन जोड़ते हुए टीम को 8 रन से जीत दिला दी.कॉनवे 40 गेंद पर 2 छक्के और 4 चौके की मदद से 59 रन और मिचेल 19 गेंद पर 1 छक्का और 1 चौके की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे.कॉन्वे को उनकी 59 रन की नाबाद पारी के लिए मैच का श्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया.

### एशिया कप पर छाए संकट के बादल, बीसीसीआई ने कहा

# बैठक ढाका में होती है तो वह इसमें भाग नहीं लेगा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

एशिया कप के आयोजन को लेकर 24 जुलाई को बांग्लादेश के ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक होनी है, हालांकि अब इस मीटिंग पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं.दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) समेत एसीसी के कई अन्य सदस्य बोर्डों ने राजनीतिक और कूटनीतिक चिंताओं के चलते बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है.



बीसीसीआई ने एसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी दोनों को आधिकारिक तौर पर सूचित कर दिया है कि अगर यह बैठक ढाका में होती है, तो वह इसमें भाग नहीं लेगा.यह फैसला भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के चलते लिया गया है.बढ़ते विरोध के बावजूद, एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी बैठक ढाका में आयोजित करने पर अड़े हुए हैं.भारत के अलावा, श्रीलंका, ओमान और अफगानिस्तान के क्रिकेट बोर्ड भी कथित तौर पर इस बहिष्कार में शामिल हो गए हैं और उन्होंने आयोजन स्थल को लेकर इसी तरह की आपत्ति जताई है.एशिया कप तभी हो सकता है जब बैठक का स्थान ढाका से बदला जाए.एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी बैठक के लिए भारत पर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं. हमने उनसे स्थान बदलने का अनुरोध किया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. अगर मोहसिन नकवी ढाका में बैठक करते हैं, तो बीसीसीआई किसी भी प्रस्ताव का बहिष्कार करेगा.बता दें, एसीसी के संविधान के अनुसार, ढाका में होने वाली बैठक में प्रमुख सदस्य बोर्डों की भागीदारी के बिना लिए गए किसी भी निर्णय को अमान्य माना जा सकता है.इससे संभावित गतिरोध की चिंताएं बढ़ गई हैं, खासकर एशिया कप के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के कारण, जो संभवतः सितंबर में आयोजित किया जाएगा.सूत्रों ने आगे बताया कि नकवी द्वारा बैठक ढाका में ही रखने की जिद को एशिया कप के मामलों में भारत पर अनुचित दबाव बनाने की कोशिश माना जा रहा है.

निर्धारित बैठक में अब केवल पांच दिन बचे हैं, और एसीसी ने आयोजन स्थल में किसी भी बदलाव के बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी है, जिससे एशिया कप के भविष्य पर अनिश्चित बनी हुई है.

### खतरे में हिटमैन रोहित शर्मा का डब्ल्यूटीसी रिकॉर्ड

# सिर्फ 40 रन बनाते ही पीछे छोड़ देंगे ऋषभ पंत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जाएगा.भारतीय टीम को लॉर्ड्स टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था और वह फिलहाल सीरीज में 1-2 से पीछे चल रही है.भारतीय टीम जहां सीरीज में वापसी करने के इरादे से उतरेगी, वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के पास पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ने का अवसर रहेगा.

**डब्ल्यूटीसी में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज**

पंत रोहित को पछाड़कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) इतिहास में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं.पंत ने डब्ल्यूटीसी में फिलहाल 2677 रन बनाए हैं, जबकि रोहित ने इस चैंपियनशिप में 2716 रन बनाए हैं.यानी पंत को रोहित को पीछे छोड़ने के लिए 40 रन और बनाने की जरूरत है.चौथे टेस्ट के दौरान पंत के पास यह उपलब्धि हासिल करने का सुनहरा मौका रहेगा.भारतीय बल्लेबाजों में डब्ल्यूटीसी इतिहास में रोहित ने 69 पारियों में 2716 रन बनाए हैं.दूसरे स्थान पर पंत हैं जिन्होंने 67 पारियों में 2677 रन बनाए हैं.विराट कोहली 79 पारियों में 2617 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं.वहीं, कप्तान शुभमन गिल ने डब्ल्यूटीसी इतिहास में 65 पारियों में 2500 रन बनाए हैं, जबकि रवींद्र जडेजा ने 64 पारियों में 2212 रन बनाए हैं वह शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हैं.



**पंत की उपलब्धता को लेकर संशय**

पंत की चौथे टेस्ट में उपलब्धता को लेकर भी संशय चल रहा है.पंत को तीसरे टेस्ट मैच में विकेटकीपिंग के दौरान चोट लगी थी और वह विकेट के पीछे जिम्मेदारी नहीं संभाल रहे थे.पंत की जगह विकेटकीपिंग के लिए ध्रुव जुरेल उतरे थे.मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पंत को मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में खेलने के लिए फिट घोषित हो गए हैं.तीसरे टेस्ट मैच के बाद पंत की फिटनेस को लेकर गिल ने कहा था, पंत स्कैन के लिए गए हैं और चोट ज्यादा गंभीर नहीं है इसलिए वह चौथे टेस्ट से पहले फिट हो जाएंगे.भारतीय टीम के लिए सीरीज में बने रहने के लिए चौथा टेस्ट जीतना काफी जरूरी है.अगर भारत अगला मुकाबला गंवा देता है तो सीरीज हार जाएगा.

# सऊदी अरब का इराक-इंडोनेशिया से मुकाबला, कतर की यूएई-ओमान से भिड़ंत

**एजेंसी। कुआलालंपुर**

सऊदी अरब को फीफा वर्ल्ड कप-2026 के एशियाई क्वालिफायर्स के चौथे राउंड के ग्रुप बी में रखा गया है, जहां वह इराक और इंडोनेशिया को चुनौती देगा.वहीं, एशियन कप की मौजूदा चैंपियन कतर को ग्रुप-ए में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के साथ रखा गया है.यह मुकाबले सिंगल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेले जाएंगे, जो 8 से 14 अक्टूबर के बीच आयोजित होंगे.इन छह टीमों को दो ग्रुपों में बांटा गया है.प्रत्येक ग्रुप से सिर्फ टॉप टीम ही अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप में पहले से क्वालिफाई कर चुकी छह एशियाई टीमों के साथ शामिल होगी.दोनों ग्रुप की दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 13 और 18 नवंबर को दो चरणों वाले मुकाबले में आमने-सामने होंगी.यह नॉकआउट स्टेज तय करेगा कि




एशिया से कौन-सी टीम फीफा प्लेऑफ टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी, जो वर्ल्ड कप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग मौका होगा.इसके अलावा एक ड्रॉ भी हुआ, जिसमें तय किया गया कि नॉकआउट मुकाबले का पहला लेग ग्रुप-ए की रनर-अप टीम की मेजबानी में खेला जाएगा.ऑस्ट्रेलिया, जापान, जॉर्डन, कोरिया रिपब्लिक, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान और उज्बेकिस्तान पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं.कतर ने साल 2022 में मेजबान के रूप में फीफा वर्ल्ड कप में डेब्यू किया था.यह देश इस बार क्वालीफाई करके वर्ल्ड कप में पहुंचना चाहता है.एएफसी एशियन क्वालीफायर्स के तीसरे राउंड में ग्रुप-ए में चौथे स्थान पर रहने के बाद कतर प्लेऑफ में पहुंचा है.यूएई साल 1990 में पहली बार वर्ल्ड कप में खेला था.वह एक बार फिर क्वालीफाई करने की कोशिश में है.यूएई ग्रुप-ए में तीसरे स्थान पर रहा है.वहीं, ओमान जो अब तक वर्ल्ड कप में कभी नहीं खेला है, ग्रुप-बी में चौथे स्थान पर रहा.

सऊदी अरब को ग्रुप-सी में तीसरे स्थान पर रहने के कारण उसे भी प्लेऑफ का रास्ता अपनाना होगा.सऊदी अरब लगातार तीसरी और कुल सातवीं बार वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीद में है.इराक एकमात्र बार साल 1986 में विश्व कप खेला है.

# मनोलो मार्केज एफसी गोवा के साथ बने रहेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच मनोलो मार्केज 2025-26 सीजन के लिए एफसी गोवा के कोच बने रहेंगे.टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी पुष्टि की है.मनोलो मार्केज भारतीय फुटबॉल टीम के हेड कोच के साथ ही एफसी गोवा के कोच की दोहरी भूमिका निभा रहे थे.मार्केज ने 2024 में हेड कोच के रूप में 2 साल के लिए एफसी गोवा के साथ करार किया था.मनोलो मार्केज ने कहा,मैं पिछले दो सीजन में बहुत खुश था, जहां टीम ने हर साल लगातार सुधार दिखाया.क्लब जिस स्तर के संगठन के साथ काम करता है, वह भारतीय क्लब फुटबॉल में आम तौर पर देखने को नहीं मिलता, जिससे एफसी गोवा एक बहुत ही खास क्लब बन गया.मेरे लिए यह स्पष्ट था कि अगर मुझे भारत में बने रहना है, तो



एफसी गोवा के साथ ही रहना होगा.एएफसी एशियन कप क्वालीफायर में भारत की खराब शुरुआत के बाद पुरुष राष्ट्रीय टीम के हेड कोच पद से मनोलो मार्केज को हटाया जाना लगभग तय हो गया था.भारतीय टीम ने शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ ड्रॉ खेला.वहीं, हांगकांग के खिलाफ टीम को 0-1 से हार का सामना करना पड़ा.स्पेन के मनोलो मार्केज की कोचिंग में भारतीय फुटबॉल टीम 8 मैच खेली, जिसमें सिर्फ एक मैच में जीत हासिल हुई.

# महिला यूरो 2025: स्विट्जरलैंड का सपना तोड़ सेमीफाइनल में पहुंचा स्पेन

**एजेंसी। बर्न**

मौजूदा विश्व चैंपियन स्पेन ने शुक्रवार (भारतीय समयानुसार शनिवार) को स्विट्जरलैंड की ऐतिहासिक यात्रा पर विराम लगाते हुए 2-0 की जीत के साथ महिला यूरो 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया.बेंच से उतरकर एथेनेया डेल कास्टिलो ने पहला गोल दागा, जबकि क्लाउडिया पीना ने शानदार दूसरा गोल कर मुकाबले को निर्णायक बना दिया. पहले घंटे तक मेज़बान स्विट्ज़ टीम ने शानदार बचाव करते हुए स्पेन को गोल करने से रोके रखा और पलटवार के जरिए मौके बनाए, लेकिन जैसे ही स्पेन ने लय पकड़ी, उन्होंने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया.मैच के बाद स्पेन की मिडफील्डर और प्लेमेकर आइताना बोनमाती ने कहा, ₹हां, कई बार हम जल्दी बढ़त लेने की आदत में होते हैं, लेकिन असली फुटबॉल 90 मिनट का होता है, खासकर जब आप यूरोपीय चैम्पियनशिप खेल रहे हों.मैच की शुरुआत में ही स्पेन को पेनल्टी मिली जब नादिन रीज़ेन ने मैरियोना कालदेंते को लापरवाही से टैकल किया, लेकिन कालदेंते खुद पेनल्टी लेने उतरीं और गेंद को पोस्ट के बाहर मार बैठीं.पहले हाफ में पीना को कई मौके मिले, लेकिन स्विस डिफेंस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और स्कोर 0-0 पर बनाए रखा.66वें मिनट में बोनमाती की रचनात्मकता ने खाता खोला, जब उन्होंने बैकहील पास से एथेनेया को सेट किया.



### फुटबॉल

### फाइनलिसिमा : स्पेन -अर्जेंटीना 2026 में टकराएंगी दो फुटबॉल महाशक्तियां

# मुकाबला यूएफा यूरो व कोपा अमेरिका के चैंपियनों के बीच होगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूरोप और दक्षिण अमेरिका की दो फुटबॉल दिग्गज टीमें – स्पेन और अर्जेंटीना – अगले साल मार्च में फाइनलिसिमा 2026 में आमने-सामने होंगी. यह मुकाबला यूएफा यूरो और कोपा अमेरिका के मौजूदा चैंपियनों के बीच खेला जाएगा.यह मैच 2026 फीफा विश्व कप प्लेऑफ के लिए निर्धारित अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान आयोजित किया जाएगा, बशर्ते स्पेन की टीम विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर ले.यह जानकारी गोल डॉट कॉम की रिपोर्ट के हवाले से दी गई है.



यूएफा, फीफा, स्पेनिश फुटबॉल महासंघ, और अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन मिलकर फाइनलिसिमा को सफलतापूर्वक पुनर्जीवित करने के प्रयास में जुटे हैं.2026 संस्करण में यह हाई-प्रोफाइल मुकाबला फुटबॉल प्रेमियों के बीच उत्साह और वैश्विक रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, खासतौर पर उस समय जब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल गतिविधियाँ कम होती हैं.गौरतलब है कि फाइनलिसिमा ने 1985 और 1993 में आयोजित आर्टेमियो फ्रांकी कप की जगह ले ली है.1993 में अर्जेंटीना ने यह खिताब जीता था, जो दिवंगत महान खिलाड़ी डिएगो माराडोना का आखिरी अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी था.2022 में अर्जेंटीना ने इटली को 3-0 से हराकर इस विरासत को आगे बढ़ाया.फाइनलिसिमा 2026 के आयोजन की संभावित तारीख 26 से 31 मार्च के बीच तय की गई है.इसको लेकर शुरुआती बातचीत 75वें फीफा कांग्रेस के दौरान पराग्वे में हुई थी.

स्पेन ने हाल ही में यूएफा यूरो 2024 में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया था.स्पेन के लिए निको विलियम्स ने 47वें और मिकेल ओयारज़ाबाल ने 86वें मिनट में गोल किए.इंग्लैंड की ओर से एकमात्र गोल कोल पामर ने 73वें मिनट में किया.वहीं, लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका 2024 के फाइनल में कोलंबिया को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार यह खिताब जीता.यह गोल लौटारो मार्टिनेज ने किया.फाइनल मुकाबले के दौरान मेसी को दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट किया गया, जिसके बाद वे भावुक हो गए थे.इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने कोलंबिया की 28 मैचों की अपराजेय लय को भी तोड़ दिया और मेसी के करियर के अंतिम पड़ाव में उन्हें दूसरी बार कोपा अमेरिका ट्रॉफी दिलाई.

# प्रीमियर लीग : आर्सेनल ने चेल्सी से नॉनी मडुके को किया साइन

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लिश क्लब आर्सेनल ने शुक्रवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए चेल्सी के विंगर नॉनी मडुके को साइन कर लिया है.यह डील कथित तौर पर 48 मिलियन (लगभग 65 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की बताई जा रही है.आर्सेनल ने अपने आधिकारिक बयान में कहा,₹हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नॉनी मडुके ने हमारे साथ दीर्घकालिक करार किया है.23 वर्षीय मडुके ने चेल्सी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 92 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 20 गोल किए और 9 असिस्ट दिए.उन्होंने अमेरिका में आयोजित क्लब वर्ल्ड कप के सात में



से पांच मैचों में हिस्सा लिया था, हालांकि फाइनल में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ 3-0 की जीत में वह नहीं खेले.मडुके ने अपने करियर की शुरुआत क्रिस्टल पैलेस और टोटेनहम हॉट्सपर की यूथ टीम से की थी.इसके बाद वे 2018 में नीदरलैंड्स के क्लब पीएसवी आइंधोवन से जुड़ गए थे.आर्सेनल में मडुके जर्सी नंबर 20 पहनेंगे.उन्होंने चेल्सी को अलविदा कहते हुए इंस्टाग्राम पर लिखाः₹प्रिय चेल्सी फुटबॉल क्लब, पिछले तीन वर्षों के लिए धन्यवाद.मेरे साथियों को धन्यवाद, आप लोगों के लिए मेरे मन में केवल प्यार और सम्मान है.

मडुके ने आगे लिखा,कोच एंज़ो मारेस्का, आपके अंडर खेलना सौभाग्य की बात रही.आपने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी और इंसान बनाने की कोशिश की, इसके लिए धन्यवाद.और अंत में हर चेल्सी फैन का आभार – प्यार के लिए, तारीफ के लिए और आलोचनाओं के लिए भी – मैं सब कुछ सराहता हूं.यहां से मैं सिर्फ अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं.

# इंदिरा चौक भू-धंसान का कांग्रेसियों ने किया दौरा

## भू–धंसान में फंसे 407 वाहन को क्रेन की मदद से निकाला गया ♦ विस्थापन के नाम पर हो रही लूट, जरूरत पड़ी तो होगा आंदोलन

शुभम संदेश।झरिया





शनिवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओ के साथ झरिया इंदिरा चौक फुलारीबाग भू-धसान क्षेत्र का सघन दौरा किया. यहां रह रहे परिवारों से मुलाकात की. संबंधित मामले को लेकर पदाधिकारी बीसीसीएल एरिया 10 के महाप्रबंधक से बात की. इधर भू धंसान में फंसे 407 वाहन को क्रेन की मदद से निकाला गया. धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के सचिव एहसान अहमद खान झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम कुमार साव भोला सिंह,शिव शंकर सिंह, मृत्युंजय सिंह, अशोक मालाकार, रवी सिंह राठौर, राहुल चौहान, अर्जुन विश्वकर्मा, फैज अहमद, गीता सिंह, वीरेंद्र यादव, राजीव झा, निसार आलम,चंदन मोदक, सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित थे.प्रभावित क्षेत्रों को निरीक्षण करते हुए धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने विस्थापित परिवारों से मिलकर कहा की अथा शीघ्र उचित कार्रवाई होगी इसके लिए हम सभी कांग्रेस जन आपके साथ खड़े हैं. बीसीसीएल सिर्फ कोयला उत्पादन पर जोर दे रही है. विस्थापन पर ध्यान नहीं दे रही है. यहां कभी भी बहुत बड़ा हादसा हो सकता है और बड़ी दुर्घटना का निमंत्रण दे रहा है. यहां बार-बार भूधंसान हो रहा है, प्रबंधन मौन है. जरूरत पड़ी तो हम लोग उपायुक्त धनबाद से मिलकर विस्थापित परिवार की बात रखेंगे. कहा कि विस्थापन के नाम पर जो गंदा खेल हो रहा है कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी.बेलगडिया टाउनशिप जो इमारत बनी हुई है एक तो बहुत छोटी है और बहुत कमजोर है. कभी भी भू धंसान क्षेत्र से भी बड़ा हादसा हो सकता है. विस्थापन के नाम पर चारों तरफ लूट मची है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम ने कहा झरिया का दुर्भाग्य है, इमानदार जन- प्रतिनिधित्व नहीं मिला है. जब तक झरिया को दबंग लोगों से मुक्ति नहीं मिलेगी, तब तक झरिया को कोई नहीं बचा सकता है. शमशेर आलम ने कहा बीसीसीएल और जिला प्रशासन विस्थापन के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करे अन्यथा कांग्रेस जोरदार आंदोलन करेगी.

## एक नजर

### अधिवक्ता बटेश्वर झा को एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

**धनबाद(शुभम संदेश)**। धनबाद बार एसोसिएशन के सदस्य वरीय अधिवक्ता बटेश्वर झा को एसोसिएशन ने शनिवार को श्रद्धांजलि दी. बटेश्वर झा का निधन शुक्रवार को इलाज के दौरान हो गया था. अधिवक्ता झा के पार्थिव शरीर शनिवार को बार एसोसिएशन में अंतिम दर्शन के लिए लाया गया जहां अधिवक्ताओं के साथ-साथ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, पूर्व महासचिव जितेंद्र कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी एवं न्यायिक पदाधिकारी ने भी श्रद्धांजलि दी. श्रद्धांजलि देने के बाद अधिवक्ताओं ने अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रखा.

### आवारा सांढ़ ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

**चिरकुंडा(शुभम संदेश)**। चिरकुंडा-पंचेत रोड स्थित डूमरकुंडा काली मंदिर के समीप जीटी रोड पर शनिवार की संध्या आवारा सांढ़ ने एक 50 वर्षीय पंचेत बांदा बस्ती निवासी सुबल चंद्र गोराई व्यक्ति पर हमला कर दिया. जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी. स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबल की बांदा बस्ती में दुकान है. वह अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहा था तभी अचानक से रास्ते में लाल रंग के साँढ़ ने हमला कर दिया. सुबल का सिर फट गया और मौके पर मौत हो गयी. सूचना पर चिरकुंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाना ले गयी और परिजन को सूचित किया गया.

### आधा दर्जन पर मारपीट का मुकदमा

**पुटकी(शुभम संदेश)**। भागाबांध ओपी पुलिस ने बरारी कोक प्लांट निवासी मंगल कुमार खवास की शिकायत पर पांच नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट व छीनतई का केस दर्ज किया है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बैठा पासवान,धुपन पासवान,गोलू पासवान,सौरव पासवान,श्रीराम उपाध्याय पर जानलेवा हमला कर चार हजार रुपये दुकान से निकाल लेने मामला दर्ज किया है. खवास के अनुसार बरारी कोक प्लांट सुभाष चौक स्थित दुकान में बैठा था. पासवान,धुपन पासवान,गोलू पासवान,सौरव पासवान,श्री राम उपाध्याय व अन्य तीन अज्ञात लोग 15 जुलाई को दिन करीब डेढ़ बजे जान मारने के नियत से भुजाली व हरवे हथियार से लैस होकर हमला कर दिया. दुकान का काउंटर तोड़कर 4 हजार नगद एवं कुछ सामान ले गये. सौरव पासवान ने मंगल को पीछे से लोहे के रॉड से हमला कर दिया. जिससे मंगल का सिर फट गया. चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया.

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक जख्मी

**कालुबथान(शुभम संदेश)**। आसनसोल रेल डिवीजन के कालुबथान छोटा आम्बोना रेलवे स्टेशन के बीच काटांजानी रेलवे फाटक के समीप शनिवार की संध्या अपलाइन की पोल संख्या 249/29 एवं 249/31 के बीच किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से गोबिंदपुर थाना क्षेत्र के केन्दुआटांड़ निवासी सारु राय घायल हो गए. सूचना पा कर आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर जयन्त मंडल, रविन्द्र नाथ उरांव घटनास्थल पर पहुंच कर स्थानीय गांव के लोगों के मदद से 108 एम्बुलेंस बुलाकर बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिए. उनके परिजनो को सूचना दी गई. स्थानीय ग्रामीण का कहना है की रेलवे ट्रैक पर चल कर आ रहा था, उसी समय ट्रेन आ गई. तभी गिर कर घायल हो गए.

### सरायढेला में महिला से चेन छिनतई की कोशिश

**धनबाद (शुभम संदेश)**। सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना मोड़ में शनिवार की रात एक महिला से बाइक सवार अपराधियों ने महिला से चेन छिनतई करने का प्रयास किया. महिला के हल्ला गुल्ला करने पर बाइक सवार अपराधी मौके पर से फरार हो गए. घटना के संबंध में बताया जाता है कि डॉ एके सिन्हा की पत्नी सुषमा सिन्हा थाना मोड़ के समीप गमला खरीद रही थीं. इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उनके गले से चेन छीनने का प्रयास किया. परंतु आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन तब तक बाइक सवार दो अपराधी चैन छीनने में नाकामयाब रहे और मौके पर से फरार हो गए. बाद में मामले की शिकायत सरायढेला पुलिस में कर दी गई.सरायढेला पुलिस मौके पर पहुँची और छानबीन में जुट गई है.

### आईटीआई का छात्र रौनक पांच दिनों से लापता

**झरिया(शुभम संदेश)**। कोयरीबांध निवासी संजय साव के पुत्र रौनक साव (19) व आईटीआई छात्र पांच दिनों से लापता है. रौनक की मां रीना देवी ने झरिया थाना में पुत्र की खोजबीन के लिए पुलिस से गुहार लगाई है. पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को घर से बस्ताकोला आईटीआई जाने के लिए सुबह घर से निकला था. पांच दिन बीत जाने का बावजूद रौनक की पता नहीं चल पाया. मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है. पुलिस शिकायत के बाद तलाश में जुट गई है.

### राशन दुकान में हजारों की चोरी

**धनबाद(शुभम संदेश)** । शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीपाड़ा में शुक्रवार की रात चोरों ने एक राशन दुकान को अपना निशाना बनाया. जहां चोरों ने हज़ारों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है.बताया जाता है कि तेलीपाड़ा स्थित कृष्णा साव के दुकान में चोरों ने बीती रात शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे 20 हजार नकद व लगभग तीन पेटी ड्राई फ्रूट्स लेकर फरार हो गए. शनिवार की सुबह जब दुकान संचालक कृष्णा साव के बेटे पंकज साव दुकान पहुँचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा पड़ा है. इसके बाद दुकान संचालक के बेटे अंदर गए तो पाया कि दुकान में रखे सारा सामान तितर-बितर है. दुकान संचालक ने मामले की जानकारी सदर पुलिस को दी है. मामले की जानकारी मिलने पर सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुँचकर छानबीन में जुट गई है. बताते चलें कि पंकज साव लगभग दो महीने पूर्व तेलीपाड़ा स्थित राशन दुकान को खोले थे.

### भाकपा माले ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**निरसा (शुभम संदेश)**। इसीएल मुगमा क्षेत्र के लखीमाता कोलियरी स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को भाकपा माले की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. बैठक में पार्टी के विस्तार और क्षेत्रीय जन समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक के दौरान शासनबढ़िया लखीमाता शाखा कमेटी का गठन किया गया. जिसमें संजय पाल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई. बैठक में पार्टी के अगुआ साथी मिथिलेश सिंह के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. काफी संख्या वमे अन्य दलों को छोड़कर पार्टी में शामिल हुए लोगों को जिला सचिव संतोष घोष और जिला सदस्य गणेश धर सदस्यों का पार्टी के झंडे के साथ स्वागत किया. निरसा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं जैसे पानी, बिजली संकट विधवा पेंशन और सरकारी योजनाओं की उपेक्षा को लेकर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी. विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शाखा कार्यालय का गठन करने पर सहमति बनी.

### बाघमारा विधायक ने किया देवघरा बस्ती में 200 केवी ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

**महुदा (शुभम संदेश)**। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने नीचे देवघरा बस्ती में 200 केवी ट्रांसफॉर्मर का उदघाटन किया. इसके अलावे हरि मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया. उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि क्षेत्र के विकास और धार्मिक स्थलों के संरक्षण-संवर्धन के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं. हर गांव में धार्मीक स्थानों का कार्य एवं विकास कार्य हो यही हमारा उदेश्य है. विधायक प्रतिनिधि हिमांशु शेखर रवानी ने बताया कि गांव में एक ट्रांसफार्मर से बिजली की काफी समस्या होता था. ग्रामीणों द्वारा विधायक को समस्या बताने पर उन्होंने बिजली विभाग से बात कर गांव में नया 200 केवी ट्रांसफार्मर लगवाया. मौके पर लालू किस्कू, दिलीप रवानी, हीरालाल बास्की, रामचंद्र रवानी, राजू ठाकुर, अली हुसैन, पंतु कर्मकार, परशुराम रवानी, प्रेम किस्कू, नरेश रवानी, साधन रवानी, आनंद कुम्भकार, शिशुपाल रजवार, अरुण किस्कू, चंदन रवानी, अलकेशवर रवानी, अरुण रवानी, सुदाम रवानी, धर्मेंद्र रवानी, हराधन रजवार आदि मौजूद थे.

## ब्रीफ न्यूज

### घायल लोकेश की इलाज के दौरान मौत

**इटखोरी (चतरा)**। इटखोरी प्रखंड के मलकपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम मलकपुर निवासी देवकी साव के इकलौते पुत्र लोकेश कुमार गुप्ता की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई.हादसा पदमा-इटखोरी मुख्य मार्ग पर करमा के समीप हुआ, जब लोकेश का ट्रक असंतुलित होकर एक पेड़ से जा टकराया।हादसे में लोकेश गंभीर रूप से घायल हो गया.स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत हजारीबाग ले जाया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जवाब दे दिया.इसके बाद परिजन

### आठ लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी

**जयनगर (कोडरमा)**। अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के खिलाफ विभाग ने सख्ती दिखाते हुए थाना क्षेत्र के परसाबाद, कटिया, मकतपुर, नंदोडीह,बाघमारा में कनीय विद्युत अभियंता उज्ज्वल कुमार तिवारी के नेतृत्व में छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान आठ लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया. छापेमारी के दौरान विकास हज़ाम, साकेत गुप्ता, अश्विन कुमार, राजेंद्र सिंह, महेश यादव, जगदीश यादव, दामोदर यादव, केदार मोदी पर अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर जुर्माना लगाया गया एवं प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया है. छापेमारी अभियान में सहायक विद्युत अभियंता गजेन्द्र टोप्पो, मानव बल कर्मी मुन्ना यादव, सौरभ कुमार आदि शामिल थे.

### कोडरमा में किसानों को कृषि यंत्र वितरित

**कोडरमा**। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार कोडरमा के सौजन्य से बिरसा सांस्कृतिक भवन में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सोलर पम्पसेट एवं पम्पसेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, उपायुक्त ऋतुराज एवं जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया.इस मौके पर 80% अनुदान पर वंदना, गुलाब,आरती एवं महादेव आजीविका सखी मंडल को मिनी ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्र वितरित किए गए. साथ ही लाभुक मनोज कुमार यादव को पावर टीलर एवं 15 किसानों को सोलर पम्पसेट प्रदान किए गए.डॉ. नीरा यादव ने वर्षा जल संचयन और मृदा संरक्षण पर बल दिया.

### उपायुक्त कीर्तिश्री ने किया मयूरहंड प्रखंड का निरीक्षण

# जाना योजनाओं की जमीनी हकीकत, लिया जायजा

❖जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक ❖महिला समूहों की आजीविका गतिविधियों की सराहना

शुभम संदेश।चतरा



उपायुक्त कीर्तिश्री ने शनिवार को मयूरहंड प्रखंड का व्यापक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं, सार्वजनिक सेवाओं और आजीविका से जुड़ी गतिविधियों की गहन समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शी व प्रभावी कार्य निष्पादन के निर्देश दिए और आमजनों की समस्याएं भी सुनीं.निरीक्षण की शुरुआत करमा पंचायत के अम्बा टांड़ में निर्मित मनरेगा पार्क से हुई, जहां उपायुक्त ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया. लगभग 30 एकड़ में फैले इस पार्क को पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन व सामुदायिक उपयोग के उद्देश्य से विकसित किया गया है. उपायुक्त ने भूमि संरक्षण, जल संचयन के दीर्घकालिक उपायों को अपनाने तथा सुगम आवागमन हेतु सड़क निर्माण की योजना को शीघ्र स्वीकृति देने के निर्देश दिए.

मँझगांवा पंचायत स्थित अंजनवा जलाशय का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने इसे सिंचाई और ग्रामीण पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर बल दिया. उन्होंने गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर करने का निर्देश दिया, जिससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिल सके.उपायुक्त ने मयूरहंड प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर चिकित्सा सेवाओं, औषधि भंडारण और सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन किया. साथ ही, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय का भी दौरा किया और छात्राओं के लिए उपलब्ध भोजन, सुरक्षा, शिक्षण और आवासीय सुविधाओं की समीक्षा की.

परोरिया उत्तरवारी की राधा देवी से मुलाकात की, जिन्होंने समूह से 2 लाख का ऋण लेकर 12 गायों के माध्यम से प्रतिदिन 160 लीटर दूध का उत्पादन शुरू किया. इससे उनकी मासिक आय 35,000 से 40,000 तक पहुंच रही है. उपायुक्त ने उनकी इस प्रेरणादायक पहल की सराहना करते हुए अन्य महिलाओं को भी प्रोत्साहित किया. निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, चतरा अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, कृषि पदाधिकारी निखत प्रवीण, बीडीओ मयूरहंड, जनप्रतिनिधि व कई पदाधिकारी उपस्थित थे.

#### आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं

प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख और जिला परिषद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की. उन्होंने आम नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतें भी सुनीं और त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया.

#### महिला समूहों की गतिविधियों का निरीक्षण

परोरिया गांव में उपायुक्त ने जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं द्वारा संचालित आटा मिल, सरसों तेल मिल आदि इकाइयों का निरीक्षण किया और उन्हें बाजार से जोड़ने तथा तकनीकी सहयोग देने के निर्देश दिए. उन्होंने इन इकाइयों को ग्रामीण स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया.

### धारदार हथियार से अधेड़ की हत्या

**चतरा**। आधुनिक विज्ञान और डिजिटल युग में भी अंधविश्वास समाज पर किस कदर हावी है, इसका एक और भयावह उदाहरण जिले के प्रतापपुर प्रखंड में सामने आया है. प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के टंडवा पंचायत अंतर्गत बरवाकोचवा गांव में अंधविश्वास के वशीभूत वहशी दरिंदों ने कैल भारती (59) नामक अधेड़ व्यक्ति की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी. यह दिल दहला देने वाली घटना शुक्रवार देर रात की है. जब मृतक अपने झोपड़ीनुमा मोड़ई में सो रहा था. सूत्रों के अनुसार इस जघन्य वारदात के पीछे ओझा-गुनी और झाड़ फूंक जैसी कुप्रथा को मुख्य कारण बताया जा रहा है. आशंका जताई जा रही है कि कैल भारती को किसी तांत्रिक कर्मकांड या जादू टोना के नाम पर बलि चढ़ाया गया है. यह घटना समाज में व्याप्त अंधविश्वास की गहरी जड़ों और उसके घातक परिणामों को एक बार फिर उजागर करती है. घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी अपने दलबल के साथ तत्काल बरवाकोचवा गांव पहुंचे. पूछताछ के दौरान मृतक की पुत्री रोशनी कुमारी ने थाना प्रभारी को बताई कि मेरे पिता रात में खाना खाकर इसी झोपड़ी में मेमोरी में आकर सो गए थे. सुबह हम लोग देख तो खाट पर पिता का शव पड़ा था, और खून बह रही थी. उसने थाना प्रभारी को बताई कि अंधविश्वास को लेकर गोतिया के साथ लड़ाई चल रही थी. गोतिया के लोग हमेशा मेरे पिता को हत्या कर देने की धमकी देते थे. रात में ही मेरे पिता की हत्या कर फरार हो गए. घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी ने मृतक के शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया.

### कोडरमा में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अभियान तेज

## 11,239 ग्रामीणों ने दी प्रतिक्रिया



शुभम संदेश।जयनगर (कोडरमा)

भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अभियान कोडरमा जिला में जोर-शोर से चलाया जा रहा है. बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि इस सर्वेक्षण का उद्देश्य यह जानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर अब तक किए गए प्रयासों की क्या प्रतिक्रिया आम जनता में है? इसके लिए सरकार द्वारा एसबीएम-एसएसजी 2025 मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है, जिसे प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड कर, ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करके, केवल 13 प्रश्नों का उत्तर देकर आप अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कर सकते हैं. आगे बताया कि अब तक कोडरमा जिला के 11,239 ग्रामीणों ने अपनी प्रतिक्रिया देकर स्वच्छता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है.आपके विचार ही आपके गांव, पंचायत और जिले को और अधिक सशक्त व स्वच्छ बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करेंगे. यह सर्वे भविष्य की योजनाओं के निर्माण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका तय करता है. इस अभियान को सफल बनाने में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला और प्रखंड स्तर की पूरी टीम, वाश समन्वयक, जल सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहिया दीदी और स्वयं सहायता समूह की दीदी पूरे समर्पण से कार्य कर रही हैं.

## बीओआई ने 32 करोड़ रुपये के ऋण का स्वीकृति पत्र जारी किया

शुभम संदेश।हजारीबाग



बैंक ऑफ इंडिया, हजारीबाग ज़ोन ने होटल श्री विनायक में ₹किसान दिवस समारोह₹ का भव्य आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के योगदान को सम्मान देना, बैंक की योजनाओं की जानकारी साझा करना और कृषि व पशुपालन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना था.कार्यक्रम की शुरुआत महाप्रबंधक धनंजय कुमार एवं आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार द्वारा पौधारोपण से की गई.इसके बाद दीप प्रज्वलन व स्वागत सत्र आयोजित हुआ.इस अवसर पर राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की जिला विकास प्रबंधक ऋचा भारती, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी न्यूटन टिर्की एवं बैंक के महाप्रबंधक धनंजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।समारोह में किसानों को बैंकिंग सेवाओं, विभिन्न ऋण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी व पशुपालन ऋण, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग ऋण तथा बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई।बैंक द्वारा चयनित उत्कृष्ट किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया.इस अवसर पर कुल 32 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए, जिसमें को 3 करोड़, कृषि एवं पशुपालन से संबंधित गतिविधियों के लिए 27 करोड़ और एमएसएमई क्षेत्र में 2 करोड़ रुपये शामिल हैं. कार्यक्रम में विभिन्न कृषि व्यवसायियों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल्स का भी अवलोकन किया गया।इस मौके पर आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने कहा, बैंक ऑफ इंडिया केवल एक वित्तीय संस्थान नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास और किसान सशक्तिकरण का विश्वसनीय भागीदार है. महाप्रबंधक धनंजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा, "किसान भारत की आत्मा हैं.

# प्रकृति के संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी : सांसद चौधरी

## वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने 76वां वन महोत्सव मनाया

- हाथियों से हुए नुकसान के एवज में एक दर्जन लोगों को क्षतिपूर्ति का मिला चेक

शुभम संदेश ।टुंडी



पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 76वां वन महोत्सव 2025, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसका विधिवत उद्घाटन गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम में मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आज बढ़ते वायु प्रदुषण को देखते हुए वन रोपन कार्य में अमूल्य परिवर्तन बहुत जरूरी है. प्रकृति में बढ़ते प्रदुषण को लेकर सभी को अपने नई पीढ़ी की सुरक्षा के लिए सचेत होकर पौधरोपण कार्य बहुत जरूरी है. वनों की सुरक्षा से प्रकृति संतुलित होगी व सभी जीव जंतु सुरक्षित रहेंगे. इसलिए जंगल से पेड़ों की कटाई कम हो व पेड़ अधिक से अधिक लगाने पर जोर दिया. विशिष्ट अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि आज के परिदृश्य में बांस की खेती बहुत जरूरी है. उन्होंने खासकर जो भूमि बंजर है वहां बांस की खेती कर ग्रामीण आत्मनिर्भर बन सकते हैं. बांस से बाजार के कई सामान बनते हैं जिसका अच्छा खासा मूल्य भी मिल जाता है.बांस लगाने से अपने आप के विकास के साथ प्रकृति भी संतुलित के लिए बहुत जरूरी है. जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालिवार ने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन सुधारने के लिए सभी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, हर कोई पेड़ पौधे लगाए तभी अपना व विश्व का कल्याण संभव है. कार्यक्रम का संचालन बलबीर दशौंधी व धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह ने किया. इस दौरान आगंतुक अतिथियों द्वारा पूर्व में जंगली हाथियों द्वारा ग्रामीण लोगों के क्षतिपूर्ति के एवज में वन विभाग के द्वारा लगभग एक दर्जन लोगों के बीच क्षतिपूर्ति राशि का चेक प्रदान किया गया. कार्यक्रम को टुंडी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की,जिप सदस्य मीणा हेमब्रम, रेंजर राकेश सिंह,उप प्रमुख संजु गुप्ता, सेवानिवृत्त रेंजर ए के मंजुल, मनियाडीह मुखिया, सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी, गिरधारी महतो, दिनेश राय, विक्रम भारद्वाज आदि ने किया. ार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों ने विभिन्न प्रजाति पौधे का रोपन कार्य किया.

### गायक दीपक सिंह का नया कांवर भजन जल्द होगा रिलीज

**कोडरमा**। जिले के उभरते हुए गायक दीपक सिंह का नया कांवर भजन "चला ध्वजाधारी पहड़िया बनके कांवरिया" बहुत जल्द माही सोनू यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा. सावन के पावन महीने में कांवर यात्रा की आस्था और ऊर्जा को समर्पित यह भजन खास डीजे म्यूजिक के साथ तैयार किया गया है. गायक दीपक सिंह ने बताया कि उन्हें झरनाकुंड बाबा और ध्वजाधारी बाबा में गहरी आस्था है. उन्होंने इससे पहले भी "जलवा चढ़ाई ध्वजाधारी पहड़िया" जैसे भक्तिमय भजन प्रस्तुत किए हैं, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा. इस बार के भजन में संगीत और भावनाओं का विशेष समावेश किया गया है. भजन के वीडियो में दीपक सिंह के साथ कोडरमा के रंजीत रॉयल और भानु प्रताप ने विशेष भूमिका निभाई है. कैमरामैन रवि क्षेत्री, कोरियोग्राफर एवं डायरेक्टर माही सोनू के निर्देशन में इस भजन का फिल्मांकन किया गया है.

पेज तीन का शेष...

### अब घर बैठे कर सकेंगे केस फाइल....

आदेश डाउनलोड करने और डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सुविधा, पारदर्शी और जवाबदेही तरीके से प्रदान करना है. मास्टर ट्रेनर दीप नारायण एवं जय केसरी ने अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों को ईकोर्ट्स के सम्बन्ध में जानकारी दी. अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि लोग अब अपने मुकदमों के सम्बन्ध में ऑनलाइन केस ट्रैकिंग और आदेश डाउनलोड कर पाएगें. इस मौके पर जिले के तमाम न्यायिक पदाधिकारी अधिवक्ता ,अधिवक्ता लिपिक, एलएडीसीएस की टीम उपस्थित थी.



इक्वाडोर का माउंट चिम्बोराजो चोटी पृथ्वी के केंद्र से सबसे दूर का स्थान है. चिम्बोराजो इक्वेटर से सिर्फ 1 डिग्री साउथ में है, जहां पृथ्वी का सबसे ज्यादा उभार है.

## न्यूज अपडेट

### जंगल हमारी धरोहर है: मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई

**नयी दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के 20 जजों के साथ दिल्ली सरकार के वन महोत्सव 2025 के तहत पीबीजी ग्राउंड दिल्ली रिज क्षेत्र में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए. इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे. इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश गवई ने दिल्ली सरकार के प्रदूषण को लेकर युद्धस्तर पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अक्टूबर आते ही सबको चिंता होने लगती है. विकास जरूरी है, लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि यह किस कीमत पर हो रहा है. जंगल हमारी धरोहर हैं, ये सिर्फ हमारे नहीं, आने वाली पीढ़ियों के भी हैं.

### पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक अनमोल ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आआपा) की विधायक अनमोल गगन मान ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान भी किया है. अनमोल गगन मान ने अपना इस्तीफा पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह संधवां को भेजा है. अनमोल गगन मान ने पिछले दिनों आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के साथ भी मुलाकात की थी, जिसके बाद उनके सक्रिय राजनीति से दूर होने की चर्चाएं चल रही थी. शनिवार को इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए अनमोल ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया. अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर उन्होंने लिखा, मेरा दिल भारी है. लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है.

### मथुरा : यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुई दो दुर्घटनाओं में छह की मौत

**मथुरा।** जिले में बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे माइल स्टोन 140 और 131 पर शुक्रवार की देर रात को दो सड़क हादसे हुए. दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए. सभी घायलों का इलाज आगरा और मथुरा के जिला अस्पतालों में चल रहा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटनाओं में हुई लोगों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की है. घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराये जाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है. जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल लिया.

### अमेरिकी राजदूत की घोषणा: सीरिया-इजराइल युद्धविराम पर हुए सहमत

**अंकारा।** तुर्किये में अमेरिकी राजदूत टॉम बैरक ने शुक्रवार को कहा कि सीरिया और इजराइल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं. इस समझौते को तुर्किये, जॉर्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने स्वीकार कर लिया है. बैरक सीरिया में अमेरिका के विशेष दूत भी हैं. उन्होंने एक्स पोस्ट पर यह जानकारी साझा की. बैरक ने ड्रूज, बेडौइन और सुन्नियों से हथियार डालने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा कि यह लोग अन्य अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों के साथ शांति और समृद्धि में एकजुट होकर सीरियाई पहचान का निर्माण करें. उधर, सीरिया में अमेरिका के विशेष दूत बैरक की घोषणा पर अभी किसी भी पक्ष ने कोई टिप्पणी नहीं की. बुधवार को इजराइल ने सीरिया पर हवाई हमले किए थे.

### लॉस एंजिल्स के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में धमाका, तीन अफसरों की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के लॉस एंजिल्स में शुक्रवार सुबह हुए विस्फोट से लोग दहल गए. यह विस्फोट मोंटेरे पार्क स्थित बिस्कैलुज पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में हुआ. इस केंद्र के आवास से गुरुवार को बरामद विस्फोटक सामग्री और उपकरणों को जांच के लिए रखा गया था. जांच के लिए यहां पहुंचे अधिकारी जोशुआ केली-एकलुंड, विक्टर लेमस और विलियम ऑस्बोर्न अचानक हुए विस्फोट की चपेट में आ गए, जिससे इन तीन अधिकारियों की मौत हो गई. शेरिफ रॉबर्ट लूना ने एक संवाददाता सम्मेलन में घटना का विवरण देते हुए कहा कि विस्फोट में लॉस एंजिल्स शेरिफ के तीन तीन डिप्टी (पुलिस अधिकारी) अधिकारियों की मौत हो गई. किसी और को चोट नहीं आई.

### मातृभाषा के सम्मान की लड़ाई लड़ने वालों के साथ हूं: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** असम में बांग्ला भाषी मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ कथित भेदभाव के आरोपों पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को कठघरे में खड़ा किया है. इन लोगों के पास वैध भारतीय दस्तावेज नहीं होने और संदिग्ध बांग्लादेशी होने को लेकर जारी विवाद के बावजूद जो लोग अपनी मातृभाषा और पहचान के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वह उनके साथ खड़ी हैं. ममता ने इस मुद्दे को लेकर असम सरकार की आलोचना करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया. ममता बनर्जी ने शनिवार को अपने एक्स हैंडल से बयान जारी करते हुए लिखा, "देश की दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है बांग्ला और असम में भी यह दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है.

क्रिप्टो युग शुरू, ट्रंप ने जीनियस अधिनियम पर किए हस्ताक्षर

# अमेरिका में क्रिप्टो को मिली कानूनी मान्यता

एजेंसी। वाशिंगटन

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक बदलाव हुआ. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में जीनियस अधिनियम पर हस्ताक्षर कर देश को आधिकारिक रूप से क्रिप्टोकरेंसी युग में प्रवेश करा दिया. यह अधिनियम अमेरिका का पहला प्रमुख संघीय क्रिप्टोकरेंसी कानून है, जिसे सीनेट ने पहले ही मंजूरी दे दी थी और गुरुवार को प्रतिनिधि सभा ने भी भारी बहुमत से पारित कर दिया. यह विधेयक मुख्य रूप से स्टेबलकॉइन—एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा—को वैधता और व्यापक पहुंच प्रदान करने पर केंद्रित है. इसके जरिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को इन कॉइन्स को जारी करने की अनुमति और सुविधा मिलेगी, जिससे डिजिटल वित्तीय प्रणाली में आम जनता का विश्वास और निवेश दोनों बढ़ेंगे.



राष्ट्रपति ट्रंप ने कानून पर हस्ताक्षर करते हुए कहा, "मैंने वादा किया था कि अमेरिका को दुनिया की क्रिप्टो राजधानी बनाऊंगा और आज वह वादा पूरा हुआ. उन्होंने इसे डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह कदम अमेरिका को तकनीकी और आर्थिक रूप से आगे ले जाएगा. एबीसी न्यूज के अनुसार, ट्रंप परिवार लंबे समय से क्रिप्टोकरेंसी का समर्थक रहा है. इसी वर्ष की शुरुआत में ट्रंप ने खुद का एक क्रिप्टो मीम कॉइन लॉन्च किया था, जो बाजार में काफी चर्चा में रहा. इसके अलावा, उनके परिवार से जुड़ी कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल ने हाल ही में एक स्टेबलकॉइन भी जारी किया है, जिससे राजनीतिक विवाद भी पैदा हो गए हैं. प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक को 308 बनाम 122 मतों से पारित किया गया. इसे द्विदलीय समर्थन मिला, हालांकि अधिकांश समर्थन रिपब्लिकन सांसदों से आया. प्रतिनिधि सभा की वित्तीय सेवा समिति के अध्यक्ष फ्रेंच हिल ने कहा, "हमने राष्ट्रपति ट्रंप की इच्छा का सम्मान करते हुए इस विधेयक को समय पर पारित किया." हालांकि डेमोक्रेट सांसद मैक्सिन वाटर्स ने इसकी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह कानून ट्रंप परिवार को लाभ पहुंचाने के लिए लाया गया है. उन्होंने कहा कि वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल में ट्रंप परिवार की 60 फीसदी हिस्सेदारी है, जिससे हितों का टकराव स्पष्ट होता है. इस पर व्हाइट हाउस ने स्पष्टीकरण दिया कि ट्रंप की संपत्तियों का नियंत्रण अब उनके बच्चों के पास है और सरकार का किसी निजी कंपनी से कोई संबंध नहीं है. क्रिप्टोकरेंसी समर्थकों ने जीनियस अधिनियम को एक ऐतिहासिक जीत बताया है. लंबे समय से क्रिप्टो को वैधता और कानूनी सुरक्षा दिलाने के लिए उद्योग जगत प्रयासरत था.

इस कानून से डिजिटल मुद्रा को वैध मान्यता मिल गई है, जिससे तकनीकी निवेश, रोजगार और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा. ट्रंप ने अपने भाषण में कहा, यह सिर्फ कानून नहीं है, यह आपकी मेहनत, तकनीकी भविष्य और आर्थिक स्वतंत्रता के लिए एक मजबूत नींव है. इस ऐतिहासिक पल को अमेरिका के डिजिटल वित्तीय इतिहास में एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है.

# 2027 में भारत बनेगा तीसरी आर्थिक शक्ति: अमित शाह

एजेंसियां । देहरादून

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2047 में विकसित भारत की कल्पना तब तक पूरी नहीं हो सकती, जब तक छोटे व पूर्वी राज्यों का विकास नहीं होता. यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छोटे और पूर्वी राज्यों के विकास को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं. अमित शाह ने घोषणा की कि 2027 में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 में जनसभा के दौरान यह कहा. उन्होंने कहा कि जब भी मैं उत्तराखंड आता हूं, एक नई ऊर्जा लेकर वापस जाता हूं क्योंकि उत्तराखंड में आते ही चारों धामों में निवासरत सारे देवी-देवताओ और आध्यात्म की अलख जगाने वाले संतों का आशीष प्राप्त हो जाता है. उन्होंने कहा कि एक ओर पर्वत की चोटियां पूरी दुनिया को आध्यात्म की ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करती हैं, वहीं



यहां निवासरत साधु संत भारत की संस्कृति को मजबूत करने का काम कर रहे हैं. यहां की नदियां आधे भारत को सिंचाई और पीने का पानी दे रही हैं. केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विशेष प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में निवेश और उद्योगों की स्थापना सरल कार्य है लेकिन छोटे से उत्तराखंड की जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में एक लाख करोड़ का उद्योगों पर निवेश के साथ ही 81 हजार से अधिक का रोजगार सृजित करवाना बेहद कठिन कार्य हैं और पुष्कर सिंह धामी व उनकी टीम ने अत्यंत कठिन कार्य पूरा किया. इसके लिए धामी और उनकी टीम को साधुवाद. कहा कि उत्तराखंड सरकार ने औद्योगिक विकास और पर्यावरण के बीच में संतुलन भी स्थापित किया है. रोजगार को स्थायित्व देने का काम किया है. नीतियों में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और दृष्टि में दूरदर्शिता के साथ ही उत्तराखंड के समग्र विकास का खांचा खींचा है. केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के संघर्ष के दौरान कांग्रेस ने उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर अत्याचार किए लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड को पृथक राज्य बनाने के साथ ही झारखंड व छत्तीसगढ़ को अलग राज्य घोषित किया. अटल विहारी वाजपेयी ने तीन राज्य बनाए और आज मोदी सरकार इन राज्यों को विकास की नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है. इस अवसर पर गृह मंत्री ने 5 योजनाओं का लोकार्पण व 13 योजनाओं का शिलान्यास भी किया.

### ब्रिटेन ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी पर लगाया प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटेन ने रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ की विदेशी सैन्य खुफिया एजेंसी जीआरयू पर गंभीर आरोप जड़ते हुए प्रतिबंध लगा दिया है. ब्रिटिश अधिकारियों ने शुक्रवार को जीआरयू और उसके 18 एजेंटों पर प्रतिबंध लगाने की पुष्टि की. अधिकारियों ने कहा कि यह प्रतिबंध ब्रिटेन और यूरोप में अराजकता और अव्यवस्था फैलाने की वजह से लगाए गए हैं.

### तेलुगु सिनेमा के अभिनेता फिश वेंकट का निधन

**हैदराबाद।** तेलुगु सिनेमा के मशहूर अभिनेता और कॉमेडियन फिश वेंकट का 53 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. उनके असमय जाने से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है. फिश वेंकट ने अपने करियर में अल्लू अर्जुन, पवन कल्याण जैसे बड़े सितारों के साथ काम कर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी. बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित थे और समय पर उचित इलाज न मिल पाने के कारण उनका निधन हो गया. उनके निधन से तेलुगु फिल्म जगत ने एक प्रतिभाशाली कलाकार को खो दिया है. तेलुगु अभिनेता और कॉमेडियन फिश वेंकट का निधन हैदराबाद के एक अस्पताल में किडनी फेल होने की वजह से हो गया. हाल ही में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. डॉक्टर्स ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते परिवार इस महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा सका.

## नशे की लत से मुक्त युवा बना सकते हैं विकसित भारत: डॉ. मनसुख मांडविया

**वाराणसी।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि भारत तभी विकसित राष्ट्र बन सकता है, जब युवा पीढ़ी नशे, मोबाइल और रील की लत से मुक्त हो. उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की आदतों से दूर रखना केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है. धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र के नेताओं को नशा विरोधी अभियान का हिस्सा बनना चाहिए. डॉ. मांडविया वाराणसी के सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में युवा मामले और खेल मंत्रालय और माई भारत मंच के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे. सम्मेलन का मुख्य विषय था — 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा'. सम्मेलन में



देशभर से 122 आध्यात्मिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के 600 से अधिक युवा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ₹नशा, युवाओं के सामने एक गंभीर खतरा बनकर उभर रहा है. यह न केवल उनके भविष्य को, बल्कि देश की प्रगति को भी अवरुद्ध करता है. हमें केवल कुछ शिविरों या सीमित अभियानों से संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके लिए एक जन आंदोलन खड़ा करना होगा.

### बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी का ढाका में शक्ति प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी ने आज राजधानी ढाका में रैली कर शक्ति प्रदर्शन किया. रैली में देशभर के विभिन्न हिस्सों से लगभग पांच लाख लोग बसों और रेलगाड़ियों से पहुंचे हैं. रैली में अंतरिम सरकार से आह्वान किया गया है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, तटस्थ और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए समान अवसर सुनिश्चित कराया जाए. यह रैली सुहरावर्दी उद्यान में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सुबह लगभग साढ़े नौ बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम से शुरू हुई. रैली अभी भी चल रही है. इस उद्यान में बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी की रैली का यह पहला चरण है. जमात अमीर शफीकुर्रहमान के संबोधन में बड़ी घोषणा हो सकती है.

## इतना सुंदर जन्मदिन तो मैंने दिल्ली में कभी नहीं मनाया शायद मुख्यमंत्री रूप में भी ना मना पाती : रेखा गुप्ता

**जींद।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अपने पैतृक गांव नंदगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में अपना 51वां जन्मदिन मनाया. उनका जन्म इसी गांव में 19 जलाई 1974 को हुआ था. इस खास मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इतना सुंदर जन्मदिन तो मैने दिल्ली में कभी नहीं मनाया और शायद मुख्यमंत्री रूप में भी ना मनाती. उन्होंने कहा कि दिल्ली मेरी कर्मभूमि है और हरियाणा मेरी जन्मभूमि है. मैं यह ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि अपनी कर्मभूमि के लिए भी मैं काम आ सकूं और अपनी जन्मभूमि के लिए भी अपना कर्तव्य निभा सकूं. रेखा गुप्ता ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधथे हुए कहा कि जिस दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुना के जल का आचमन किया और दिल्ली के उस व्यक्ति (केजरीवाल) ने अपशब्द बोले, उस दिन से उनकी उल्टी गंगा बहनी शुरू हुई. जनता ने कहा कि जब यमुना का सम्मान नहीं करते जब तुम्हें एहसास नहीं कि तुम किन शब्दों का उपयोग करते हो. जब तुम प्रधानमंत्री को कहते हो कि अगला जन्म लेना पड़ेगा, उस दिन दिल्ली की जनता ने यह तय कर लिया था कि अब नहीं. दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी है जो नायब सिंह सैनी जैसे साधारण परिवार से आने वाले बेटे को मुख्यमंत्री बनने का मौका देती है, एक साधारण सी बेटी को एक राज्य की मुख्यमंत्री बनने का मौका देती. मैं बता नहीं सकती कि यह मेरे लिए कितना सम्मान का क्षण है. प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक जीवन यात्रा हमें यह बताती है कि भारत आज बदल रहा है. एक बेटी हरियाणा के नंदगढ़ गांव में जन्म लेती है और देश की राजधानी दिल्ली की मुख्यमंत्री बन जाती है. यह न केवल महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है बल्कि देश को संदेश देता है कि भारत के अवसर वंशवाद से नहीं परीश्रम से तय होते हैं.

**कार्रवाई** अवैध धर्मांतरण के खिलाफ बड़ा एक्शन, छह राज्यों से 10 लोगों किया गया गिरफ्तार

# कम उम्र की लड़कियों का धर्म परिवर्तन किया जाता था

एजेंसी। लखनऊ

अवैध धर्मांतरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस का अभियान जारी है. हाल ही में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के गिरोह का पर्दाफाश हुआ है. इसी कड़ी में छांगुर की तरह ही एक और गैंग का आगरा पुलिस ने शनिवार का खुलासा किया है. गिरोह में शामिल दस लोग अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किये गए हैं. ये लोग प्रलोभन देकर कम उम्र की लड़कियों को फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन कराते थे. इस काम के लिए इन्हें विदेशों से फंडिंग हाती है.

लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के साथ पुलिस महानिदेशक



(डीजीपी) राजीव कृष्ण ने प्रेसावर्ता की. डीजीपी ने बताया कि पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में कार्य करते हुए पुलिस ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इनके नाम गोवा निवासी आयशा, पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी अली हसन, ओसामा, आगरा से रहमान कुरैशी, मुजफ्फरनगर निवासी अब्बू तालिब, उत्तराखंड के देहरादून निवासी अबुर रहमान, राजस्थान के जयपुर निवासी मोहम्मद अली, जुनैद कुरैशी, दिल्ली का मुस्तफा और जयपुर का मोहम्मद अली है. डीजीपी ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ में पता चला है कि ये विभिन्न राज्यों में रहने वाली कम उम्र की लड़कियों को प्रलोभन, लव जिहाद एवं अन्य तरीके से प्रभावित कर धर्मांतरण का कार्य करते थे. अतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के सिग्नेचर स्टाइल में अवैध धर्मांतरण का काम करने का यह ढंग है.

डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इस ग्रुप का संबंध पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) और पाकिस्तान आतंकी संगठनों से भी होने के संकेत मिले है. मामले की कार्रवाई में आगरा पुलिस के साथ एसटीएफ, एटीएस को भी लगाया गया है.

जरूरत पड़ने पर राज्यों और केंद्रीय जांच एजेंसी का भी सहयोग लिया जाएगा. आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि मार्च महीने में दो सगी बहनों की गुमशुदी थाना सदर बाजार में दर्ज की गई. पुलिस ने साइबर सेल की मदद ली. घटना की तह तक जाने पर पता चला कि कई प्रदेश में बैठे हुए ऐसे लोग जो लव जिहाद में संलिप्त थे, उनकी फंडिंग कनाडा और अमेरिका से हो रही थी. साक्ष्य जुटाने के बाद पश्चिम बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अभियान चलाकर उपरोक्त 10 लोगों को गिरफ्तार किया है.

पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस नेटवर्क में लव जिहाद के उपयोग के लिए इन लोगों को विदेश से प्राप्त धन और धर्म परिवर्तन के साक्ष्य मिले हैं. अभियुक्त अलग-अलग रोल निभाते थे, जिसमें फंड प्राप्त करना, फंड को चैनलाइज करना, सैफ हाउस देना, लीगल एडवाइस देना, प्रेम जाल में फंसाना, धर्म परिवर्तन के लिए सब्जबाग दिखाकर प्रेरिक करना, धर्म परिवर्तन के लिए कागज तैयार करना आदि चीजें शामिल है. उन्होंने बताया कि मामले की जांच चल रही हैं, जिसमें और बड़े खुलासे होंगे.

# प्रवासी भारतीयों के साथ मध्यप्रदेश का है मजबूत जुड़ाव: डॉ मोहन यादव

**बार्सिलोना।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में अब विकास और निवेश साथ-साथ चल रहे हैं.विदेश में बसे भारतीय केवल नागरिक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के संवाहक भी हैं. बार्सिलोना में भारतीयों का जो अपनापन दिखा, वह उन्हें उज्जैन की अनुभूति कराता है. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अब केवल संभावना नहीं, बल्कि निवेश का सशक्त मंच बन चुका है. राज्य सरकार ने नीति, प्रक्रिया और प्रोत्साहन के तीनों स्तरों पर गंभीर और प्रभावी सुधार किए हैं, जिससे निवेशकों को वास्तविक लाभ और विश्वास दोनों मिल रहे हैं.मुख्यमंत्री शुक्रवार देर शाम तीन दिवसीय स्पेन प्रवास के दौरान बार्सिलोना में प्रवासी भारतीयों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के बीच आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे. कहा कि भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां परंपरा और पर्वों की गरिमा बढ़ाते हैं. उन्होंने कहा कि यह केवल एक संवाद नहीं, बल्कि हृदय से हृदय का जुड़ाव है. सरकार निवेश को केवल आर्थिक लेन-देन नहीं मानती, बल्कि उसे भावनात्मक और दीर्घकालिक भागीदारी का माध्यम मानती है. कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक साख अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है. भारत एक मात्र ऐसा देश है जो 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रहा है. यह भारत की क्षमताओं और व्यवस्था की शक्ति का परिचायक है. मुख्यमंत्री ने कहा है कि बार्सिलोना में आप सभी का उत्साह देखकर लग रहा है कि मैं उज्जैन में हूं. काउंसल जनरल इनबासेकर सुंदरमूर्ति के प्रभावशाली भाषण ने दिखा दिया है कि स्पेन के प्रवासी भारतीय आज भी अपनी मिट्टी से जुड़े हुए हैं. ईश्वर ने भारतीयों को यश दिया है कि जहां चाहें उसे ही स्वर्ग बना देते हैं. महाकाल की नगरी उज्जैन का गौरवशाली इतिहास रहा है. भारतीयों को देखकर लोग होली-दिवाली मना लेते हैं. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतवंशियों की प्रतिष्ठा बढ़ी है. भारतीय, दूध में शक्कर की तरह घुल-मिल जाते हैं. ये देश है वीर जवानों का... भारतीय संस्कृति को दिखाता है. भारत वीरों का देश है.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)